✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 124 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 29 सितम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## सप्तम नवदुर्गा : माता कालरात्रि

**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।**
**वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।**



श्री दुर्गा का सप्तम रूप श्री कालरात्रि हैं। ये काल का नाश करने वाली हैं, इसलिए कालरात्रि कहलाती हैं। नवरात्रि के सप्तम दिन इनकी पूजा और अर्चना की जाती है। इस दिन साधक को अपना चित्त भानु चक्र (मध्य ललाट) में स्थिर कर साधना करनी चाहिए। संसार में कालो का नाश करने वाली देवी 'कालरात्री' ही है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा के उपरांत उसके सभी दुःख, संताप भगवती हर लेती है। दुश्मनों का नाश करती है तथा मनोवांछित फल प्रदान कर उपासक को संतुष्ट करती हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है।

### मुख्यमंत्री ने गोपालगंज को 1585 करोड़ व वैशाली को दी 745 करोड़ की सौगात

# सभी तबकों के उत्थान के लिए विकास का कार्य कर रही बिहार सरकार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को गोपालगंज जिले के सबेया एयर फील्ड परिसर से 1585.59 करोड़ रुपये की लागत की कुल 185 एवं वैशाली जिले के गोरौल स्थित डिग्री कालेज से 744 करोड़ 85 लाख रुपये लागत की कुल 331 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सतत जीविकोपार्जन योजना शुरू करने, स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने, विकास मित्रों का



परिवहन एवं स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुरू करने, किसान सलाहकारों का मासिक मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये करने, रसोइयों का मासिक मानदेय 1650 रुपये से बढ़ाकर 3300 रुपये करने, गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये करने, कलाकार पेंशन योजना के तहत कलाकारों को 3 हजार रुपये पेंशन देने, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने, लेखापाल सह आइटी सहायक का मानदेय 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने, सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री देने से लोगों को काफी राहत मिली है। इन फैसलों से हम सब की (शेष पृष्ठ 10 पर)

# हमेशा से क्रांतियों का केंद्र रहा बिहार : उपराष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि बिहार हमेशा से क्रांतियों का केंद्र रहा है। जब मैं 19 वर्ष का था तब जयप्रकाश नारायण की संचालित संपूर्ण क्रांति आंदोलन में मैंने भी हिस्सा लिया था। उपराष्ट्रपति रविवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित उन्मेषा इंटरनेशनल लिटरेचर फ़ेस्टिवल के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम उस पवित्र धरती पर खड़े हैं, जिसने सदियों से पूरे विश्व को प्रेरित किया है। बिहार माता सीता की जन्मभूमि है, जिन्होंने सदैव संघर्ष का मार्ग अपनाया। धैर्य और साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया। यही सीख हमें भी आगे बढ़ने की शक्ति देती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बिहार की छठ पूजा एक अनोखा पर्व है जहां डूबते सूर्य की भी पूजा की जाती है। यह हमारी संस्कृति की विशिष्टता है जो बताती है कि हम केवल उगते सूर्य ही नहीं, बल्कि अस्त होते सूर्य का भी सम्मान करना जानते हैं। मैं एक बार यूरोप में था तब मेरे एक मित्र ने पूछा कि आपके देश में इतनी भाषाएं होते हुए



भी आप सब एक साथ कैसे रहते हैं? मैंने उत्तर दिया- हमारा धर्म एक है, यही हमें जोड़कर रखता है। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पटना कार्यक्रम के बाद उपराष्ट्रपति मुजफ्फरपुर पहुंचे जहां उन्होंने कटरा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक मां चामुंडा मंदिर में विधि-विधान से माता की पूजन-अर्चन की और देश में सुख-समृद्धि की कामना की।

# केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे पर अब सरगरमी बढ़ने लगी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवरात्र के बाद एनडीए में सीट शेयरिंग का एलान की करने घोषणा की है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रभारी बनने के बाद धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। श्री प्रधान के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद थे। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री अमित शाह से नीतीश कुमार ने मुलाकात की थी। जदयू-भाजपा के नेताओं ने तब कहा था कि सीट बंटवारे का काम सब कुछ बेहतर ढंग से हो जाएगा। ऐसे में धर्मेन्द्र प्रधान और नीतीश कुमार की मुलाकात से सीट बंटवारे की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। श्री प्रधान के बिहार चुनाव प्रभारी बनाए जाने के बाद से ही यह चर्चा शुरू हो गई थी कि अब जल्द ही सीट का बंटवारा हो जाएगा। धर्मेन्द्र प्रधान का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भी अच्छा संबंध है।



# चुनाव आयोग का दो दिवसीय बिहार दौरा 4 अक्टूबर से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 4 अक्टूबर से चुनावी राज्य बिहार के दो दिवसीय दौरे पर जाएगा। इस दौरे के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करेगा। गौरतलब है कि किसी भी विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का एक प्रतिनिधिमंडल संबंधित राज्य का दौरा करता है। अपने दौरे के दौरान वे आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों का आकलन करते हैं। वे संबंधित अधिकारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के निर्देश भी देते हैं। बता दें कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त होने वाला है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त सहित चुनाव आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 4 और 5 अक्टूबर, 2025 को बिहार का दौरा करने की योजना बना रहा है। इस दौरान वे आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों (सामान्य, पुलिस और व्यय) की एक संक्षिप्त बैठक भी 3 अक्टूबर को द्वारका में आयोजित होने वाली है। संभावना है कि चुनाव आयोग के प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद बिहार विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

# बिहार को मिलेगी तीन नई अमृत भारत ट्रेन की नई सौगात

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दिखायेंगे हरी झंडी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को आधुनिक रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना जं. से 07 ट्रेनों की सौगात बिहार को देंगे, जिनमें 03 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। इन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के समीप चर्लपल्ली के मध्य, दरभंगा से अजमेर के समीप मदार जं. के मध्य तथा छपरा से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य शामिल है। कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। मध्यम वर्ग और आम लोगों की लोकप्रिय ट्रेन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना लेने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस की 12 सेवाएं अभी देश भर में चल रही हैं जिनमें 10 ट्रेन बिहार से चलती हैं। तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत हो जाने के बाद इस श्रेणी की रेलगाड़ियां की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी जिसमें 13 ट्रेनों का परिचालन बिहार से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार वासियों के लिए यह बड़ी सौगात है। रेल सेवाओं में आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना-बक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर तथा शेखपुरा-बरबीघा के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन के चालू हो जाने से बरबीघा-अस्थावां-बिहार शरीफ रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन का इस क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना पूरा हो जाएगा। (विस्तृत रपट पेज 12 पर)

# भाजपा ने की 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा जोर-शोर से तैयारी में लगी है। भाजपा के बड़े नेता लगातार बिहार के दौरे पर आ रहे है। वहीं अब पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान समिति की घोषणा कर दी है। भाजपा ने कुल 45 नेताओं को बिहार चुनाव समिति में शामिल किया है। इसमें बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल का नाम पहले नंबर पर रखा है। इसके बाद दूसरे और तीसरे नंबर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को रखा गया है। बिहार चुनाव अभियान समिति 2025 में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के अलावा नित्यानंद राय, राधा मोहन सिंह, मंगल पाण्डेय, डॉ. संजय जायसवाल, गोपाल नारायण सिंह, रविशंकर प्रसाद, अश्विनी कुमार चौबे, राजीव प्रताप रूड़ी, सतीश चन्द्र दुबे और राजभूषण निषाद को रखा गया है। इसके अलावा डॉ प्रेम कुमार, रेणु देवी, जनक राम, हरि सहनी, ऋतुराज सिन्हा, सैयद शाहनवाज हुसैन, रमा देवी, प्रदीप कुमार सिंह जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, गोपालजी ठाकुर और अशोक यादव (शेष पृष्ठ 10 पर)




# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से हर खेत को मिल रहा पानी

## ड्रिप सिंचाई के लिए 90 फीसदी एवं स्प्रिंकलर के लिए 75 फीसदी तक मिल रहा अनुदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) से बेहतर सिंचाई के साथ ही जल संरक्षण भी हो रहा है। इसके लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से किसानों को बड़ा अनुदान दे रही है। सूक्ष्म सिंचाई एक उन्नत सिंचाई प्रणाली है जिसके माध्यम से पौधे की जड़ों में विशेष रूप से निर्मित प्लास्टिक पाइपों के माध्यम से कम समय अन्तराल पर पानी दिया जाता है। इससे पारंपरिक सिंचाई की तुलना में 60 प्रतिशत कम जल की खपत होती है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) में ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई एवं रेनगन सिंचाई पद्धति का उपयोग किया जाता है। इस प्रणाली को अपनाकर किसान 25 से 30 प्रतिशत उर्वरक की बचत कर सकते हैं। इस सिंचाई प्रणाली से फसल की उत्पादकता में 40 से 50 प्रतिशत की वृद्धि तथा उत्पाद की गुणवत्ता उच्च होती है। साथ ही इससे खरपतवार के जमाव में 60 से 70 प्रतिशत की कमी होती है।

बिहार में सिंचाई से आच्छादित कुल क्षेत्र के लगभग 0.5 प्रतिशत क्षेत्र में इस आधुनिक सिंचाई प्रणाली का इस्तेमाल हो रहा है। कृषि रोड मैप 2017-22 में इस प्रणाली को कम से कम कुल आच्छादित क्षेत्र के लगभग 2 प्रतिशत क्षेत्रों में प्रतिस्थापित किये जाने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत किसानों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉप-अप प्रदान करते हुए सभी श्रेणी के किसानों को ड्रिप अंतर्गत 90 प्रतिशत एवं स्प्रिंकलर अन्तर्गत 75 प्रतिशत सहायता अनुदान देने का प्रावधान है। बिहार में किसानों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉप-अप भी दिया जाता है। सभी श्रेणी के किसानों को ड्रिप अंतर्गत 70 प्रतिशत (वृहद किसान) से 80 (लघु एवं सीमांत किसान) प्रतिशत एवं स्प्रिंकलर अन्तर्गत 45 प्रतिशत (वृहद किसान) से 55 प्रतिशत (लघु एवं सीमांत किसान) सहायता अनुदान मिलता है। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में सुधार करना और कुशल जल प्रबंधन के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

### विश्व हृदय दिवस पर पारस एचएमआरआई ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** विश्व हृदय दिवस के मौके पर पारस एचएमआरआई अस्पताल की ओर से राजधानी पटना सहित कई स्थानों पर निःशुल्क ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत कुल 2207 लोगों की जांच की गई जिनमें से 534 लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। जांच शिविर पटना के एसबीआई एलएचओ, सिविल कोर्ट, पावरग्रिड, एसके पुरी पार्क (बोरिंग रोड), शिवाजी पार्क (कंकड़बाग), लोहिया पार्क (कंकड़बाग), पटना जू (गेट नंबर 2), सीआईडी पार्क पटना और पूर्णिया सिटी में आयोजित किए गए।

पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में उच्च रक्तचाप सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। यह एक मौन खतरा है, जो समय रहते जांच और इलाज न करने पर गंभीर हृदय रोग का कारण बन सकता है।

# डॉ. दिलीप जायसवाल ने नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के प्रेरक प्रसंगों को सुना। इस दौरान लोकआस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के प्रयास की चर्चा के दौरान लोगों ने तालियां बजाकर केंद्र सरकार के इस पहल की तारीफ की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, सांसद रविशंकर प्रसाद, राधामोहन सिंह, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, शलभ मणी त्रिपाठी, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, झारखंड कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय सहित कई मंत्री भी शामिल रहे। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनके मन की बात को देश और दुनिया के लोग सुनते हैं जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के प्रयास की चर्चा की, यह बिहार के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने लोकआस्था के महापर्व छठ को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाने के प्रयास के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन, आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रयास करोड़ों बिहारियों के लिए गर्व की बात है। यह प्रयास नए भारत के संकल्पों को स्वर देता है।

## स्वच्छता जागरूकता को लेकर स्टेशनों पर चला युवा शक्ति को जोड़ने का विशेष अभियान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों के शौचालय में साफ-सफाई एवं उससे संबंधित जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दानापुर मंडल के पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग के द्वारा आज दानापुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यूथ कनेक्ट के माध्यम से आमजनों एवं यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पटना साहिब स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम के द्वारा श्रमदान कार्यक्रम, पाटलिपुत्र स्टेशन पर पीपल डेस्क एनजीओ एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व राजेंद्रनगर टर्मिनल स्टेशन पर चाइल्ड डेस्क एनजीओ एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से यूथ कनेक्ट कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही साथ दानापुर मंडल के सभी स्टेशनों पर शौचालयों की सघन सफाई एक विशेष अभियान के तहत कराया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, पटना एवं एआइसी-बीभी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एकीकरण विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दूसरे दिन विविध सत्रों में शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम सत्र में ऑनलाइन पैनल चर्चा आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ. राणा अवधेश (सचिव, बिहार विद्यापीठ) ने की। इसमें नुपुर निशीथ (संस्थापक एवं सीइओ, क्रिएटिव मिथिला, अमेरिका) ने मिथिला पेंटिंग और ग्लोबलाइजेशन पर विचार साझा किए। डॉ. विकास कुमार (अमेरिका) ने एआई और आइकेएस विषय पर व्याख्यान दिया, वहीं ब्रिटेन से शोधार्थी ज्योति कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना पर प्रस्तुति दी। शैक्षणिक नवाचारों के माध्यम से शिक्षा की पुनर्कल्पना विषय पर पैनल चर्चा में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, एनयूईपीए के डॉ. सुधांशु भूषण, एनसीइआरटी की डॉ. उषा शर्मा तथा अमेरिका से लेखक एवं पत्रकार डॉ. शरद मोहन शामिल हुए। इसके अतिरिक्त श्री स्नेहाशीष की अध्यक्षता में कहानी-वाचन और मौखिक परंपरा के एकीकरण पर विचार-विमर्श हुआ। शोधपत्र सत्र में योग, आयुर्वेद और शिल्पकला का शिक्षाशास्त्र पर प्रस्तुतियां हुईं। डॉ. अनिल के. प्रसाद (लीबिया) ने महाकाव्य और लोक परंपरा को शैक्षिक उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया। डॉ. मृदुला प्रकाश ने मिथिला पेंटिंग को शिक्षाशास्त्र के रूप में समझाया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में सुश्री यामिनी ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं स्वाति शिल्पी ने अतीत और वर्तमान को जोड़ने वाले शिक्षण कार्यकलाप पर विचार रखे और अतिया परवीन ने समावेशी शिक्षा में आइकेएस के प्रयोग पर शोधपत्र पढ़ा। भारतीय परंपरा में उद्यमिता और नवाचार विषयक सत्र में प्रमोद कर्ण और राजेश कुमार ने जुगाड़ और किफायती नवाचार पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। डॉ. सुरभि सोनम ने डिजाइन थिंकिंग आधारित शिक्षण कार्यों पर प्रस्तुति दी।

## बिहार में निवेश की अनंत संभावनाएं मौजूद : चिराग पासवान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में निवेश की अनंत संभावनाएं मौजूद है। बिहार एक ऐसा राज्य है जिसे अवसर मिले तो इसे देश का नंबर 1 राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन बिहार स्टेट पवेलियन की ओर से बिहार सरकार द्वारा फूड प्रसंस्करण के क्षेत्र में बिहार में संभावनाओं पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निवेशकों के मन में 90 के दशक में निवेश को लेकर जो धारणाएं बनी थी उसे केंद्र एवं राज्य के डबल इंजन की सरकार ने धारणाएं को बदलने में सफलता पाई है एवं आज बिहार निवेशकों के लिए सबसे आदर्श एवं अनंत संभावनाओं वाला राज्य के रूप में उभर कर सामने आया है। चिराग पासवान ने कहा कि निवेश के लिए बिहार में जरूरी सभी सुविधाएं किसी भी राज्य से बेहतर है। रोड कनेक्टिविटी, पावर सप्लाई एवं वॉटर मैनेजमेंट की बिहार में शानदार सुविधाएं मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार बनी सरकार राज्य के अनुभवी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर बिहार के विकास को नई दिशा दे रहे हैं।

# अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह आज शक्तिधाम स्थित अग्रसेन भवन में बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ जिसका उद्घाटन गंगा प्रसाद (पूर्व राज्यपाल, सिक्किम एवं मेघालय), नितिन नवीन (मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार), अमर अग्रवाल, पी.के. अग्रवाल, डॉ. गीता जैन, अक्षय अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद ने कहा कि महाराजा अग्रसेन प्राचीन भारत के महान समाज सुधारक एवं अग्रवाल समाज के आदिपुरुष माने जाते हैं। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित कर 'एक ईंट और एक रुपया' की अनूठी परंपरा की शुरुआत की थी जिसके अंतर्गत हर परिवार किसी नए परिवार को बसाने में सहयोग करता था। मौके पर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा महाराज अग्रसेन न्यायप्रिय, दयालु और परोपकारी शासक के रूप में विख्यात हुए। उनका जीवन सिद्धांत संपन्नता के साथ समाज सेवा था, जो आज भी अग्रवाल समाज सहित पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि समारोह के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 5 व्यक्तियों को 'समाज रत्न सम्मान' प्रदान किया गया। साथ ही वर्ष भर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों में सेवा देने वाले चिकित्सकों तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## दशहरा को लेकर फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारी शरीफ।** दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को फुलवारी शरीफ थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह, थानाध्यक्ष गुलाम शाहबाज आलम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च फुलवारी शरीफ थाना से शुरू होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गों से गुजरा इसमें पटना-खगोल्ड रोड, अनिसाबाद-पटना रोड, जयपुर-फुलवारी मार्ग, इसापुर रोड और फुलवारी मिशन रोड समेत कई महत्वपूर्ण इलाकों को कवर किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दशहरा के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्ती और निगरानी की जाएगी। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का माहौल बनाना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है।

# शारदीय नवरात्र में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में खुला मां दुर्गा पट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रविवार को आश्विन षष्ठी तिथि को बेल वृक्ष पर मां दुर्गा का आवाहन कर दुर्गा दरबार का पट खोला गया। इस संबंध में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रो. डॉ रणबीर नंदन ने बताया कि आज से आरती के पश्चात मां दुर्गा परिवार को पूजन विधिवत प्रारंभ हो जायेगा। प्रो. नंदन ने बताया कि सप्तमी तिथि से नवमी पयंत नित पूजन, पुष्पांजली, एवं भोग प्रसाद अर्पण किया जायेगा जो आमजन के लिए सुलभ होगा। प्रो. नंदन ने बताया कि शारदीय नवरात्र पूजा यहां बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। यहां स्थापित पंचमुखी हनुमान, शंकर भगवान, भगवान राम दरबार, चित्रगुप्त भगवान, माता दक्षिण काली की पूजा विस्तृत रूप से नवरात्र में संपन्न की जायेगी। प्रो. नंदन ने पटना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी परिसर में आयें और मां दुर्गा का दर्शन कर भोग प्रसाद प्राप्त करें। इस मौके पर नम्रता नंदन, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पुजारी मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूना बाबा, सत्यप्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, राकेश रंजन झा, अभिषेक सिन्हा, राजू चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद थे।

## पंचायती राज मंत्रालय 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान की करेगा शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय 2 अक्टूबर 2025 से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जन योजना अभियान 2025-26: 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान शुरू करेगा जिससे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी की प्रक्रिया शुरू होगी। 2018 में अपनी शुरुआत के बाद से जन योजना अभियान ने पंचायतों को विशेष ग्राम सभा बैठकों के माध्यम से साक्ष्य-आधारित, केंद्राभिमुख और समावेशी पीडीपी तैयार करने के योग्य बनाया जो स्थानीय प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं और राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। यह अभ्यास सहभागितापूर्ण योजना निर्माण को और अधिक गहराई प्रदान करता है और देश भर में जमीनी स्तर की संस्थाओं को और मजबूत बनाने में मदद करता है। ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 से अब तक 18.13 लाख से अधिक पंचायत विकास योजनाएं अपलोड की जा चुकी हैं जिनमें ग्राम पंचायत विकास योजनाएं, ब्लॉक पंचायत विकास योजनाएं (बीपीडीपी) और जिला पंचायत विकास योजनाएं शामिल हैं, इनमें से 2.52 लाख से अधिक योजनाएं वित्त वर्ष 2025ऽ26 के लिए चल रहे वर्तमान अभ्यास से संबंधित हैं।

# अनुप्रिया ज्वेलरी और एसए वॉरियर डांस स्टूडियो ने किया गरबा नाइट




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अनुप्रिया ज्वेलरी और एसए वॉरियर डांस स्टूडियो की तरफ से शानदार गरबा नाइट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पटना की विभिन्न स्थानों से आई हुई महिलाएं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर पूरे उत्साह से भाग लिया। इस डांडिया नाइट्स की आयोजक अनुप्रिया श्रीवास्तव और अभिषेक स्काइपी हैं। कार्यक्रम का आयोजन द एआरएल होटल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसए वॉरियर डांस स्टूडियो के बच्चों के द्वारा श्रीगणेश वंदना और माता दुर्गा की आरती के साथ हुआ। डीजे डांस मस्ती के साथ कई तरफ के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाते हुए सभी में पूरे उत्साह के साथ इस सेलिब्रेशन का पूरे परिवार के साथ आनंद लिया। मुख्य अतिथि चाइल्ड आर्टिस्ट आराध्या गुप्ता (मिस्टी) ने भी अपने डांस से सबका मन मोह लिया। मनीष, अमित, सुमित, अंशु, शशि और मनोज इन लोगों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत बड़ा योगदान रहा। अनुप्रिया श्रीवास्तव जो अनुप्रिया श्रीवास्तव की डायरेक्टर हैं ने कहा कि पिछले कई सालों से हमलोग गरबा नाइट्स का आयोजन कर रहे हैं। इस प्रोग्राम का सबसे बड़ा मकसद यह है कि हमारी लेडिस लोगों को एक ऐसा टाइम मिले जिसमें वो अपने परिवार के साथ खुद को रिफ्रेश कर पाएं। एसए वॉरियर डांस स्टूडियो के डायरेक्टर अभिषेक स्काइपी ने कहा कि हमारे डांस एकेडमी के बच्चों ने लाइफ डांस परफॉर्मेंस किया और सबका दिल जीता। आयोजकों ने गरबा नाइट्स 2025 के शानदार सफलता के लिए सभी मेहमानों और सभी पार्टिसिपेंट्स का आभार व्यक्त किया।

## शक्ति और भक्ति के पावन पर्व पर बच्चियां नवदुर्गा के रूप में दिखी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन बच्चियों को जो नवदुर्गा माता की स्वरूप है उन सभी बच्चियों को ऐधना फाउंडेशन के कार्यस्थल पर उन सभी को धार्मिक पुस्तक 'सचित्र रामकथा' वितरित की गई। ताकि उनमें आध्यात्मिकता और संस्कृति के प्रति गहरा जुड़ाव हो। साथ ही इस अवसर पर ऐधना फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेम कुमार को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित भी किया गया।

# पशुपालन निदेशालय के वेटरनरी सर्जन और पदाधिकारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रसार शिक्षा निदेशालय और पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वेटरनरी सर्जन एवं पदाधिकारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण श्रृंखला का अंतिम चरण शुक्रवार को पशुचिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। इस पूरी श्रृंखला में राज्य के 50 पशु चिकित्सकों और वेटरनरी पदाधिकारियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सह रिफ्रेशर कोर्स प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा प्रायोजित था। समापन सत्र में प्रसार शिक्षा निदेशक, डॉ. एस. एन. दहिया ने कहा कि पशु चिकित्सकों की भूमिका केवल क्लिनिकल सेवाएं देने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्हें किसानों और पशुपालकों तक आधुनिक ज्ञान और तकनीक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होंने समेकित कृषि-पशुपालन प्रणाली को बढ़ावा देने पर बल दिया और कहा कि उन्नत बीज तथा उन्नत नस्ल के पशु किसानों की आधी चिंताओं का समाधान कर सकते हैं।

डॉ. दहिया ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे ब्रीड डेवलपमेंट कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए गांव-गांव तक नस्ल सुधार की उपयोगिता को बताने की अपील की। उन्होंने साहिवाल नस्ल की गाय के पालन पर जोर देते हुए कहा कि राज्य के पशुपालक यदि बेहतर प्रजातियों को अपनाएं तो पलायन की समस्या भी काफी हद तक कम हो सकती है। उन्होंने प्रशिक्षण के सफल संचालन के लिए समन्वयक टीम–डॉ. मोईन अंसारी, डॉ. शय्मा के.पी, डॉ. वाई. एस. जादौन, डॉ. मृतुंजय कुमार, डॉ. सरोज कुमार और डॉ. पुष्पेन्द्र–की सराहना की। यह रिफ्रेशर कोर्स पशु चिकित्सकों की तकनीकी दक्षता और ज्ञान को मजबूत करेगा, ताकि वे राज्यभर के पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं और परामर्श उपलब्ध करा सकें।

# अमृत भारत ट्रेनों एवं अमृत भारत स्टेशनों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दानापुर।** दानापुर मंडल सांस्कृतिक संघ के कलाकारों ने दानापुर रेलवे स्टेशन पर अमृत काल नुक्कड़ नाटक का शानदार प्रदर्शन किया। इस नाटक के माध्यम से वर्तमान में देश में चल रहे अमृत काल के उद्देश्यों एवं गतिविधियों को विस्तार पूर्वक दर्शाया गया। नाटक में विशेष रूप से अमृत भारत ट्रेनों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उनकी खूबियां बताई गईं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर हो रहे आधुनिक बदलावों को नाटक में कलाकारों ने बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया। आधुनिक सुविधाओं से लैस सुसज्जित रेलवे स्टेशन समुचित रौशनी व्यवस्था, बेहतर साफ-सफाई, व्यवस्थित पार्किंग, स्टेशन पर मानक संकेत चिन्हों के माध्यम से सूचनाएं, स्वचालित सीढ़ियां, दिव्यांग जनों के लिए विशेष सुविधाएं आदि को नाटक में दिखाया गया। अमृत भारत ट्रेन की खूबियों को दर्शाते हुए यह दिखाया गया कि ट्रेन के भीतर बेहतर साफ-सफाई, आधुनिक बाथरूम, बेहतर सीट, सूचनाओं के लिए डिस्प्ले बोर्ड आदि के साथ सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। नाटक में गीत संगीत का बेहतर इस्तेमाल किया गया था, जो नाटक को गति प्रदान कर रहे थे। विदित हो कि दानापुर रेलमंडल के कलाकारों द्वारा बीते मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को भी विभिन्न रेलवे स्टेशनों यथा राजेंद्रनगर, दानापुर एवं पाटलिपुत्र में गीत एवं संगीत के कार्यक्रम को अपने सुरों के सरगम से गुलजार किया था। वही शुक्रवार एवं शनिवार को बक्सर एवं आरा तथा आज रविवार को दानापुर में नाटक अमृत मंथन का प्रदर्शन किया गया। उदय कुमार द्वारा लिखित एवं अरुण कुमार द्वारा निर्देशित इस नाटक में संतोष कुमार शर्मा, रंजन कुमार सिंह, अभय सौरभ, रूबी कुमारी, चंदन कुमार शर्मा, राकेश कुमार, अरुण कुमार के साथ शिव कुमार पासवान, गोपाल चंद्र वर्मा, संगीत में बबलू कुमार, नाल ढोलक पर विनोद कुमार और विजय कुमार शामिल रहें। नाटक को बड़ी संख्या में यात्रियों ने देखा और मंडल के द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना की।

# खेल प्रतियोगिता में 7700 खिलाड़ियों का होगा संगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025-26 के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 6 से 10 अक्टूबर 2025 तक न्यू स्टेडियम, फजलगंज, सासाराम में किया जाएगा। इसमें कुल 18 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी जिन्हें तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। अब तक जिले के 473 विद्यालयों से लगभग 7700 खिलाड़ियों का पंजीकरण किया जा चुका है। बैठक में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी अमृता ओशो, सिविल सर्जन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी आशीष रंजन, नगर आयुक्त सासाराम, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय, प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी एवं कार्यपालक अभियंता आरसीडी कोचस उपस्थित रहे। नेहा कुमारी, वरीय उप समाहर्ता-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को निदेश दिया गया कि वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास विनय प्रताप से समन्वय स्थापित कर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित प्रचार-प्रसार किया जाय। बैठक में प्रभात कुमार पाठक, नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, जय शंकर कुमार, प्रेम प्रकाश कुमार, विकास तिवारी सहित कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे। बैठक में प्रतियोगिता की सफल व्यवस्था हेतु विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मैदान की साफ-सफाई का कार्य नगर निगम सासाराम को सौंपा गया। प्रतियोगिता के दौरान दो एम्बुलेंस की व्यवस्था सिविल सर्जन द्वारा की जाएगी। पानी एटीएम और चलंत शौचालय की सुविधा पीएचईडी विभाग उपलब्ध कराएगा। मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा तथा आरसीडी कोचस द्वारा किया जाएगा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को दी गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्य समय पर पूरा करें ताकि प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो और जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में विजयादशमी उत्सव

## हिन्दू समाज को एकजुटता की भावना से आगे बढ़ना होगा : रामनवमी प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव धूमधाम से आयोजित हुआ। इस अवसर पर बिहार-झारखंड के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद ने कहा कि जात-पात, ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी के भेदभाव को भूलकर हिन्दू समाज को आपसी भाईचारा और एकजुटता की भावना से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक हिन्दू समाज संगठित नहीं होगा, तब तक राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करने के लक्ष्य से दूर रहेगा। रामनवमी प्रसाद ने आरोप लगाया कि भोला-भाला हिन्दू समाज, तथाकथित सेक्युलर तत्वों और विदेशी ताकतों की साजिश का शिकार होकर प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्वयंसेवकों और नागरिकों से आह्वान किया कि वे केवल 'हिन्दू हैं' की भावना से कार्य करें और डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित हों। उन्होंने कहा कि भारत को आज बाहर से ज्यादा खतरा भीतर की ताकतों से है और इससे निपटने में स्वयंसेवकों की भूमिका अहम है। इस मौके पर रोहतास विभाग के प्रचारक विजेंद्र कुमार, विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह, राष्ट्रीय मेडिकल ऑर्गनाइजेशन के सदस्य गण, संघ के धीरेंद्र तिवारी, रामाशंकर प्रसाद, डॉक्टर मयंक राय, रोहित कुमार सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर भारत को नई उड़ान, सेवा पर्व पर स्थानीय उत्पादों का जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में सेवा पर्व के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल की भावना को नई दिशा देने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग केन्द्र रोहतास ने एक अनोखी पहल की है। इस अवसर पर जिले के तीन प्रमुख स्थानों ताराचण्डी, समाहरणालय और आदित्य विजन के समीप पर विशेष स्टॉलों का आयोजन किया गया है जहां खादी ग्रामोद्योग और स्थानीय उद्यमियों द्वारा आकर्षक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। इन स्टॉलों की सबसे खास बात यह है कि इन्हें आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को साकार करने वाले अनोखे सजावट थीम से सजाया गया है। यहां प्रदर्शित हर उत्पाद न केवल स्थानीय हुनर और परंपरा की झलक दिखाता है, बल्कि खादी वस्त्र, पारंपरिक परिधान, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोगी वस्तुएं, खाद्य पदार्थ और कई नवाचारी उत्पादों ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। ग्राहकों को आकर्षित करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन ने सभी खादी उत्पादों पर 50% की विशेष छूट की घोषणा की है। इस कदम ने न केवल लोगों की खरीदारी को उत्साहपूर्ण बना दिया बल्कि छोटे कारीगरों को आर्थिक संबल देने का भी अवसर प्रदान किया। सेवा पर्व पर रोहतास का यह आयोजन न केवल एक प्रदर्शनी भर है बल्कि यह संदेश भी देता है कि यदि हम सब मिलकर स्थानीय उद्योगों को सहयोग दें तो आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होना कोई दूर की बात नहीं। यह पहल स्थानीय रोजगार को मजबूत करने, परंपरागत कला को पुनर्जीवित करने और समाज में आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोहतास का यह प्रयास न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए एक प्रेरक मिसाल है जहां उत्सव सिर्फ आनंद का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई सुबह का संदेश लेकर आता है।

# नीतीश कुमार ने बदल दी बिहार की तस्वीर : डॉ. निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जेडीयू नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सासाराम विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, वे मिसाल बन चुके हैं। डॉ. कुशवाहा सासाराम विधानसभा क्षेत्र के जमुहारा, सनौरा, तिलौथू बाबूगंज सरैया, पंडरिया, रमडिहरा, चितौली, रणजीत गंज, इन्द्रपुरी, रोपहथा, बरवाडीह, भीसड़ा सहित कई गांव में जाकर जनसंवाद किया तथा मुख्यमंत्री के विकास कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है। आज बिहार की गलियां पक्की सड़कों से जुड़ चुकी हैं, हर घर में बिजली की रोशनी है और बच्चों को बेहतर शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर नीतीश कुमार की विशेष पहल ने समाज को नई दिशा दी है। शराबबंदी, साइकिल योजना और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं ने आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि आने वाले समय में सासाराम विधानसभा में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी। ताकि यहां के लोग बिहार के स्वर्णिम भविष्य में अपनी सशक्त भागीदारी निभा सकें। इस मौके पर जदयू नेता गुड्डू पटेल, मुन्ना कुशवाहा, संतोष सिंह कुशवाहा, रितेश कुमार, तिलौथू प्रखंड के बीस सूत्री सदस्य रामनाथ कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सासाराम विधानसभा क्षेत्र से डा. निर्मल कुशवाहा बने लोगों की पहली पसंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने डॉ निर्मल कुशवाहा को सासाराम विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने की मांग की। सासाराम विधानसभा क्षेत्र के जदयू सचिव अनुज चौधरी, संतोष कुशवाहा, मंटू सिंह, तेज नारायण पासवान, कमलेश कुमार, गुड्डू पटेल सहित कई लोगों ने कहा कि यदि जनता दल यूनाइटेड से डाक्टर कुशवाहा को पार्टी टिकट देती है तो एनडीए की जीत सुनिश्चित होकर रहेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया शताब्दी वर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया शताब्दी वर्ष रविवार को हरिहरगंज वार्ड नंबर 14 बाल्मीकि नगर तथा जानकी नगर दोनों स्थानों पर मिलकर शस्त्र पूजन का तथा संघ का शताब्दी वर्ष पूरे हर्ष के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के खंड कार्यवाह अविनाश कुमार बबलू ने कहा संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को नागपुर में हुआ था जो आज 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं आज आरएसएस ने कई दर्जन संगठन खड़ा किए हैं आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। आज विजयादशमी के शुभ अवसर पर संघ ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया है कि पंच परिवर्तन समाज में लाना होगा। पंच परिवर्तन का अर्थ है सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, मूल नागरिक कर्तव्य, देश को शक्तिशाली बनाना है तो हर भारतीयों को पंच परिवर्तन के मार्ग पर चलना होगा। इस मौके पर जिला कार्यवाह संतोष कुमार, अजय पंडित, रमेश कुमार, अवधेश कुमार, विष्णु भगवान, गांधी कुमार, कविता प्रसाद, मुकुल प्रसाद, नमन कुमार, जयप्रकाश लालबाबू, आयुष कुमार, मनोज पासवान, विपुल कुमार सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# रामकृष्ण आश्रम का पट खुला, शहर के अन्य पंडालों का पट खुलेगा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पाली स्थित रामकृष्ण आश्रम व डालमियानगर बंगाली क्लब में स्थापित मां दुर्गा के पंडाल का पट षष्टि रविवार को खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। या देवी सर्वभूतेषु ....और देवी के गीत गुंजायमान हुआ। शहर व ग्रामीण इलाकों के पूजा पंडालों के पट सोमवार शाम सप्तमी के दिन विधि विधान पूर्वक खुलेंगे। पाली रोड स्थित रामकृष्ण आश्रम में पिछले आठ दशक से शारदीय नवरात्र पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। आश्रम के अध्यक्ष प्रदीप दास के अनुसार आज कल्पारम्भ षष्टि पूजा देवी को आमंत्रण व अधिवास के साथ मां के पंडाल का पट लोगों के दर्शनार्थ खोल दिये गए। उन्होंने बताया कि सोमवार को नववर्ष पत्रिका प्रवेश, स्थापना व सप्तमी पूजा, 30 सितंबर को देवी का आह्वान 30 सितंबर को महाअष्ठमी व संधी पूजा व बलिदान 1 अक्टूबर को महानवमी पूजा, 2 अक्टूबर दशमी पूजा प्रारम्भ व अपराजिता पूजन उपरांत विसर्जन किया जायेगा। सप्तमी से नवमी तक प्रतिदिन भोग का वितरण दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। पूजन में कार्तिक मजूमदार, गोपाल चक्रवर्ती, अमर भटाचार्य, डॉ पंकज कुमार दास, धीरज कुमार दास आदि पूजा में सहयोग कर रहे हैं। शहर के अन्य पूजा पंडाल सोमवार को खुलेंगे। पूजा कमिटियां पंडालों को अंतिम रूप देने में लगी है।

**नप क्षेत्र में तीन दर्जन प्रतिमाएं स्थापित**

डिहरी डालमियानगर परिषद क्षेत्र के तीन दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। पाली स्थित काली कला मंदिर स्टेशन रोड स्थित युवा किंग क्लब नटराज कला परिषद नगर परिषद, राजपूतान मोहल्ला कालीस्थान, पानी टंकी, न्यू डिलिया, निरंजन बिगहा, कमरगंज, सूरज सिंह मेमोरियल, डालमियानगर के चावल मंडी, बंगाली क्लब, रोहतास क्लब आदि स्थानों प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

**पूजा पंडालों पर पुलिस व दंडाधिकारी तैनात**

नप क्षेत्र के दो दर्जन पूजा पंडालों पर पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। सभी अपने-अपने निर्धारित जगहों पर सोमवार से तैनात से तैनात रहेंगे। थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अनुसार पुलिस अधिकारी निरीक्षण कर इसकी जांच कर रहे हैं। सभी पूजा समितियों को गाइड लाइन का पालन करते हुए शारदीय नवरात्र का विजयादशमी उत्सव उमंग के साथ मनाने का आग्रह किया गया है। रविवार शाम शहर में एसडीएम व एएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई।

## दुर्गा पूजा में बंद रहेंगे वाहनों के लिए रास्ते

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दुर्गा पूजा में दर्शनार्थियों की सुविधा को ले निम्न मार्गों पर वाहनों का परिचालन सोमवार शाम तीन बजे से बंद हो जाएगा। पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अनुसार शहर के अंबेडकर चौक से कर्पूरी चौक तक शाम तीन बजे से सुबह छह तक बाइक से लेकर वाहनों के परिचालन पर पूर्णतः रोक लगे रहेगी। वही स्टेशन रोड और पाली रोड में भी भारी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी स्थानों पर पुलिस बल व अधिकारियों की तैनाती की गई है। ताकि किसी को दर्शन में परेशानी नहीं हो।

# शताब्दी दिवस पर शहर में निकली पदयात्रा, किया शस्त्र पूजन

## कंकाली मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी दिवस पर रविवार को शहर में पथयात्रा निकाला गया। इसके पूर्व शस्त्र पूजन किया गया। कंकाली मंदिर परिसर में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति का संकल्प लिया। कंकाली मंदिर से निकली पथयात्रा कुदरा बाजार का भ्रमण करते हुए महावीर स्थान, कुदरा-भभुआ मोड़ होते हुए सकरी मोड़ पहुंचा। सकरी मोड़ से पुनः कंकाली मंदिर पहुंचा जहां एक सभा का आयोजन हुआ। सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना व व्यक्तित्व का निर्माण करना है। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयदशमी के दिन 1925 स्थापना हुआ था। शताब्दी दिवस के अवसर पर पर्यावरण शुद्ध करने, कुटुम्ब परिवार, प्लास्टिक मुक्त करने, जन संरक्षण व पौधारोपण का संकल्प किया गया। कार्यक्रम में खंड संघ संचालक संजय रस्तोगी, खंड कार्यवाहक वरुण गांधी, सह खंड कार्यवाहक सुजीत कुमार सिंह, धर्म जागरण के रवि शंकर वर्मा, वक्ता राजन पांडेय, डब्लू सिंह, दीपू सिंह, अंकित कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन कुमार संचालन संतोष कुमार रस्तोगी ने किया।

# नवरात्र के छठे दिन निकली जलयात्रा, नगर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**काराकाट(रोहतास)।** नवरात्र के छठवें दिन रविवार के शाम दुर्गापूजा को लेकर नगर मुख्यालय गोडारी मां दुर्गा पंडाल में शोभायात्रा और जलयात्रा निकाल जलभरी की गई जिसमें हाथी, घोड़े व बैंडबाजे के साथ हाथों में कलश लिए भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। यह जलयात्रा गोडारी पूजा पंडाल से निकली शोभा यात्रा गोडारी राजमार्ग होते हुए दो किलोमीटर की दूरी तय कर सकला रजवाहा गोडारी पुल तक पहुंची जहां वेद मंत्रों के बीच कलश में जल धारण किया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की जयकारों से पूरा इलाका गूंज रहा था। हाथों में कलश लिए मुख्य यजमान रंजन चौरसिया, पप्पू तिवारी, हरिनारायण सोनी, रंजन सोनी, अशोक तिवारी, राजा सोनी, पूजा कुमारी, निशांत, भोला सोनी, मीरा देवी, बेबी देवी एवं अन्य शामिल रहे। इस जलयात्रा में गोडारी करूप, नाद, तेनुआ, गोडारी बाल के अलावे जमुआ के भी कई लोग शामिल थे। इस जलयात्रा में शामिल मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, पूजा समिति अध्यक्ष विशाल भारती, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, दिलीप कुमार, वार्ड पार्षद बिपिन कुमार, विनोद कुमार, रवीन्द्र दुबे, कमलेश तिवारी, लाला सिंह, संजय कुमार पुस्तक, अरविंद जी वकील, ललन सोनी, कांग्रेस नेता गोपाल तिवारी, उमाशंकर, गोलू, ओम जी, आकाश, बंटी, रामशंकर सहित हजारों श्रद्धालु लोग शोभायात्रा में शामिल हुए।

# 250 लीटर शराब बरामद, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए तिलौथू पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर फल मंडी के पास की गई विशेष छापेमारी में पुलिस ने लगभग 250 लीटर अवैध शराब जब्त किया। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मारुति सुजुकी कार भी मौके से बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जब तस्करों को दबोचने की कोशिश की तो वे अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस की तत्परता से भारी मात्रा में शराब और गाड़ी बरामद कर ली गई। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि समाज को नशे के जहर से बचाने के लिए पुलिस हरसंभव सख्त कदम उठाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के हौसले पस्त होंगे।


## आवश्यकता

बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 की धारा 66 वी एवं धारा 44 क फ (घ) के तहत प्रदत के आलोक में निबंधक सहयोग समितियां, बिहार पटना का पत्रांक 22/पटना दिनांक 27-09-25 के अनुपालन में पोगर - प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि. के कार्यकारिणी की बैठक दिनांक - 20-10-25 प्रस्ताव सं. 2 में अंगीकृत आदेश सेवा नियमावली के तहत - प्रबंधक की भर्ती का विज्ञापन सं. 01/2025 निर्गत किया जाता है।

**क्र. सं.-01**
**पद का नाम -प्रबंधक**
**रिक्ति की सं.- 1**
**कोटि - अनारक्षित**
**नियुक्ति की प्रक्रिया**

(क)चयन समिति के अनुशंसा के आलोक में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। (योग्यता एवं साक्षात्कार)
(ख) वेतन / पारिश्रमिक / भत्ता का निर्धारण एवं भुगतान पैक्स की प्रबंध समिति द्वारा किया जाएगा। अगर समिति लाभ में होगी।
(ग) आवेदन निबंधित डाक से पैक्स के पता पर किया जाएगा।
(घ) आवेदन करने की तिथि... विज्ञापन प्रकाशन होने के पंद्रह दिनों के अन्दर।

**2. न्यूनतम योग्यता :-**

(1) आवेदक की शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा में उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर में प्रशिक्षित (Tally के साथ)

**3. पात्रता एवं अन्य शर्तें :-**

(i) उम्र 19 वर्ष से 41 वर्ष के बीच होगी। (परन्तु सहकारी समितियों में न्यूनतम पांच (05) वर्ष के कार्य अनुभव के आधार पर आयु सीमा में पांच (05) वर्ष का छूट अनुमान्य होगा)
(ii) पूर्व की सेवा में गबन का आरोपी न हो, आर्थिक अथवा किसी अपराध का आरोपी न हो।
(iii) प्रबंध समिति के किसी सदस्य अध्यक्ष का परिवार अथवा निकट संबंधी न हो।
(iv) चरित्र प्रमाण-पत्र मुखिया और सरपंच द्वारा निर्गत हो ।
(V) आवेदक पंचायत या संबंधित प्रखंड का स्थायी निवासी हो ।
(vi) चयनित अभ्यर्थी को 25000/- रुपये अथवा तीन माह के समतुल्य राशि जो भी अधिक को प्रतिभूति (Security) के रूप में जमा करना होगा।
(vii) अभ्यर्थी सभी शैक्षणिक तथा अन्य कागजातो की अभिप्रमाणित प्रति संलग्नक के साथ साक्षात्कार के समय मूल रूप से साथ लाएंगे। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय से सम्पर्क करें।

**प्रबंध समिति**
**पोगर पैक्स प्रखंड-रफीगंज (औरंगाबाद)**


# दुर्गापूजा लाइसेंसधारियों के साथ एसडीपीओ 2 ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास थाना परिसर में सीडीपीओ टू वंदना मिश्रा के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा लाइसेंस धारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी पूजा कमेटी के अध्यक्ष से विधि व्यवस्था एवं विसर्जन जुलूस की रूट लाइन निर्धारित की गयी। वंदना कुमारी ने बताया कि विसर्जन घाटों पर प्रशासन के तरफ से उचित लाइट की व्यवस्था रहेगी, सभी संवेदनशील घाटों को ब्रैकेटिंग कर स्थानीय गोताखोर वहां रखे जाएंगे जिसमें पूजा कमेटी के लोग भी सहयोग करें वहीं पुलिस हेल्पलाइन नंबर लोगों को जारी की गई। किसी भी समस्या होने पर तुरंत नंबर पर संपर्क करने की बात कही गई। सभी दुर्गा पूजा अध्यक्षों को लाइसेंस निर्गत किया गया। उसके बाद एसडीपीओ टू वंदना कुमारी की अध्यक्षता में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर एसआई नूतन कुमार, एसआई वीरेंद्र यादव, बीएमपी पुलिस एवं जिला बल के लोगों के साथ फ्लैग मार्च, रोहतास थाने से पटखौलिया मठ महावीर मंदिर सद्भावना चौक शिव मंदिर नदी एवं बाजार चौरंगी रेलवे मैदान होते हुए गायत्री मंदिर पर समाप्त की। मौके पर सभी लाइसेंस धारी एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा पर शांति और सौहार्द कायम रखने को पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा तिलौथू एवं अमझोर क्षेत्र में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर डीएसपी (02) के नेतृत्व में तिलौथू एवं अमझोर थाना प्रभारी, भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पूरे नगर में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। तिलौथू पंचायत के मुखिया संजय चौधरी, उपमुखिया अमित गुप्ता, समाजसेवी विजय कुमार एवं विनोद चौधरी विशेष रूप से प्रशासनिक टीम के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। डीएसपी ने बताया कि रामनवमी पर्व आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक है और इसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग और तत्पर है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि अमन-चैन और भाईचारे के साथ पर्व का आयोजन होगा और किसी भी प्रकार की अफवाह या गड़बड़ी को सख्ती से रोका जाएगा।

## नगर अध्यक्ष ने सात लाख रुपये के दो वाटर एटीएम का किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** नगर परिषद अध्यक्ष मनोरंजन सिंह ने दशहरा पर्व के अवसर पर शहर की तेन्दुनी चौक व पुराना ब्लॉक परिसर गांधी स्मारक के पास वाटर एटीएम का लोकार्पण किया। कहा कि गर्मियों में अब लोगों को प्यास बुझाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। ठंडा और साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए बिक्रमगंज नगर सरकार की ओर से शहर में विशेषकर स्कूल परिसरों और सार्वजनिक स्थलों पर वाटर एटीएम लगाए जाने की योजना बनाई जा रही है। इस वाटर एटीएम के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ राहगीरों व दशहरा मेला घूमने आए लोगों को स्वच्छ और ठंडे पेयजल उपलब्ध होगा। कहा कि दशहरा पर्व पर जल सेवा का विशेष महत्व होता है। हम शहर के दो स्थानों पर वाटर एटीएम लगाने की शुरुआत कर रहे हैं। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जमाल अख्तर ने कहा कि जल सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

# डॉक्टर के नाती की गला रेतकर हत्या 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में शनिवार को हुई एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। नगर थाना क्षेत्र के बिहार औद्योगिक परिसर (बियाडा) में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरुंधति के नाती और अर्जेंटीना में भारत के राजदूत रजनीश कुमार के भांजे 22 वर्षीय अंकुश कुमार की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के अनुसार अंकुश कुमार बियाडा परिसर में अपनी दवा कंपनी के लिए भवन निर्माण का कार्य देख रहे थे। शनिवार शाम करीब 4 बजे जब वे परिजनों से संपर्क में नहीं आए तो खोजबीन की गई। इसी दौरान एक कर्मचारी ने दरवाजा बंद देखकर ऊपर के रास्ते से अंदर प्रवेश किया, जहां अंकुश का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। हत्यारों ने निर्माण स्थल पर मौजूद ग्राइंडर मशीन के ब्लेड से उनका गला काट दिया था। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। खून से सना हुआ दृश्य देखकर लोग स्तब्ध रह गए। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त ग्राइंडर और अन्य सामान जब्त कर लिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से खून के नमूने और अन्य साक्ष्य इकट्ठा कर वैज्ञानिक जांच के लिए भेजे हैं। नवादा एसपी अभिनव धीमान, एसडीपीओ सदर हुलास कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल्स खंगाल रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हत्या के पीछे आपसी रंजिश, व्यक्तिगत दुश्मनी या अन्य विवाद की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही सदर विधायक विभा देवी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं और हत्या की निंदा करते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस सनसनीखेज वारदात ने न केवल नवादा, बल्कि पूरे जिले में आक्रोश और भय का माहौल पैदा कर दिया है।



# संगठन की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : भाजपा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर विधानसभा एवं नालंदा विधानसभा के संगठन कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में तेलंगाना के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। चंद्रशेखर ने विस्तारपूर्वक सभी कार्यकर्ताओं को 2025 विधानसभा चुनाव को जीतने की रणनीति समझाई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और उनके परिश्रम व समर्पण से ही बड़ी जीत संभव है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि आने वाले चुनाव में बिहार की जनता पूरी तरह एनडीए के साथ है और 2025 में बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है। सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में तन-मन-धन से जुटकर भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की। जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नालंदा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने किया।

## एक नजर

### भूमि विवाद में तीन घायल, रेफर

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर पंचायत अंतर्गत मड़पो गांव में दो गोतिया के बीच भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक ही पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजनों द्वारा घायल तीनों लोगों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट की घटना में मड़पो गांव निवासी प्यारे यादव के पुत्र बिरेन्द्र कुमार एवं उसके सहोदर भाई पप्पू कुमार तथा बालचन्द यादव के पुत्र मनोज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। समाचार प्रेषण तक घटना को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है।

### प्रो सुरेंद्र चौधरी सहित आठ लोगों को बनाया गया दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य



**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। नवादा के सांसद विवेक ठाकुर की अनुशंसा पर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नवादा संसदीय क्षेत्र के आठ लोगों को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस संबंध में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांसद विवेक ठाकुर को पत्र भेज कर कहा है कि आपके द्वारा अनुशंसित लोगों को सलाहकार समिति का सदस्य बनाया जा रहा है। जिसमें भाजपा नेता प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार चौधरी, भाजपा नेता एवं पूर्व वार्ड पार्षद पवन कुमार गुप्ता, भाजपा नेता रवि गुप्ता, पंकज कुमार, रंजन कुमार बबलू , जयप्रकाश प्रसाद, अशोक सिंह एवं आम आदमी पार्टी के नेता रहे ग़ढ़पर निवासी राजेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है ।

### अभिभावकों ने की व्हाट्सएप ग्रुप की सराहना

**पकरीबरावां**। प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप की अभिभावकों ने सराहना की है। विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रुही आफरीन ने कहा कि विद्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप काफी लाभकारी है। इससे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को विविध प्रकार की जानकारियां मिलती है। साथ ही विद्यालय में होने वाले गतिविधियों एवं किसी भी प्रकार की सूचना के लिए यह कारगर साबित होता है। अभिभावक ममता देवी सहित अन्य ने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप से बच्चों को दिए जाने वाले गृह कार्य सहित अन्य जानकारियां मिलती है। विद्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप बनने से बच्चे भी काफ़ी खुश हैं।

### डॉ. स्वर्गेश कुमार बने टीएस कॉलेज हिसुआ के आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर



**हिसुआ**। नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज हिसुआ में नैक मूल्यांकन करवाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा महाविद्यालय में आइक्यूएसी टीम गठित किया गया है। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.स्वर्गेश कुमार को आइक्यूएसी टीम का कोऑर्डिनेटर बनाया गया है, नैक उच्च शिक्षा संस्थानों जैसे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कामकाज, शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान और अन्य पहलुओं का मूल्यांकन करती है। IQAC का अर्थ है आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ यह उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता बनाए रखने और उसमें सुधार करने के लिए स्थापित एक समिति है. इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण, सीखने और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की गुणवत्ता को बढ़ाना और सुनिश्चित करना होता है. प्राचार्ज प्रो. पवन कुमार शर्मा के अध्यक्षता में गठित आइक्यूएसी टीम में डॉ स्वर्गेश कुमार को कोऑर्डिनेटर तथा वितेक्षक डॉ. रजनीश देव , एन.सी.सी पदाधिकारी डॉ.सुनील कुमार दुबे, डॉ.पूनम भारती, डॉ.अमरदीप मोहन अमहोरे , डॉ मुकेश कुमार, डॉ शंभू नाथ प्रभाकर,डॉ नागेंद्र दास रंजय कुमार, डॉ शेखर, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, छात्रा अलीशा राज को आइक्यूएसी के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि नैक मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय में बुनियादी ढांचा विकास कार्य चल रहा है डॉ स्वर्गेश कुमार एक कुशल नेतृत्वकर्ता है और नैक मूल्यांकन हेतु एक ऊर्जावान टीम गठित की गई और दुर्गा पूजा के बाद नैक मूल्यांकन हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा। आइक्यूएसी की पुरी टीम को महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा बधाई दी गई।

### सृजन आर्ट्स के कलाकारों ने जागरण में बांधा शमां



**नवादा**। नगर के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था सृजन आर्ट्स के कलाकारों द्वारा नवरात्रा के अवसर पर भव्य जागरण डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्र उच्चारण के साथ संस्था के निदेशक वीएस पाठक, संरक्षक गोपाल कुमार सिंहा, पारस सिंह सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा किया गया। निदेशक पाठक ने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे संस्कार, व्यवहार और अपने आराध्य देवी देवताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं और उन्हें भक्ति के मार्ग पर सुगमता से ले जा सकते हैं ऐसे भी कहा गया है कि ईश्वर प्राप्ति में संगीत से ज्यादा कोई सुगम मार्ग नहीं है। मगही भाषा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस सिंह ने कलाकारों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त किया उन्होंने कहा कि सृजन आर्ट्स का पहल ही सृजन करना है यहां से अनेक नवोदित कलाकार निकले हैं यहां बच्चों में संस्कार और संगीत दोनों मिल रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत गोपाल कुमार सिंहा ने माता का गीत हो आए तेरे भवन से किया। वहीं डांडिया नृत्य शेर पे सवार होके आई शेरावाली ऋषिका, पलक, अनिशा, जानवी गुंजन। हाथ जोड़कर खड़ी मै तेरे द्वार मेरी मां गीत पर प्रियांशी,हिमांशी, खुशी शाश्वत ने दर्शकों को खूब झुमाया। बोले दुर्गा माई की में रिद्धि सिरेला, स्वाति निवेदिता, सानवी ने डांडिया नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया।गायन में शंभू कुमार चौहान, नीतीश कुमार, आयुष, माधव, जैस्मीन, रिम्पू, शिवर्ती, सोनी, रवि शंकर अमन, सचिन, महेश कुमार ने भाग लिया। संगीत पवन कुमार सिंहा, अनिल विश्वकर्मा, संदीप कुमार विश्वकर्मा ने दिया। सभी कलाकारों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीटू कुमार, गोपाल सिंह, शशि कुमार, विवेक भारती आदि ने सहयोग किया।

## दिन के उजाले में चोरों ने उड़ाई चार लाख की संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय बाजार के मिल पर स्थित पंकज निराला के घर में दिन के उजाले में चोरों ने चार लाख की संपत्ति उड़ा ली। पीड़ित पंकज निराला ने बताया कि रोज की तरह सुबह छह बजे अपने घर में बाहर से ताला लगाकर अस्पताल के समीप कोचिंग पढ़ाने के लिए गया था। साढ़े नौ बजे के करीब घर का ताला खोला तो गेट नहीं खुल पाया। जब गेट के जाली से देखा तो कमरे में पलंग पर समान बिखरा पड़ा था। गोदरेज खुला हुआ था। कुछ सहयोगियों के साथ छत के ऊपर से घर में आये तो देखा कि मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। पलंग पर समान बिखरा पड़ा था। गोदरेज का ताला खुला हुआ था और गोदरेज का लाकर खाली पड़ा है। लाकर में रखे चांदी के छह सिक्के, पायल समेत रखे सारे जेवरात गायब थे। चोरी गई समानों की कीमत तकरीबन चार लाख बताई जा रही है। दिन में चोरी की घटना के बाद आस पास के घरों के मालिकों का सिरदर्द बढ़ गया है।

# दुर्गा पूजा सौहार्द व शांतिपूर्ण मनाने हेतु डीएम-एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। दुर्गा पूजा 2025 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने नगर भवन, नवादा में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से ब्रीफिंग दी।




जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने आवंटित पूजा समिति का स्थलीय निरीक्षण कर लें और यह सुनिश्चित करें कि पूजा पंडाल में भीड़ प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा आदि के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समितियों को पंडालों में अग्नि सुरक्षा, बिजली सुरक्षा और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करनी होगी।जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सफाई, रोशनी, चलंत शौचालय और अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को पानी की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया और कार्यपालक अभियंता, विद्युत को झूलते हुए तारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि भगत सिंह चौक, सद्भावना चौक, प्रजातंत्र चौक और रजौली बस स्टैंड पर मेडिकल टीम को सभी जीवनरक्षक दवाओं एवं आवश्यक उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त किया जाए, ताकि किसी भी श्रद्धालु के स्वास्थ्य बिगड़ने पर तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

प्रतिमा विसर्जन से संबंधित, जिलाधिकारी ने नगर परिषद को कृत्रिम तालाब का निर्माण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिमाओं का विसर्जन केवल चिन्हित कृत्रिम तालाब में किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विसर्जन जुलूस के मार्ग का भौतिक सत्यापन समय पर करें। बिना लाइसेंस के जुलूस की अनुमति नहीं होगी। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं होगा, और सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रत्येक पंडाल में इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में काफी भीड़ होने की संभावना है। ऐसे में बच्चों और वृद्धजनों के खो जाने की समस्या आम है। उन्होंने सभी अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों और वृद्धजनों की जेब में पूरा पता और मोबाइल नंबर लिखकर डालना न भूलें। जिला प्रशासन प्रमुख भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को पर्ची उपलब्ध कराएगा ताकि अभिभावक इसे अपने बच्चों और वृद्धजनों की जेब में डाल सकें। हरिश्चंद्र स्टेडियम में खोया-पाया नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा।भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा सिविल ड्रेस में महिला और पुरुष पुलिस बल की बड़ी संख्या में प्रतिनियुक्ति की जाएगी। छतों से भी निगरानी की जाएगी। अफवाह फैलाने वाले एवं अश्लील हरकत करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई होगी।

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किसी भी पूजा पंडाल में राजनीतिक स्लोगन, चिन्ह, कार्टून या नारा लगाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने पर संबंधित पूजा समिति पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी। शहर की ट्रैफिक पर ध्यान रखा जाएगा और संवेदनशील स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के साथ-साथ ड्रोन और वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी भी की जाएगी। बाइकर्स पर विशेष नजर रखी जाएगी और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग ने कहा कि इस वर्ष नवादा अनुमंडल अंतर्गत 144 पूजा समितियों और रजौली अनुमंडल अंतर्गत 97 पूजा समितियों को लाइसेंस दिया गया है। जिले में कुल 241 पूजा समितियों को लाइसेंस प्रदान किया गया है। सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक पंडाल में दो प्रवेश द्वार और दो निकास द्वार, पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग व्यवस्था, चार सीसीटीवी कैमरे, आयोजकों एवं पदाधिकारियों की सूची पंडाल में चिपकाना और बालू-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सूचना पूर्व में देनी होगी। जिला नियंत्रण कक्ष दिनांक 29.09.2025 से दुर्गा पूजा त्योहार समाप्त होने तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है।

## आनर किलिंग मामले में मृतका की मां व भाई गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय थाना क्षेत्र के नोनिया बिगहा गांव में हुई आनर किलिंग के मामले में नूरसराय थाना पुलिस ने छापेमारी कर धर्मपुर विद्यालय के समीप से मृतका की मां रंजू देवी व भाई को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मां व भाई को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। शेष फरार स्वजन की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। आखिर 19 वर्षीय युवती की हत्या कैसे हुई अभी तक पता नहीं चल सका है। युवती की हत्या करने के बाद हत्यारों ने बोरा में बंद कर शव को शाशी नदी किनारे तीन फीट गढ्ढा में गाड़ दिया था। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शनिवार को गढ्ढे में गाड़ा हुआ शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। हालांकि मृतका के हाथ में इन्टराकैथ (जेलको) लगा हुआ था। शव के हाथ में लगे इन्टराकैथ को देखकर लोग जहर की सुई देकर हत्या करने की बात कर रहे थे। इस घटना को लेकर डाग स्क्वायड को भी बुलाया गया था। एफएसएल की टीम भी जांच कर रही है। ग्रामीणों की मानें तो प्रेम-प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है। हत्या का सही कारणों का पता तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रील मेकिंग प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित था, जिसे बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर 2025 तक किया गया है। इसी क्रम में विभागीय निर्देशानुसार रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस रील प्रतियोगिता की थीम रखा गया है - स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत संचालित कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित रील। स्वच्छ आदतें को दर्शाती मौलिक रील, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया जा सके। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के कवरेज पर आधारित रील। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कार राशि की घोषणा की गई है।

# जीविका से आत्मनिर्भर बन रही हैं महिलाएं: श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा**। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार की महिलाएं जीविका के जरिए आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महिलाओं को रोजगार देने के लिए दो लाख दस हजार रुपये दे रही है, जिसमें दस हजार रुपये सीधे जीविका दीदी के खाते में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीविका बिहार की महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। मंत्री श्रवण कुमार नूरसराय प्रखंड में 5 करोड़ 33 लाख 92 हजार रुपये की लागत से बनने वाली आधा दर्जन सड़कों का शिलान्यास कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रहलादनगर से भगवल बिगहा तक 59 लाख 89 हजार, नारी पथ से बेलदारी बिगहा तक 39 लाख 60 हजार, लो 37 से बिशम्बर बिगहा तक 2 करोड़ 84 लाख, एनएच 110 से सुन्दरबीघा तक 71 लाख 63 हजार, टी-06 से सबलपुर तक 42 लाख 6 हजार और टी-06 से ककैला तक 1 करोड़ रुपये की लागत से सड़क बनेगी।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में क्रांतिकारी कार्य किए हैं। राज्य के 90 प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जा रही है। एक करोड़ 11 लाख पेंशनधारियों की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। किसानों को सिचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है और सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास से पढ़ाई के नतीजे दिखने लगे हैं। इस अवसर पर जदयू प्रवक्ता, प्रखंड अध्यक्ष सोनी लाल, युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार, पूर्व प्रमुख और जदयू नेता राकेश कुमार, मुखिया सोनू सुलतान, नवल यादव, शैलेन्द्र गराई, विक्की कुमार, बंटी यादव, संजीव कुमार, जदयू युवा नेता सुन्नी कुमार, विकास महतो, डॉ सुनील दत्त, राजनंदन प्रसाद, राकेश कुमार आनंदी, जमादार भूषण जमादार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# ब्रिलिएंट ग्रुप के बच्चों ने दुर्गा पूजा पर प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। ब्रिलिएंट ग्रुप के सभागार में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें छोटे बड़े बच्चों के द्वारा माता शेरावाली के नृत्य नाटिका एवं भक्ति पूर्ण गायन एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के प्रस्तुति के तौर पर वरिष्ठ शिक्षक रंजय सिंह एवं नाजिम रजा के द्वारा मंच का संचालन बखूबी निभाया। विद्यालय के निदेशक डॉ धनंजय कुमार ने कहा कि यह महान पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है । विद्यालय के अध्यक्ष डॉ शशी भूषण कुमार ने कहा कि यह त्योहार शक्ति की देवी दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों का एक प्रतीक है। जो हर एक भारतीय के जनमानस में दिखाई पड़ता है। बच्चों ने इस कार्यक्रम में मां दुर्गा के नौ रूपों में सज - धज कर मंच पर आकर महिषासुर का वध का दृश्य नाटिका दिखलाया। जिसे देखकर उपस्थित बच्चों एवं शिक्षक मंत्र मुग्ध हो उठे। कुछ वर्ग के बच्चों के द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सारा भारत एक है इस नृत्य में साफ झलक देखने को मिलती है क्योंकि कहां डांडिया गुजरात राज्य का एक महान लोक नृत्य है और कहां आज भारतवर्ष में यह नृत्य पूरे जनमानस में फैल चुका है ।इस प्रकार हमारे ब्रिलियंट ग्रुप के बच्चों ने अपने-अपने ढंग से अपने-अपने कला का परिचय दिया। पुणः सभी बच्चों को चेयरमैन सर के द्वारा सभी अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच पर पुरस्कृत भी किया गया। जिससे उनकी मानसिक एवं बौद्धिक अभिलाषा और जागृत हो उठी। वर्ग प्रथम से वर्गदशम वर्गो के बच्चों के बीच अध्यक्ष सर के द्वारा सभी बच्चों से मां दुर्गा से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे गए जिन्हें बच्चों ने बखूबी इन प्रश्नों का उत्तर देकर पुरस्कार के तौर पर पेन ,पेंसिल, चाकलेट आदि ग्रहण किया। इस रंगारंग कार्यक्रम का समापन समारोह ब्रिलिएंट ग्रुप की प्राचार्या डॉक्टर पुष्प लता विद्यार्थी के द्वारा हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम में शिक्षक के तौर पर रंजय सिंह ,पवन कुमार, विजय कुमार, किशोर कुमार पांडे, नाजिम रजा, सतीश कुमार पांडे, अभिषेक कुमार, राजकुमार सिंह, आनंद कुमार ,नाजिया खान ,दुरक्षना मैडम ,मिलन मैडम, स्वाति मिस ,चंपा मैडम ,सीमा मैडम, रौनक मिस , हिना खान एवं गांगुली सर आदि सभी लोग उपस्थित रहकर बच्चों के हौसले को बढ़ाया और आनंद का लुफ्त भी लिया।




# बिजली विभाग के कर्मियों ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)**। दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने हिलसा शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए विद्युत तारों और उपकरणों की गहन जांच की गई और सुरक्षा मानकों का पालन करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। विद्युत एसडीओ आकाश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम कर काली स्थान,नवीन नगर, आर्य समाज रोड, बिहार रोड, दुर्गा स्थान, तेलिया दुर्गास्थान, स्टेशन रोड,खाखी चौक इलाके का दौरा किया। पंडालों में की गई विद्युत सजावट, कनेक्शन एरिया की दूरी, लगाए गए उपकरणों और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। जहां-जहां खामियां पाई गईं, वहां सुधार करने का निर्देश दिया गया। टीम ने सुरक्षित वायरिंग, तारों को ऊंचाई पर रखने, आग से बचाव के इंतजाम और पोल व ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बनाए रखने पर जोर दिया। बच्चों को बिजली उपकरणों से दूर रखने के लिए सुरक्षा घेरा बनाने का भी निर्देश दिया गया।, बिजली एसडीओ आकाश कुमार गुप्ता ने जानकारी दिया कि अब तक करीब 13 पूजा पंडाल ने बिजली का कनेक्शन लिया गया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि हिलसा प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में रविवार तक 50 पूजा समितियों के द्वारा लाइसेंस लिया गया है।



# विधायक विभा देवी ने पंडपा गांव में पुस्तकालय भवन का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंडपा ग्राम के कृष्णापुरी टोला में नवादा विधायक विभा देवी द्वारा अनुशंसित पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद, एमएलसी अशोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी, उपाध्यक्षा निशा चौधरी भी संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद नेताओं ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा यहां पुस्तकालय भवन बनने स्थानीय युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। यहां छात्र लोगों को पठन -पाठन की समुचित व्यवस्था होगी, जिससे युवा वर्ग अपने लक्ष्य पाकर आगे बढ़ेंगे। विधायक विभा देवी ने कहा ग्रामीण जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आपलोगों के वोट स्वरूप आशीर्वाद हमारे परिवार पर हमेशा रहा है। आप सभी के समर्थन से हीं हम क्षेत्र के विधायक बने और मुझे सेवा करने का मौका मिला।

# आदर्श सिटी में डांडिया की धुन पर झूम उठे लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। दुर्गा पूजा के पहले प्रत्येक साल होने वाले डांडिया का आयोजन इस वर्ष भी आदर्श सिटी में बड़े ही धूमधाम से किया गया। आदर्श सिटी के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चे और महिलाओं ने जमकर लुफ्त उठाया। जैसे ही डांडिया की धुन शुरू हुई, लोग झूमने पर मजबूर हो गए। आदर्श सिटी के डायरेक्टर राजीव कुमार सिन्हा की देखरेख में आयोजित यह कार्यक्रम देर रात तक चला। सबसे पहले मां दुर्गा की सामूहिक रूप से प्रार्थना व आरती की गई। तत्पश्चात सभी महिलाओं की टोली हाथ में डांडिया का डंडा लेकर एक दूसरे से डांडिया खेलने लगे। लोग माता रानी का जयकारा लगाने लगे। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे झूम रहे थे। डायरेक्टर राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आदर्श सिटी सोसाइटी में इस तरह का आयोजन किया जाता है ताकि यहां रहने वाले सभी लोग हर पर्व त्यौहार का आनंद एक दूसरे के साथ मिलकर उठा सके। कार्यक्रम के दौरान काफी देर तक माता की भक्ति गीत चलती रही। अंत में सबों ने मिलकर सामूहिक भोजन करने के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई।



### विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त ब्रीफिंग

# पुलिस अधिकारियों को डीएम-एसपी ने अलर्ट मोड में कार्य करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** दुर्गा पूजा ऽ2025 शांतिपूर्ण एवं सद्भावना आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पुलिस लाइन गया के परिसर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर तथा वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा अलर्ट मोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त सभी अधिकारी को निर्देश दिया कि ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कर्तव्यों के निर्वहन गंभीरतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण हो इस बाबत चुस्त दुरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ पूजा में व्यवधान करने वाले, सामाजिक माहौल को दूषित करने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए कठोर कार्रवाई करे। रात्रि में श्रद्धालुओं तथा आम जनों का भीड़, मूर्ति प्रतिमा को देखने हेतु एक साथ निकलते हैं इसे देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को रेगुलेट होते रहे, इस पर विशेष नजर रखें। कोई भी वाहन सड़क पर खड़ी नही रहे, नजदीकी पार्किंग स्थलों में ही वाहन को लगाए। पूजा,विसर्जन जुलूस ,डीजे पर प्रतिबंध इत्यादि को लेकर निर्देश दिए गए। निर्गत लाइसेंस में निहित शर्तो के पूरी तरह पालन करवाना सुनिश्चित करे। ब्रीफिंग में ड्यूटी का टाइमिंग को लेकर गंभीर रहने, कोई कोताही/लापरवाही करने पर कारवाई, नियंत्रण कक्ष, ट्रैफिक व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण इत्यादि को लेकर निर्देश दिए गए। किसी भी सूरत में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि पॉल्युशन एक्ट के तरह जो मानक है उसे पूरी तरह पालन करवाने को कहा। विभिन्न पूजा पंडाल आयोजक द्वारा जो भी गाने बजाए जाएंगे उसे संबंधित पदाधिकारी द्वारा वेरीफाई आवश्यक है। विवादित गाना बिल्कुल भी बजने नही दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था संधारण प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विधि व्यवस्था संधारण, बैरिकेडिंग, विद्युत आपूर्ति, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन की व्यवस्था सहित सभी बिंदुओं पर एक-एक कर तैयारियों के बारे में सभी अधिकारियों को बताया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से भी लगातार नजर रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण हेतु प्रमुख जगहों पर ड्राप गेट भी लगाए जाएंगे। भीड़ नियंत्रण पर बेहतर प्रबंधन हेतु कई आवश्यक निर्णय भी लिए गए हैं। सदर अनुमंडल क्षेत्र के भीड़ वाली क्षेत्रो में 24 स्थानों पर वीडियोग्राफर को रखा गया है। 27 स्थानों पर वाच टावर/ बैरिकेटिंग एव ड्राप गेट लगाए गए है। इसके अलावा 25 स्थानों पर हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीव लगाए गए हैं। डीएम ने कहा कि नियंत्रण कक्ष के मद्‌ज़म से हर 02-02 घंटे पर उपस्थिति की जानकारी ली जाएगी। अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। इस बार अलग टीम रखकर प्रतिनियुक्ति स्थल पर जा जा कर उपस्थिति की अटेंडेंस की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष से भी हर स्पॉट की जानकारी लगातार ली जाएगी। हर विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था तगड़ा रूप से रखे साथ ही विसर्जन के लिये नदी/ तालाब/ पोखर में गोताखोर की भी प्रतिनियुक्ति रखें। विसर्जन रूट्स में ददफ्फ, लाइट, वीडियो ग्राफी की पूरी व्यवस्था रखे । डीएम ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में प्रवेश एव निकास की व्यवस्था मुकम्मल रहे।

## भारत की प्रगति केवल सरकार के प्रयासों से नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही संभव : प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा, स्वदेशी, महिला शक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक नागरिक से इसमें सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति केवल सरकार के प्रयासों से नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है।

प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने आज के विशेष दिन पर अमर शहीद भगत सिंह और भारत की सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री जी ने भारतीय नौसेना की दो वीरांगनाओं लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से संवाद कर उनके साहसिक नाविका सागर परिक्रमा अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। अपने संदेश में प्रधानमंत्री जी ने छठ महापर्व को शामिल कराने के लिए सरकार के प्रयास की जानकारी दी और सभी से स्वदेशी उत्पाद अपनाने,वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाने तथा त्योहारों को स्वच्छता और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष, महर्षि वाल्मीकि जयंती, खादी व हस्तशिल्प क्षेत्र की उपलब्धियों तथा भूपेन हजारिका और जुबीन गर्ग जैसे महान कलाकारों के योगदान को भी स्मरण किया। कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को अत्यंत प्रेरणादायी बताया और संकल्प लिया कि वे राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# मगध विश्वविद्यालय अधिषद् की बैठक संपन्न

### दीक्षांत समारोह और विशाल तिरंगे की स्थापना का हुआ निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2025 में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर है और इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय के मुख्यालय परिसर में एक विशाल और भव्य तिरंगा स्थापित किया जाएगा, जो राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक होगा। कुलपति के आवास पर रविवार को आयोजित अधिषद् की बैठक में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यसूची प्रस्तुत की। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई और उसके बाद पदोन्नति शाखा तथा परीक्षा शाखा के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के दृष्टिकोण से केंद्रीय और विभागीय पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया गया। विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर के विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अधिषद् के सभी सदस्य एवं संबंधित शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे जिनमें प्रो. नरेंद्र कुमार, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस.एन.पी. यादव, एस.एन. सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार, भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. विजय वर्मा, गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील सुमन, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. जावेद अंजुम, पाली एवं प्राकृत विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णदेव प्रसाद वर्मा, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो. दीपक कुमार, समाजशास्त्र विभाग के प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद के प्राचार्य मेघन प्रसाद, गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र और परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास शामिल रहे। बैठक के अंत में कुलसचिव डॉ. मंगलम ने सभी सदस्यों को उनकी सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

# दो दिवसीय बाबा कोटेश्वर नाथ धाम दशहरा महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** दशहरा पर्व के अवसर पर गया जिला के बेला प्रखंड के मेन ग्राम अवस्थित कोटेश्वर नाथ मंदिर परिसर में दो दिवसीय बाबा कोटेश्वर नाथ धाम दशहरा महोत्सव, 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका आज विधिवत उद्घाटन सहकारिता मंत्री पूर्व लोकायुक्त न्यायधीश, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पौधा देकर किया गया। अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण आदित्य कुमार पीयूष द्वारा स्वागत भाषण में बताया गया कि इस महोत्सव में दूर दराज से आये पर्यटक / स्थानीय श्रद्धालु तथा जनप्रतिनिधियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों का कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, गया द्वारा संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाबा कोटेश्वर नाथ धाम दशहरा महोत्सव, 2025 में हार्दिक स्वागत करता हूं। गया जिले के बेलागंज प्रखण्ड में मोरहर एवं दरधा नदी के संगम पर मेन ग्राम अवस्थित। प्राचीन काल में इस गांव का नाम 'शिव नगर' के नाम से जाना जाता था। यहा भगवान शिव के सहस्त्र लिंग की स्थापना द्वापर युग के अंत में सोणितपुर के राजा वाणासुर की आत्मजा उषा द्वारा स्थापित की गयी थी। ऐसी धारणा है कि इस शिवलिंग के दर्शन व पूजन से मनवांछित मुरादें पूरी होती है। सालों भर यहां श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। खासकर सावन माह में काफी संख्या में भक्त एवं श्रद्धालु आते हैं। आपको बता दें कि पौराणों के अनुसार वाणावर के मेन और देवकुंड तक घनघोर जंगल हुआ करता था। उषा अपने पति को प्राप्त करने के लिए जंगल के रास्ते देवकुंड स्थित शिवलिंग के दर्शन हेतु जाया करती थी। इस दौरान भगवान शंकर स्वयं प्रकट होकर मनोवांछित वर प्राप्त करने की बात कहें। जिसके पश्चात उषा द्वारा मेन गांव के मोरहर-दरधा संगम पर सहस्त्र शिवलिंग की स्थापना की गई। तत्पश्चात भगवान शंकर का वरदान साकार हुआ। पति के रूप में श्रीकृष्ण के पौत्र अनिरूद्ध को पाकर उषा ने अपना दाम्पत्य जीवन शुरू किया। राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। कोटेश्वर धाम मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास हेतु पर्यटन विभाग द्वारा शेल्टर हॉल, जनसुविधा, चहारदिवारी, स्थल का विकास आदि कार्य कराया गया है। जिला प्रशासन, गया द्वारा कोटेश्वर नाथ धाम दशहरा महोत्सव, 2025 के अवसर पर पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधाओं की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु लोक गायिका राधा श्रीवास्तव एवं अन्य कलाकारों द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी / पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस प्रकार पर्यटकों/श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन द्वारा मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया गया।

## 100 लोगों के बीच निशुल्क चश्मा वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के इंटर उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को 100 लाभार्थियों के बीच निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि टिकारी विधायक अनिल कुमार के नेतृत्व में गत 21 सितंबर को टिकारी विकास मंच द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में पटना से आए नेत्र चिकित्सकों ने लगभग 300 लोगों की आंखों की जांच की थी। जांच के दौरान 100 लोगों को पावर चश्मा लगाने की सलाह दी गई थी। रविवार को उन्हीं सभी रोगियों के बीच पटना से आए चिकित्सकों की टीम द्वारा चश्मा वितरित किया गया। इस अवसर पर नेता अजीत कुमार, विवेकानंद शर्मा, अंजनी कुमार सहित चिकित्सकों की टीम और क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे। मंत्री सहकारिता विभाग बिहार सरकार डॉ प्रेम कुमार ने गया जी नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड संख्या 45, कुंज बिहारी पैलेस, विष्णुपद श्मशान घाट रोड अंतर्गत मां संकटा शक्ति केंद्र पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ किया।

# शिविर जनहित एवं पशु हित दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : मंत्री प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार आज गयाजी नगर अंतर्गत राजकीय पशु चिकित्सालय-सह-कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, गया जी में आयोजित रेबीज रोधी टीकाकरण-सह-जन जागरूकता शिविर में शामिल होकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी, गया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर जनहित एवं पशु हित दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेबीज एक गंभीर एवं खतरनाक बीमारी है, जो समय पर टीकाकरण से पूरी तरह से रोकी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जन-जागरूकता अभियान से पशुपालकों को समय पर जानकारी और सुविधा मिलती है, जिससे पशुओं एवं इंसानों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बिहार सरकार आमजन और पशुधन की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

वहीं मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रतिभा कुमारी, पूर्व जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ रवींद्र कुमार, डॉ सुधीर कुमार सिन्हा, प्रेम सागर, पिंटू शर्मा, मुकेश चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सातवें दिन भी जारी रहा सत्याग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** गरीबों की समस्याओं के समाधान, देश की तरक्की के नाम पर बनने वाली हर सरकार ने गरीब के ही खून चूसा है। उन्हें गरीबों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं जो काम विधायक एमपी को करना चाहिए। आज आम जनमानस अपनी समस्याओं को लेकर लगातार दशकों से सड़क पर उतर कर आवाज दे रहा है। धरना प्रदर्शन आमरण अनशन सत्याग्रह कर रहा है। फिर भी कोई सुध लेने वाला नहीं। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। आजादी के सात दशक बाद भी आज तक किसी बाबू सफेद-पोश रहबर का रहमोकरम नीमचक बथानी अनुमंडल पर न पड़ सका। आज भी अपनी बदहाली पर मासूम से चेहरा लिये खड़ा है। कोई हाल जानना भी नहीं चाहता। दर्जनों समस्याओं को लेकर अनुमंडल अंतर्गत सरबहदा बाजार बस स्टैंड यात्री शेड में किसानों आमजनमानस से संबंधित सैकड़ों समस्याओं के निराकरण को लेकर गया जिला किसान सभा एवं समाज सेवी सूर्यदेव सिंह उर्फ सूरज यादव के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आज सातवें दिन भी जारी रहा जिसमें भारी संख्या में लोगों अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए सीता राम यादव ने कहा कि किसानों की दिन प्रति दिन सरकार आर्थिक स्थिति कमजोर करती चली जा रही है। किसान हमारी अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है फिर भी किसान समस्याओं से घिरा हुआ है। हमेशा सिंचाई बीज खाद उचित मूल्य का अभाव रहता है। प्राकृतिक आपदाएं बिचौलियों का शोषण सरकार की उदासीनता कर्ज का बोझ बिजली बिल दाखिल खारिज जमाबन्दी में लूट खसोट, इन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर कर रखा है। हमारी मांगें पूरी होने तक अनिश्चित कालीन जनसत्याग्रह जारी रहेगा। हमारी छह सूत्री मांगों में खिजरसराय प्रखंड के फल्गु नदी से निकले बड़की पाइन नैली पाइन विहटा मंडाई आदि तमाम पइनों की सफाई महमूदा नहर को आदमपुर नादरा जगडीहा शेख विगहा हेमारा विहटा इत्यादि गांव से नहर निकल कर तेहैइया गांव के समीप छिलका निर्माण कर सिंचाई का प्रबंध करना प्रखंड के सभी आहार पइन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाये समस्त गांव में पेय जल की व्यवस्था किया जाए फर्जी बिल माफ हो तमाम गांव सड़क लिंक पथ का निर्माण किया जाना शामिल है। मौके पर समाज सेवी सूर्यदेव सिंह उर्फ सूरज यादव चंदेश्वर यादव रामदेव अर्जुन यादव गोपाल ठठेरा ओमप्रकाश चौधरी विंदेश्वर मोची वसंत चौधरी रामबालक जमादार अर्जुन विद्यार्थी कांति देवी, सोनी देवी, क्रांति देवी रामबली यादव आदि सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– 32 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–19–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I–25–26,** **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :**सहायक मंडल इंजीनियर/।।/डीडीयू के अधीन ब्रिज सं० 675, 678, 694, 693 के लिए पी०एस०सी स्लैब और जैकेटिंग द्वारा प्लेट गर्डर को बदलना। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹105013157.59, **(iii) धरोहर राशि :** ₹675100.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 16.10.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1032/डीडीयू/इंजी०/टी/25–26/32**



**पूर्व मध्य रेल**

(पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल)

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–04 ऑफ 2025–26/ खुला/गति शक्ति इकाई, डीडीयू**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर०एस०पी०/महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं0–04–डीडीयू–उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–गति शक्ति इकाई–25–26**

**कार्य का नाम एवं लोकेशन:** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर०एस०पी०/महेन्द्रू घाट के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबधित "दूसरे अप लूप के सी०एस०एल० को बढ़ाने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग और मुख्य लाइन में शंटिंग से बचने के लिए शंटिंग नेक का प्रावधान और मानपुर स्टेशन पर कॉमन लूप के रूप में अप दूसरे लूप के साथ अप दूसरे लूप में सीधे रिसेप्शन के लिए डाउन से अप तक एक क्रॉसओवर का प्रावधान" के संबंध में कार्य। **कार्य का अनुमानित लागत:** ₹2,13,85,611.50 धरोहर राशि: ₹ 2,56,900.00 **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 17.10.2025 को 12:00 बजे तक बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in **नोट:**–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर०एस०पी०**
**पूर्व मध्य रेल**
**पीआर/1048/डीडीयू/सा0/टी/25–26/48**


# पीजी सेंन्टर का उद्घाटन कुलपति डॉ. शशि प्रताप शाही ने किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सतेंद्र नारायण सिन्हा कॉलेज में रविवार को पी0जी0 सेंन्टर का उद्घाटन कुलपति मगध विश्वविद्यालय, बोधगया प्रो0 (डॉ0) शशि प्रताप शाही एवं विधायक विधानसभा टिकारी (डॉ0) अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सर्वप्रथम इस महाविद्यालय के संस्थापक ठाकुर मनीश्वर नाथ सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ0 अनिल कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) योगेन्द्र कुमार ने बुके, मोमेन्टों, शॉल देकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की उपलब्धियों की संक्षिप्त चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत मगध विश्वविद्यालय की कुलगीत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के युवा जीव वैज्ञानिक डॉ0 राजकुमार द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन सभी अतिथियों द्वारा किया गया। महाविद्यालय की छात्रा स्वीटी कुमारी द्वारा रेड रन प्रतियोगिता में बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं नेशनल मैराथन में शामिल होने के लिए मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विजेता छात्रा को 11,000/- रू0 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। विधायक ने अपने संबोधन में महाविद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने महाविद्यालय में पी0जी0 की पढाई प्रारंभ करने के लिए कुलपति एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा टिकारी के विद्यार्थियों को स्नातकोतर की पढ़ाई के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। अब इसकी सुविधा इस महाविद्यालय में ही उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कोच प्रखंड में एक स्नातक महाविद्यालय एवं महिला कॉलेज महमन्ना से टिकारी को जोड़ने वाले पुल के निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर कुलपति ने अपने भाषण में पी0जी0 सेंन्टर की शुरूआत इसी सत्र से कराने की घोषणा की। उन्होंने महाविद्यालय में बी एलआइएस की शिक्षा प्रारंभ कराने की घोषणा की। उस समय सभागार भावविह्वल हो गया जब उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में प्रवेश करते ही एक अद्भूत सकारात्मक उर्जा का संचार होने लगता है। उन्होंने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि वे प्रत्येक माह में कम से कम दो सेमिनार का आयोजन करें एवं शैक्षणिक गतिविधियों को लगातार संचालित करते रहें।

# प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम हमेशा देता है प्रेरणा : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय, नूतन नगर में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 126वां 'मन की बात' बूथ संख्या 200 पर सुना गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम हमेशा प्रेरणा देने वाला रहता है। यह प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि हर देशवासी को प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात कर उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने 'वोकल फॉर लोकल' का संकल्प लिया और स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया। मन की बात के सुनने बाद सभी ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने मात्र 23 वर्ष की आयु में अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी की राह दिखाई। उनका बलिदान और देशप्रेम युवाओं के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

संपादकीय

# मणिपुर न बने लद्दाख!

केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में 23 सितंबर को भड़की हिंसा, आगजनी और पुलिस की गोली लगने से 4 लोगों की मौत न केवल इस हिंसक आंदोलन के पीछे किसी साजिश की ओर इशारा करती है बल्कि यह केन्द्र सरकार की भी नाकामी है कि उसने जन भावनाओं समय पर न समझ कर आंदोलन को इतना उग्र होने दिया। सरकार इसके लिए सोशल एक्टिविस्ट और नवाचारी सोनम वांगचुक को जिम्मेदार मानकर उन पर शिंकजा कस रही है, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि यह हिंसा सोनम के अनशन के कारण हुई या फिर उस अनशन को बदनाम करने के लिए जानबूझकर हिंसा की गई। बुधवार को लद्दाख की राजधानी लेह में लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और छठे शेड्यूल के प्रोटेक्शन की मांग को लेकर यह आंदोलन हुआ। इसका नेतृत्व लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस कर रहे हैं। जिस संविधान की छठी अनुसूची को लद्दाख में लागू करने की मांग हो रही है, उसमें जनजातियों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी पहचान और हितों को सुनिश्चित करने का प्रावधान है। यह आंदोलन एलएबी ने 10 सितंबर से भूख हड़ताल के रूप में शुरू किया था। इसी में सोनम वांगचुक भी शामिल थे। वांगचुक सरकार के खिलाफ पहले भी आंदोलन करते रहे हैं। हालांकि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण था और लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग नई नहीं है। उधर सरकार के प्रतिनिधियों की गुरूवार को एलएबी के नेताओं से चर्चा होने वाली थी, लेकिन उसके पहले ही इस हिंसा को अंजाम दिया गया। लद्दाख की सीमा उत्तर में चीन से और पश्चिम में पाकिस्तान से लगती है। वहां किसी भी तरह की अस्थिरता को विदेशों से हवा मिल सकती है। हाल में हुए आंदोलन के पीछे भी विदेशी ताकतों का हाथ है या नहीं, यह तो जांच के बाद सामने आएगा। इस बारे में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक का कहना है कि लद्दाख को केन्द्रशासित प्रदेश बनाकर सरकार ने अच्छा किया। लेकिन यहां एक सर्वसत्ताधीश उपराज्यपाल को बिठा दिया गया। जबकि हमे उम्मीद थी कि लद्दाख विधानसभा वाला केन्द्र शासित प्रदेश होगा। वर्तमान शासन व्यवस्था में लद्दाखी जनता की कोई भागीदारी नहीं है। सारी सत्ता एक व्यक्ति के हाथों में केन्द्रित हो चुकी है। लोग इसे ही बदलना चाहते हैं। सरकार इसका दूसरा अर्थ निकाल रही है। वैसे लद्दाखियों की इस मांग में कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि जम्मू कश्मीर राज्य का हिस्सा रहते वो एक पूर्ण राज्य के नागरिक थे, जिनकी शासन व्यवस्था में भी पूरी भागीदारी थी। जब सरकार ने जम्मू कश्मीर को विधानसभा वाला केन्द्रशासित प्रदेश बनाया है तो लद्दाख के साथ यह भेदभाव क्यों? वहां विधानसभा देने से लोगों की बड़ी मांग पूरी होगी और जनता की सरकार में भागीदारी बढ़ेगी। एक और अहम मुद्दा लद्दाख की आग श्रीनगर तक फैलने का है। उधर केन्द्र सरकार का आरोप है कि कुछ स्थानीय लोग ही बातचीत में अड़ंगा डाल रहे हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जैसा लेह में हुआ, वैसा यहां भी हो सकता है। उनका यह कहना जायज है कि केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य देने का वादा अपने घोषणा पत्र में किया हुआ है तो फिर दिक्कत क्या है। अगर जन असंतोष लद्दाख के बाद जम्मू कश्मीर में भी भड़क गया तो सरकार को लेने के देने पड़ जाएंगे। मोदी सरकार लेह में हिंसा के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रही है। इस पूरे मामले को समय रहते ठीक से हैंडल न किया गया तो लद्दाख देश का दूसरा मणिपुर बन सकता है और यह देश की सुरक्षा के लिए ज्यादा गंभीर खतरा होगा।

# मोदी बेमिसाल नेता : कार्यकुशल कर्मयोगी



**हरदीप एस. पुरी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई उपस्थिति और संगठनात्मक नेतृत्व की भरपूर प्रशंसा की गई है, लेकिन जिस बात को कम ही लोग जानते और समझते हैं, वह यह है कि उनकी कठोर पेशेवर प्रतिबद्धता ही उनके काम की विशेषता है। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले ढाई दशकों में उनकी कार्यशैली में निरंतर पेशेवर नैतिकता विकसित हुई है।

जो बात उन्हें औरों से अलग बनाती है, वह प्रदर्शन की प्रतिभा नहीं, बल्कि ऐसा अनुशासन है, जो विजन को टिकाऊ प्रणालियों में तब्दील करता है। भारतीय मुहावरे में कहा जाए, तो वह कर्मयोगी हैं-कर्तव्य पर आधारित ऐसा कर्म, जिसका आकलन जमीनी स्तर पर आए बदलाव से होता है।

यही नैतिकता इस वर्ष लाल किले से उनके स्वतंत्रता दिवस के संबोधन का आधार रही।

उनके इस भाषण में उपलब्धियों का लेखा-जोखा कम और मिल-जुलकर कार्य करने का चार्टर ज़्यादा प्रस्तुत किया गया- नागरिकों, वैज्ञानिकों, स्टार्ट-अप्स और राज्यों को विकसित भारत के सह-लेखक के रूप में आमंत्रित किया गया। गहन प्रौद्योगिकी, स्वच्छ विकास और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वाकांक्षाओं को कोरे शब्दों में नहीं, बल्कि व्यावहारिक कार्यक्रमों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

इन कार्यक्रमों को जनभागीदारी, यानी बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने वाले राज्य और उद्यमी लोगों के बीच की साझेदारी को एक पद्धति के रूप में प्रस्तुत किया गया।

हाल ही में किया गया जीएसटी ढाँचे का सरलीकरण इसी पद्धति को दर्शाता है। स्लैब को कम करके और अवरोधों को दूर करके, परिषद ने छोटी फर्मों के लिए अनुपालन लागत कम की है और इसका लाभ सीधे घर-घर तक पहुँचाने की गति बढ़ाई है। प्रधानमंत्री का ध्यान संक्षिप्त राजस्व वक्रों पर नहीं, बल्कि इस बात पर था कि क्या आम नागरिक या छोटा व्यापारी इस बदलाव को जल्दी महसूस कर पाएगा या नहीं। यह स्वाभाविक प्रवृत्ति उस सहकारी संघवाद को प्रतिध्वनित करती है, जिसने जीएसटी परिषद का मार्गदर्शन किया है-राज्य और केंद्र गहन विचार-विमर्श करते हैं, लेकिन सभी एक ऐसी प्रणाली के भीतर काम करते हैं जो स्थिर रहने के बजाय परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाती है।

नीति को एक जीवंत साधन माना जाता है, जो कागज़ पर समरूपता के लिए संरक्षित एक स्मारक के रूप में न रहकर अर्थव्यवस्था की लय के अनुरूप ढाली गई है।

यही वह व्यावसायिक दृष्टिकोण है, जो अमेरिका से वापसी की 15 घंटे की लंबी उड़ान के बाद देर रात बिना किसी सूचना के निर्माणाधीन नए संसद भवन के गेट पर पहुंचने की बात को समझाता है।

हाल ही में मैंने प्रधानमंत्री से पंद्रह मिनट का समय माँगा था। इस दौरान हुई चर्चा के दौरान मैं उनकी व्यापक समझ और बहुआयामी दृष्टिकोण – एक ही फ्रेम में समाहित बारीक से बारीक विवरण और व्यापक संपर्क देखकर आश्चर्य चकित रह गया। यह बैठक पैंतालीस मिनट चली।

सहकर्मियों ने बाद में मुझे बताया कि उन्होंने इसकी तैयारी में दो घंटे से ज़्यादा समय लगाया, नोट्स, आँकड़े और प्रतिवादों का अध्ययन किया। तैयारी का यह स्तर कोई अपवाद नहीं है; यह कार्य का वह मानदंड है, जिसे उन्होंने स्वयं के लिए निर्धारित किया है और जिसकी वह व्यवस्था से भी अपेक्षा रखते हैं। निरंतर तैयारी की यही आदत सुनिश्चित करती है कि निर्णय ठोस और भविष्य के लिए उपयुक्त हों।

भारत की हाल की प्रगति का अधिकांश आधार उन व्यवस्थाओं और प्रणालियों पर टिका है, जिन्हें हमारे नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डिजिटल पहचान, सार्वभौमिक बैंक खाते और रीयल-टाइम भुगतान की त्रिमूर्ति ने समावेशन को बुनियादी ढाँचे में बदल दिया है। लाभ सीधे सत्यापित नागरिकों तक पहुँचते हैं; उचित व्यवस्था के कारण गड़बड़ियाँ कम होती हैं; छोटे व्यवसायों को अनुमानित नकदी प्रवाह मिलता है; और नीतियाँ धारणाओं की बजाय आँकड़ों पर आधारित होती हैं। इस प्रकार अंत्योदय - अंतिम नागरिक का उत्थान - यह एक नारा भर नहीं, बल्कि मानक बन जाता है - और प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँचने वाली प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और फ़ाइल की असली कसौटी बन जाता है।

असम के नुमालीगढ़ में भारत के पहले बांस- आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र के शुभारंभ के दौरान मुझे एक बार फिर इसका साक्षी बनने का सौभाग्य मिला।

इंजीनियरों, किसानों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ खड़े होकर, प्रधानमंत्री ने सीधे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रश्न पूछे - किसानों को भुगतान उसी दिन कैसे प्राप्त होगा; क्या आनुवंशिक इंजीनियरिंग से ऐसा बाँस तैयार किया जा सकता है, जो तेज़ी से बढ़ता है और गांठों के बीच बाँस के तने की लंबाई बढ़ाता है; क्या महत्वपूर्ण एंजाइमों का स्वदेशीकरण किया जा सकता है; क्या बाँस के हर घटक–तना, पत्ती, अवशेष का इथेनॉल से लेकर फुरफुरल और ग्रीन एसिटिक एसिड तक– आर्थिक उपयोग किया जा रहा है, चर्चा केवल तकनीक तक ही सीमित नहीं थी। यह लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन और वैश्विक कार्बन फुटप्रिंट तक व्याप्त रही।

अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में भाग लेने वाले व्यक्ति के रूप में, मैंने इस पद्धति को तुरंत पहचान लिया- संक्षिप्त विवरण की स्पष्टता, विवरण में सटीकता और इस बात पर ज़ोर कि कतार में खड़ा अंतिम व्यक्ति पहला लाभार्थी होना चाहिए।

यही स्पष्टता भारत की आर्थिक नीति को भी जीवंत करती है। ऊर्जा के क्षेत्र में, विविध आपूर्तिकर्ता समूह और संयमित ठोस खरीदारी ने उतार-चढ़ाव भरे समय में हमारे हितों को सुरक्षित रखा है। विदेश में एक से ज़्यादा मौकों पर, मेरे पास बेहद सरल निर्देश था- आपूर्ति सुनिश्चित करना, सामर्थ्य बनाए रखना और भारतीय उपभोक्ताओं को केंद्र में रखना। उस स्पष्टता का सम्मान किया गया और परिणामस्वरूप बातचीत और भी सुचारू रूप से आगे बढ़ी।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में भी किसी तरह के दिखावे से परहेज किया गया है। दृढ़ संकल्प और संयम के साथ संचालित अभियानों–लक्ष्य स्पष्ट, सैन्य बलों को संचालन की स्वतंत्रता, निर्दोषों की सुरक्षा–में शोरगुल के बजाय भरोसे को तरजीह दी गई। नैतिक सिद्धांत एक ही है- कड़ी मेहनत करो, परिणाम स्वयं सामने आएंगे।

इन विकल्पों के पीछे एक विशिष्ट कार्यशैली छिपी है। चर्चाएँ सभ्य, लेकिन कठोर होती हैं; परस्पर विरोधी विचारों का स्वागत है, लेकिन भ्रम की कोई जगह नहीं है। सभी की बात सुनने के बाद, वह एक मोटे दस्तावेज़ को ज़रूरी विकल्पों तक सीमित कर देते हैं, ज़िम्मेदारी सौंपते हैं और सफलता तय करने के मापदंड बताते हैं। सबसे ज़ोरदार तर्क नहीं, बल्कि सबसे अच्छे तर्क की जीत होती है; तैयारी का सम्मान किया जाता है; निरंतर फॉलोअप किया जाता है। सहकर्मियों के लिए, यह तैयारी एक सीख होती है; व्यवस्था के लिए, यह एक ऐसी संस्कृति है, जहाँ परिणाम की गुणवत्ता का अनुमान नहीं लगाया जाता, बल्कि उसका आकलन किया जाता है।

यह कोई संयोग नहीं है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन दिव्य शिल्पी- विश्वकर्मा की जयंती वाले दिन ही पड़ता है। यह समानता शाब्दिक नहीं, बल्कि शिक्षाप्रद है- सार्वजनिक जीवन में, सबसे स्थायी स्मारक संस्थाएँ, मंच और मानक होते हैं। नागरिक के लिए, कार्य निष्पादन एक ऐसा लाभ है, जो समय पर मिलता है और एक ऐसी कीमत, जो उचित रहती है; उद्यम के लिए, यह नीतिगत स्पष्टता और विस्तार का एक विश्वसनीय मार्ग है; राज्य के लिए, यह ऐसी व्यवस्थाएँ हैं, जो दबाव में भी टिकी रहती हैं और उपयोग के साथ बेहतर होती जाती हैं। नरेन्द्र मोदी को इसी मापदंड से देखा जाना चाहिए; एक ऐसे कर्मयोगी के रूप में जिनका कार्य निष्पादन दिखावा नहीं, बल्कि एक ऐसी सेवा है, जो भारतीय इतिहास के अगले अध्याय को आकार दे रही है।

**(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

अध्यात्म

# किसी भी समय में अपने धैर्य का दामन न छोड़ें

घाट के किनारे एक साधु अपना डेरा डाले हुए था। वह वहीं बैठा रहता और एकाएक चिल्ला उठाता, ÷जो चाहोगे सो पाओगे!÷ कई लोग उस रास्त से गुजरते थे। उसे ऐसा चिल्लाते देख लोग उसे पागल समझ लेते थे। कई लोग उस पर हंसते तो कई लोग उसका मजाक बनाते। फिर एक दिन एक युवक उसी रास्ते से गुजरा। वो बेरोजगार था। उस साधु की आवाज उस युवक के कानों में पड़ी। वो अब भी वही चिल्ला रहा था। ÷जो चाहोगे सो पाओगे!÷ ÷जो चाहोगे सो पाओगे!÷ यह सुनकर युवक साधु के पास पहुंच गया और उससे पूछा कि क्या सच में जो मैं चाहूंगा वो मुझे मिल जाएगा। क्या आप सही में मुझे दे सकते हो। इस पर साधु बोला कि सबसे पहले तुम्हें ये बताना होगा कि तुम क्या चाहते हैं। तब युवक बोला, ÷बाबा! मैं चाहता हूं कि मैं एक बहुत बड़ा हीरों का व्यापारी बनूं। क्या आप इस इच्छा को पूरा कर सकते हैं।÷ साधु ने कहा, ÷जरूर बेटा, मैं तुम्हें दो चीजें देता हूं इसमें एक हीरा है और एक मोती। इनसे तुम जितने चाहें हीरे-मोती बना सकते हो। यह सुनकर युवक बेहद खुश हो गया।÷ साधु ने युवक से कहा कि वो अपनी दोनों हथेलियां आगे बढ़ाए। जैसा साधु ने कहा वैसा ही युवक ने किया। साधु ने युवक की पहली हथेली पर अपना हाथ रखा। फिर कहा कि यह सबसे अनमोल हीरा है। इससे तुम जितने चाहें हीरे बना सकते हो। यह हीरा समय है। इसे मुठ्ठी में जकड़ कर रखना। इसे कभी भी हाथ से निकलने मत देना। फिर साधु ने युवक की दूसरी हथेली पर मोती रखा और कहा कि अगर किसी भी काम में समय लग रहा हो तो इस मोती को धारण कर लेना। यह मोती धैर्य है। इससे तुम जो चाहों वो हासिल कर पाओगे। साधु की बातें सुन युवक ने धन्यवाद किया और वहां से चल दिया। साधु से उसे दो गुरुमंत्र मिल थे। उसने सोच लिया था कि वो समय नहीं गंवाएगा और धैर्य से काम लेगा। कुछ ही समय बाद युवक ने एक बड़े हीरे के व्यापारी के पास काम करना शुरू कर दिया। वह व्यवसाय का हर गुर सीखता चला गया और कुछ कमय बाद हीरे का बड़ा व्यापारी बन गया। अगर आप कोई लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको समय और धैर्य दोनों की आवश्यकता होती है। बिना समय व्यर्थ किए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। साथ ही किसी भी समय में अपने धैर्य का दामन न छोड़ें।

# सर्च से स्मार्टनेस तक : 27 वर्ष का हुआ गूगल

**अतुल गोयल**

2002 में पहली बार गूगल ने अपना बर्थ-डे डूडल जारी किया और 2006 से उसने 27 सितम्बर को आधिकारिक तौर पर अपना जन्मदिन मनाना तय कर दिया। आज यही दिन दुनियाभर में गूगल के जन्मदिन के रूप में पहचाना जाता है लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि केवल 27 वर्षों में गूगल ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह किसी भी आधुनिक तकनीकी क्रांति से कम नहीं। 1998 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के दो शोध छात्र लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने मिलकर गूगल की नींव रखी थी। उस समय 'वर्ल्ड वाइड वेब' पर महज ढाई करोड़ वेबपेज मौजूद थे। उनका विजन था कि इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारियों को व्यवस्थित करके आम लोगों तक पहुंचाना और उन्हें प्रासंगिकता के आधार पर सर्च रिजल्ट प्रदान करना। इसके लिए उन्होंने ऐसा एल्गोरिदम तैयार किया, जो उस समय के तमाम सर्च इंजनों से कहीं बेहतर था। धीरे-धीरे गूगल का यह प्रयोग पूरी दुनिया में क्रांति बन गया। आज स्थिति यह है कि इंटरनेट उपयोग करने वाले लगभग हर व्यक्ति के लिए गूगल पहला और अंतिम ठिकाना है। गूगल की सबसे बड़ी ताकत इसका लगातार खुद को अपडेट और विकसित करते रहना है। यह कम्पनी केवल सर्च इंजन तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने ईमेल, ऑपरेटिंग सिस्टम, मोबाइल डिवाइस, स्मार्ट असिस्टेंट, क्लाउड सेवाएं, डिजिटल विज्ञापन, यूट्यूब, गूगल मैप्स, ट्रांसलेट, ड्राइव, फोटो स्टोरेज, पेमेंट प्लेटफॉर्म और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भी अपना वर्चस्व कायम किया है। गूगल का एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम दुनिया के सबसे ज्यादा स्मार्टफोन्स को संचालित कर रहा है। गूगल मैप्स ने हमारी यात्रा की आदतें पूरी तरह बदल दी हैं। गूगल ट्रांसलेट ने भाषा की बाधाओं को मिटाने का प्रयास किया है। वहीं यूट्यूब ने शिक्षा, मनोरंजन और सूचना के नए युग की शुरुआत की है।

आज जब हम किसी सवाल के जवाब की तलाश करते हैं, हमें किसी उत्पाद की जानकारी चाहिए होती है, किसी नए स्थान का पता लगाना होता है, किसी बीमारी के लक्षण जानने होते हैं, किसी गणितीय सवाल का हल चाहिए होता है या फिर किसी विशेष दिन की जानकारी खोजनी होती है तो हमारे मन में पहला नाम गूगल का ही आता है। यही कारण है कि इसे 'इंटरनेट की दुनिया का सबसे बड़ा हथियार' कहा जाता है। चाहे आकाश की बातें हों या समुद्र की गहराईयां, चाहे अंतरिक्ष की खोज हो या हमारे आसपास की छोटी-सी जानकारी, गूगल हर विषय पर पलक झपकते ही अथाह जानकारी उपलब्ध करवा देता है।

**विश्व हृदय दिवस ( 29 सितम्बर ) पर विशेष**

# आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर

**डॉ प्रितम भि गेडाम**

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो यह चरम पर हैं, एक-दो दशक पहले तक यह समस्या केवल अमीर बुजुर्गों के हिस्से आनेवाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। देश में प्रदूषण और मिलावटखोरी ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा बढ़ाया है और मनुष्य का आलस्य, लालच, निकृष्ट दर्जे का खाना, आधुनिक जीवनशैली व मानसिक तनाव ने बीमारियों को मौत के तौर पर आमंत्रित किया हैं। देश में खुद युवा अवस्था में हृदय रोग चिकित्सक भी हृदय रोग से जान गंवाने की घटनाएं हो रही हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है ÷एक भी धड़कन न चूकें।÷ यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जाँच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें।

दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंत:संवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं।

गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाडी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं।

अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैं- रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव।

हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएँ और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो, तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ रोजमर्या के क्रम में शामिल करें। जीवन में आनेवाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोडासा वक्त निकालकर हसी-खुशी के पल जियें, कभी अपना बचपना भी जियें। जीवन के हर पल खुशी के साथ जियें।

## आज का कार्टून

ट्रंप ने फार्मा प्रोडक्ट पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का किया ऐलान




## राशिफल

**मेष**
आपके द्वारा लिये गये निर्णयों की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको अत्यधिक सम्मान प्राप्त होगा। घर के लिये आज आप महत्वपूर्ण खरीदारी कर सकते हैं।

**वृषभ**
किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। निम्न रक्तचाप की समस्या हो सकती है। कारोबार में आप अपने मन की करेंगे।

**मिथुन**
व्यापार में सहयोगियों के साथ आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। घर के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक पूजा में भाग ले सकते हैं।

**कर्क**
अजनबियों की बातों का अधिक विश्वास न करें। समझदारी के अभाव के कारण आपके सम्बन्ध कमजोर पड़ सकते हैं। कानूनी मामलों में समस्या हो सकती है।

**सिंह**
कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। किसी महत्वाकांक्षी योजना को प्रारम्भ करने के लिये दिन हितकारी है। आपको मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा।

**कन्या**
शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अच्छी तरह से परखे और सुने बिना बातों पर प्रतिक्रिया न दें। पड़ोसियों के साथ अपने सम्बन्ध खराब न करें।

**तुला**
व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की सम्भावना है। पारिवारिक विवादों को निपटाने का अच्छा अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक**
अनैतिक कार्यों की ओर मन न लगायें। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाखुश होगा। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये।

**धनु**
आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर में पूजा-पाठ का वातावरण रहेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिये दिन अत्यधिक अनुकूल है।

**मकर**
आपकी प्रबन्धन क्षमता की प्रशंसा होगी। लम्बे समय से रुके कार्यों के पूरे होने से मन में सन्तुष्टि होगी। आप कुछ नया करना चाहते हैं जिसके लिये प्रयास भी करेंगे।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र की जटिलतायें समाप्त होंगी। बुद्धिमान साथियों और सन्तजनों का दर्शन का लाभ मिल सकता है। किसी रिश्तेदार के यहाँ घूमने जा सकते हैं।

**मीन**
दैनिक आय में कमी आ सकती है। बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें। कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है।

# जीएसटी कटौती से व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं को मिल रही राहत

## व्यापारियों की समृद्धि और औद्योगिक विकास के लिए हो रहा काम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** लहेरियासराय ऑडिटोरियम में रविवार को भाजपा व्यापार एवं वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग, उद्यमी, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दरभंगा जिला भाजपा के अध्यक्ष प्रोध आदित्य नारायण मन्ना ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंधी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव जैसे कार्यक्रम व्यापारियों को जागरूक करने और सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभों की जानकारी पहुंचाने का एक प्रभावी



माध्यम है। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी निर्णय एवं प्रभावी नेतृत्व में जीएसटी सुधार से देशभर के व्यापारियों, उपभोक्ताओं तथा उद्योग जगत को सीधा लाभ प्राप्त हुआ है। कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से किए गए इन सुधारों के फलस्वरूप व्यापार सुगमता बढ़ी है और आम जनमानस को बचत का अवसर मिला है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के हर वर्ग की सुविधा और आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिए हैं, जिसे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का संकल्प और सशक्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार हितों की रक्षा के लिए ठोस निर्णय लिए जा रहे हैं और जीएसटी सुधारों से टैक्स ढांचे में पारदर्शिता आई है। बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने कहा कि भाजपा व्यापार एवं वाणिज्य प्रकोष्ठ का उद्देश्य हर व्यापारी को जीएसटी जैसे कर सुधारों की सही जानकारी देना और उन्हें लाभ पहुंचाना है। मोदी सरकार और बिहार की डबल इंजन सरकार मिलकर व्यापारियों की समृद्धि और बिहार के औद्योगिक विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार और बिहार की डबल इंजन सरकार मिलकर व्यापारियों की समृद्धि और बिहार के औद्योगिक विकास के लिए लगातार काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि दरभंगा के व्यापार और उद्योग को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प भाजपा सरकार को लेकर है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने कहा की जीएसटी बचत उत्सव व्यापारी वर्ग के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक है। जिले के व्यापारी इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर लाभ उठाएँगे और जीएसटी सुधारों की बेहतर समझ हासिल करेंगे। छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारी इस कार्यक्रम से विशेष लाभान्वित होंगे और व्यापार को आगे बढ़ाने में नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के केशव कुमार जबकि धन्यवाद ज्ञापन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मन्नु चौधरी ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री दरभंगा लोकसभा के प्रभारी उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, डिविजनल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रेम मोहन मिश्रा, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा रमेश चौधरी, डॉक्टर मृदुल कुमार शुक्ला, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उत्सव मिश्रा, वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक पंजियार सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एंव सैकड़ो व्यापारी उपस्थित थे।

# शौर्य भारत के डांडिया धमाल से झूमी पटना सिटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा की आरती के साथ डांडिया की मस्ती में पटना सिटी झूम उठा। शौर्य भारत वेल्फ़ेयर फाउंडेशन द्वारा चौक स्थित सनातन धर्म सभा भवन में डांडिया धमाल में महिलाओं ने गरबा नृत्य भी किया. कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, समाजसेवी डॉ. अजय प्रकाश, समाजसेवी राजा राम शर्मा, पर्यावरण मित्र अन्नू कसेरा, संजीव पटवा, संजीव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया व माँ की आरती के साथ अराधना की। वहीं डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, किसान आयोग अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, मेयर प्रतिनिधि शिशिर कुमार, वार्ड पार्षद तारा देवी, वार्ड पार्षद गायत्री गुप्ता, समाजसेवी रंजीत प्रभाकर यादव, समाजसेवी डॉ. विनोद अवस्थी, डॉ. आनंद मोहन झा ने विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कृत किया।कई ग्रुप को बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेस, बेस्ट डांस परफॉर्मर का अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शम्मी रोहतगी व अमित खत्री ने किया। मंच संचालन विकास और आरती ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन राजा राम शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में आलोक चोपड़ा व उर्मिला मिश्रा मौजूद थी। वहीं इस मौके पर चक्रेश अग्रवाल, सुजीत कसेरा, संजीव देवड़ा, मिंटू जायसवाल, प्रकाश कोठारी, संजीव देवड़ा, प्रकाश कोठारी, पप्पू खत्री, अमित रस्तोगी, विकास मौड़ीवाल, मुकेश ओझा, डॉ. सरिता रोहतगी, डा. अर्चना रोहतगी आदि थे।

# 96 लाख की लागत से निर्मित संरचना का उद्घाटन

## सहकारिता से समृद्धि की ओर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना जिले के विक्रम प्रखंड स्थित प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति में 96 लाख रुपये की लागत से निर्मित एकीकृत आधारभूत संरचना का उद्घाटन आज उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सिद्धार्थ सौरव भी उपस्थित रहे। 10,000 वर्गफुट में बने इस केंद्र में 10 एमटी क्षमता का कोल्ड स्टोरेज, 20 एमटी क्षमता का गोदाम, सब्जी संग्रहण केंद्र, सॉर्टिंग-ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग शेड और कार्यालय कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार की संकल्पना हर थाली में बिहारी सब्जी को साकार करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। सभी 534 प्रखंडों में इसी तरह के सब्जी केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनका निर्माण कार्य अगले दो वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार पंचायत स्तर तक भी ऐसे केंद्र खोलेगी और बिहटा एयरपोर्ट से सब्जियों को थाईलैंड, बैंकॉक, शारजाह व दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात कर बिहार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सहकारी तरकारी केंद्र किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। यहां सब्जी संग्रहण, वॉशिंग-क्लीनिंग, सॉर्टिंग-ग्रेडिंग, पैकेजिंग, गोदाम और कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे किसानों को बेहतर भंडारण, पैकेजिंग और विपणन सुविधा मिलेगी, जिससे सब्जियों की बर्बादी रुकेगी और आय में वृद्धि होगी। सहकारिता विभाग ने राज्य के 109 प्राथमिक सब्जी उत्पादक समितियों में इस तरह की आधारभूत संरचना निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक इकाई पर लगभग 96 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साथ ही, तरकारी आउटलेट योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण ताजी सब्जियां उपलब्ध कराने तथा किसानों को बाजार से सीधे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रजत जयंती समापन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बाल हिंदी पुस्तकालय आरा में जनहित परिवार भोजपुर के वैनर तले जनहित परिवार रजत जयंती समापन समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोजपुर जिला के विभिन्न प्रखंडों से पधारे 50 कवियों ने अपनी नूतन नवीन हिंदी तथा भोजपुरी की कविताओं का पाठ किया। वरीय साहित्यकार जगत नंदन सहाय की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने अपनी भोजपुरी कविता 'रघुवर जी' प्रस्तुत कर किया तथा जनहित परिवार पत्रिका अंक-46 विशेष अंक एवं हिंदी के मानकीकरण पर आधारित संक्षिप्त संस्करण 'मानक हिंदी प्रवेश' नामक पुस्तिका का विमोचन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नर्तक एवं गायक बक्शी विकास ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जगत नंदन सहाय ने कहा कि जनहित परिवार ने पिछले 25 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में भोजपुर जिला की अग्रणी संस्था रही है। विशिष्ट अतिथि एलआईसी के डीओ सुधीर कुमार ने जनहित परिवार को अच्छे लोग अच्छे विचार वाली संस्था बताया। मंच का संचालन अतुल प्रकाश, अतिथियों का स्वागत नंद किशोर सिंह कमल व धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद सिंह ने किया। सभा में अपनी नूतन नवीन कविताओं का पाठ करने वालों में गायत्री सहाय, अजय कुमार गुप्ता अज्ञानी, जय नारायण पांडेय, डॉ. रेणु मिश्रा, डॉ किरण कुमारी, डॉ ममता मिश्रा, पूनम पांडेय, शरद सिंह, सुरेंद्र सिंह अंशु, चंद्रशेखर मिश्र, हरेराम सिंह, जय नारायण पांडेय, राम प्रहलाद तिवारी, आदित्य प्रकाश, जनमेजय ओझा, राजा राम प्रियदर्शी, दीपक सिंह निकुंभ, जय मंगल मिश्रा, कुंवर सिंह, अनिल राज, रंजन कश्यप, जन्मेजय ओझा, आदित्य प्रकाश, अलख अनाड़ी, रमेश सिंह समेत अन्य प्रमुख थे।

# दशहरा को लेकर लहसुना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** दशहरा पर्व को लेकर अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर रविवार को लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में कई जगहों पर फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल शामिल हुए। फ्लैग मार्च थाना से होते हुए कराय बाजार के बाद गुरपतिचक, चपौर तक भ्रमण कराया गया, थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांच बड़े पूजा पंडाल इस बार बनाया जा रहे हैं। सभी पूजा पंडाल के समितियों को कई आवश्यक है दिशा निर्देश दिए गए।



सभी पंडालों में अति आवश्यक मोबाइल नंबर जिसमें थाना, वरिय पुलिस अधीक्षक, अग्निशमन का नंबर पोस्ट के रूप में लगाएंगे। इसके अलावा सभी पूजा समितियां को सुरक्षा को लेकर वॉलिंटियर्स की तैनाती के साथ साथ कई आवश्यक चीजों के बारे में बताई गई हैं। इसके अलावा आम जन से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें जहां कहीं भी किसी तरह की कोई सूचना मिले तुरंत पुलिस को खबर करें और शांति सौहार्द के साथ दशहरा पर्व मनाये।

# करंट से भैंस चरा रहे अधेड़ की मौत, बचाने गई पुत्री जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना के चुल्हाईचक गांव एक चालीस वर्षीय अधेड़ विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि इस दौरान पास खड़ी उसकी 18 वर्षीया पुत्री अपने पिता को बचाने के दौरान खुद जख्मी हो गयी और उसका उपचार मसौढ़ी स्थित एक नर्सिंग होम में चल रहा है। मृतक की पहचान गांव के स्वर्गीय बंगाली प्रसाद के पुत्र शंभु प्रसाद के रूप में हुयी है। इधर घटना के बाद मृतक की पत्नी की भी स्थिति खराब है और उसका भी उपचार मसौढ़ी में चल रहा है। इधर सूचना पाकर मसौढ़ी पुलिस नर्सिंग होम पहुंची और शंभु प्रसाद को लेकर अनुमंडल हास्पिटल गयी ,वहां भी चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये पटना भेज दिया। इस बाबत मृतक शंभु प्रसाद की पुत्री शोभा कुमारी ने बताया कि गांव के कुछ दंबग लोग मेरे घर के बगल में मेरे ही पेड़ के पास अवैध रूप से बिजली का तार काट कर गांव व आसपास के कई ई-रिक्सा को चार्ज कर उससे पैसा बसूलते है। आरोप है कि मृतक व उसके परिजन जब ऐसा करने से मना करते है तो वे मारपीट पर उतारू हो जाते है।

# नवरात्रि पर एबीवीपी ने किया फलाहार कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को एपीएसएम कलेज बरौनी के परिसर में नवरात्रि के अवसर पर फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यकर्ताओं ने सर पर मां दुर्गे का चुनरी बांधकर फलाहार ग्रहण किया। इस अवसर पर बेगूसराय विभाग के विभाग संयोजक सह एलएनएमयू छात्रसंघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि जिस प्रकार सनातन परंपरा एवं संस्कृति को बदनाम करने का एक कुत्सित प्रयास वामपंथी व कट्टरपंथी मानसिकता के लोगों के द्वारा किया जा रहा है। उसका जवाब देने के लिए हम लोगों ने इस फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया है।




कई अवसरों पर हम ऐसा देखते हैं कि इफ्तार पार्टी में भी अपने आप को सेकुलर कहने वाले लोग उपस्थित रहते हैं। लेकिन ऐसे अवसरों पर उनकी उपस्थिति नगण्य रहती है। इसलिए हम लोगों ने फलाहार कार्यक्रम सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया है। समाज को अब सनातन संस्कृति को और मजबूती देने के लिए इस प्रकार के आयोजनों में शामिल होना चाहिए और इस प्रकार के आयोजन को समाज के बुद्धिजीवियों को एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को भी करना चाहिए। सेकुलरिज्म के लिए सिर्फ इफ्तार में शामिल होना और फलहार जैसे कार्यक्रमों से दूरी बनाना कहीं ना कहीं सनातन संस्कृति को कमजोर करने की साजिश। दिखाई देती है। नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं एसएफडी प्रमुख सौरभ कुमार ने कहा कि हम भारत की गौरवशाली परंपरा के उन्नायक हैं। हम इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से सभी सनातनियों से आग्रह करना चाहते हैं कि आप अपने पर्व को गौरव के साथ मनाए। ऐसे अवसरों पर समाज को भी प्रेरित करें स मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक विकास झा नगर सह मंत्री स्वराज कुमार प्रिंस कुमार कलेज मंत्री अंकित कुमार, सिंटू कुमार, आदित्य, अनिकेत कुमार आनंद जितेंद्र माधव, निरंजन, छात्र नेता ध्रुव कुमार, प्रदीप कुणाल, राज, नवनीत, ऋषि सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने लोगों की सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** कांग्रेस नेत्री सह पूर्व सदर विधायक अमिता भूषण ने रविवार को वीरपुर क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया। अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पदयात्रा का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को इस पदयात्रा के क्रम में श्रीमती भूषण ने बीरपुर प्रखंड के जगदर पंचायत में जनता से सम्पर्क किया। पदयात्रा बीरपुर पूल से शुरू होकर रोशतमाय मुरादपूर, फजीलपूर होते हुए जगदर गांव के हर वार्ड में पहुंची। जिसमें पंचायत के सैकड़ों स्थानीय लोग उत्साहित होकर साथ चल रहे थे। जगदर में सैकड़ों



महिलाएं को श्रीमती भूषण ने संबोधित भी किया। श्रीमती भूषण ने उपस्थित महिलाओं को सरकार बनने पर रोजगार मुहैया कराने का भरोसा दिलाया। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए सैकड़ों महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे कुछ छात्रों ने अपनी समस्याएं रखीं और कहा कि हमलोग वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली और वादा खिलाफी से दुखी हैं। जिसपर श्रीमती भूषण ने कहा कि हमारे सरकार की पहली प्राथमिकता रोजगार होगी। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष धर्म राज सहनी, आनंद कुमार, जयशंकर यादव, विपिन पासवान,मनोज शर्मा, श्रीकृष्ण सिंह, डा. रामसागर सिंह, डा. गीता सिंह, शिवम गौतम, चंदन कुशवाहा, अमित शाह, हीरा कुमार, राम जीवन पासवान, दिलीप पासवान,अनिल यादव, अर्जुन पासवान, रंजीत चौधरी, खुशीलाल, प्रभांशु बिट्टू, विकास कुमार, महिला प्रखंड अध्यक्ष रोशनी कुमार, शंभु साह, राजदीप ठाकुर, मो जुबेर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मासूम की मौत मामले में मृतक की मां ने तीन लोगों पर दर्ज करायी हत्या की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपुरा बीघा में बीते शनिवार की दोपहर को एक 7 साल के एक बच्चे की पंखे से लटके हुए शव मामले में मृतक की मां अंजू देवी पति उदल कुमार उर्फ अमर कुमार के बयान पर गांव के ही तीन लोगों पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल पीड़ित अंजू देवी के दिए गए लिखित बयान में कहा गया है कि जब हम मसौढ़ी बाजार करने गए हुए थे तो अचानक किसी गांव के लोगों ने हमें फोन किया कि आपका बेटा का शव पंखे से लटका हुआ है, जब भागे भागे घर आए तो देखें कि वह मृत लटका पड़ा हुआ है, कुछ दिन पहले ही गांव के ही सुदामा प्रसाद ने धमकी दी थी मुझे आशंका है कि इन्हीं लोगों ने हत्या करके शव को लटका दिया है जिसमें सुदामा प्रसाद उम्र 50 वर्ष पिता द्वारिका प्रसाद, ज्ञानती देवी उम्र 30 वर्ष पिता सुदामा प्रसाद, मैंनामती देवी उम्र 45 वर्ष पति सुदामा प्रसाद सभी जगपुरा गांव के रहने वाले हैं ।इसके अलावा धमकी दिया है कि अगर केश करोगे तो बेटा विहीन कर देंगे, पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हैं।

## एक नजर

### 3100 नगदी व शराब के साथ एक गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा बाजार से 750 एमएल के 7 बोतल और 180 एमएल के 70 टेट्रापैक शराब के साथ संदीप कुमार साह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर बबुरा निवासी स्व जय प्रकाश साह का पुत्र है। पुलिस को शनिवार रात गुप्त सूचना मिली कि बबुरा बाजार स्थित बाबा सिंगार दुकान के समीप एक युवक शराब बेंचने के लिए रखा है। पुलिस छापेमारी के लिए तुरत पहुचीं। जहां शराब तस्कर विदेशी शराब और 3100 रुपये नगदी के साथ पकड़ा गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी 01 अप्रैल 2016 से लागू है। शराब बंदी कानून के तहत शराब का निर्माण, बिक्री, खरीद, परिवहन और सेवन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कहा कि राज्य में नशामुक्ति के लिए लगातार निगरानी और छापेमारी जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब की सूचना देने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीएसपी लूटकांड के तीन आरोपित भेजे गये जेल

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के संदेश पवना रोड स्थित पावर हाउस के समीप 12 सितंबर 2025 को सीएसपी संचालक रितेश कुमार पंडित से 4.74 लाख लूट के नामजद तीन आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में सहार थाना क्षेत्र के सेवथा निवासी गोबिंद उर्फ छोटे लाल, संदेश थाना क्षेत्र के रामासाढ़ निवासी सूरज कुमार, नारायणपुर थाना क्षेत्र के बधुअई निवासी अभिषेक कुमार है। लूट के संबंध में सीएसपी संचालक रितेश ने संदेश थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। जिसको लेकर पुलिस सक्रिय हो गयी थी। 12 सितंबर को पुलिस ने दो नामजदो को रुपये, पिस्टल व बाइक के साथ चेकिंग के दौरान अजीमाबाद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया था। संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि टीम गठित कर अलग अलग थाना क्षेत्रो से तीन नामजद आरोपितो को पकड लिया गया। अभी भी एक नामजद पुलिस के पकड़ से बाहर है। उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा के मद्देनजर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से रविवार को फ्लैगमार्च किया। एसडीएम सन्नी कुमार सन्नी, एसडीपीओ कुंदन कुमार की अगुआई में वृंदावन, नावकोठी, छतौना, गौरीपुर, देवपुरा, पीरनगरआदि स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। पदाधिकारियों ने विभिन्न दुर्गा मंडप का अवलोकन किया। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करने की अपील की। प्रशासन उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है।किसी प्रकार का ऐसा कार्य नहीं करने की अपील की जिससे विधि व्यवस्था में खलल हो। श्रद्धालुओं से भक्ति भाव से नवरात्रि पूजा करने की अपील की।अवैध शराब कारोबारी एवं शरारती तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। मेला अथवा अन्य स्थानों पर उधम करने वाले उपद्रवियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की विशेष रूप से तैनाती भी की गई है। मौके पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, एस आई विश्वजीत कुमार, मोहम्मद इस्माइल, रंजीत कुमार, सुबोध कुमार आदि के अतिरिक्त पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### नशे की हालत में गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने पहसारा पूर्वी पंचायत के पीरनगर चौक से संध्या गश्ती के क्रम में एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी मुफ्फसिल थाने के नवटोलिया का राम किशुन महतो का पुत्र अमरदीप कुमार है। वह शराब के नशे में पीरनगर चौक पर उत्पात कर रहा था। इसे ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया।इस गिरफ्तारी में एस आई विश्वजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### देव स्थानों पर सफाई अभियान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत देव स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया। स्थानीय पंचायत नावकोठी में मुखिया राष्ट्रपति कुमार के नेतृत्व में पंचायत भवन परिसर तथा सती स्थान में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। श्री कुमार ने कहा कि पंचायत में स्वच्छ भारत अभियान तथा स्वच्छ लोहिया बिहार ग्रामीण योजना के तहत प्रतिदिन स्वच्छता मित्र साफ, सफाई कर निकले हुए कचरे का सही निस्तारण कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में स्वच्छता मित्र के साथ अन्य पंचायत वासियों का सहयोग नितांत है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सप्ताह में कम से कम दो घंटे का समय देकर पंचायत को साफसुथरा रखने में सहयोग करने की अपील की। शनिवार की शाम में सती मंदिर परिवार में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। दीप की रोशनी से संपूर्ण मंदिर परिसर जगमगा गया। मौके पर जिप प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा, स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, वार्ड सदस्य महेश कुमार महतो, मुरारी कुमार, शत्रुघ्न कुमार, स्वच्छता मित्र बिरजू मल्लिक, मनोज कुमार, कारी मल्लिक आदि मौजूद थे।

### जनवादी लेखक संघ ने की समीक्षा गोष्ठी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के न्यू चाणक्य नगर में जनवादी लेखक संघ के तत्त्वावधान में युवा कवि मुकेश कुमार की कविताओं का एकल पाठ सह समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष तथा जीडी कलेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष ड राजेन्द्र साह ने इसकी अध्यक्षता की। जबकि सचिव राजेश कुमार ने संचालन किया। जनकवि दीनानाथ सुमित्र ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उनकी स्मृति में वक्तव्य दिया। उसके बाद मुकेश कुमार ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें समर्पित एक कविता सुनाई। इसके अलावे तीस कविताओं और गीतों का सस्वर पाठ किया। संघ के राज्य सचिव कुमार विनीताभ ने समीक्षात्मक वक्तव्य में कहा कि मुकेश कुमार ने कविताओं और गीतों में मानवीय भावनाओं, विचारों और अनुभवों को लय, छंद, तुकबंदी और आलंकारिक भाषा का सायास प्रयोग किया है। इस अवसर पर भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, ड रामगोपाल झा, चंदन कुमार वत्स, मिथिलेश कांति, विजय कुमार चौधरी, राज किशोर सिंह, रामतीर्थ सिंह, पंकज कुमार सिंहा, जीवेश कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, सोनू कुमार, राजीव महतों, चंदन कुमार सिंह, मो हयात अली, दीपक सावरकर, दीपक कुमार सहित कई साहित्यप्रेमी मौजूद थे। कनक कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नवरात्रि फलाहार कार्यक्रम में पहुंचे लोग

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल के बाजितपुर रोड स्थित भाजपा नेता डॉक्टर सियाराम सिंह के द्वारा एक नया पहल किया गया। नवरात्रि में फलाहार कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग आकर फलाहार किया। इस कार्यक्रम के संचालक डॉक्टर सियाराम सिंह ने बताया कि नवरात्रि की पावन महीना में पिछले वर्ष डिप्टी सीएम विजय सिंह एवं विधान परिषद अनामिका जी के यहां भी यह कार्यक्रम रखा गया। तो हमने सोचा कि क्यों ना बाढ़ संगठन जिला भाजपा में भी नवरात्रि में यह कार्यक्रम रखा जाए। भाजपा नेता संजीव कुमार मुन्ना जी के द्वारा यह कार्यक्रम का पूरा लेखा-जोखा तैयार किया गया। भाजपा नेता संजीव कुमार मुन्ना ने बताया कि यह सनातनियों के लिए एक अच्छा पहल किया गया। जिससे कि लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। इसी तरह आगे भी लोगों के द्वारा कार्यक्रम किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रोताओं ने सुनी मन की बात

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटीया विधानसभा क्षेत्र के छौडादानो अवस्थित भेलवा पंचायत के बुथ संख्या 35 पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात सुना गया,भेलवा पंचायत के आसपास के पंचायत गांवों से सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण उपस्थित थे,मन की बात 126 वे संस्करण में



राष्ट्रीय वाद की परिकल्पना करतें हुए राष्ट्रनिर्माण की बात कही, उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को सराहना करते हुए कहा कि अच्छी गुणवत्ता के साथ देश आगे बढ़ने को तैयार हैं हमें अपने उत्पाद पर भरोसा कर खरीदना चाहिए,दिवाली, नवरात्रि,छठ पर्व पर खरीददारी अपने स्वदेशी वस्तुओं पर होना चाहिए, मुख्य अतिथि के रुप में बेतिया सांसद डाक्टर संजय जायसवाल थे जिन्होंने मोदी की प्रशंसा करते हुए अनगिनत विकास कार्यों की समीक्षा लोगों के बीच की , लोगों ने सांसद के दमदार बातों पर जोरदार तालियों से स्वागत किया,साथ में ध्रुव प्रसाद, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, मौजूद थे।

### फर्जी पासपोर्ट के सहारे भारत में घुसने की फिराक में एक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल स्थित आव्रजन आफिस में 'दे कोटे द आइवर' नामक देश के नागरिक कोउस समय अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया जब वह बुर्किना फासो देश के पासपोर्ट और एक्सपायर विजा अवधी के सहारे नेपाल से भारत में घुसने की फिराक में था। रक्सौल स्थित आव्रजन ऑफिस में कागज सत्यापन करते समय अधिकारियों ने देखा कि दस्तावेज प्रस्तुत करने वाला " दे कोटे द आइवर " देश का निवासी है लेकिन उसका प्रस्तुत पासपोर्ट बुर्किना फासो देश का है। वही उसके द्वारा जो विजा प्रस्तुत किया गया था उसकी अवधी भी 3/9/2022 तक ही वैलेड थी। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का नाम के. के.जेरोम ( उम्र 39) है और वह पहली बार 10/4/2022 को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर आया था। रक्सौल आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत मे ले कर आगे की कार्रवाई के लिए हरैया पुलिस को सौंप दिया है।

### विद्युत विभाग की टीम ने तीन प्राथमिकी करायी दर्ज

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी एवं कृषि कार्य में लगे तार चोरी के मामले को लेकर घोड़ासहन थाना में तीन अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.उक्त प्राथमिकी कनीय विधुत अभियंता सागर कुमार झा आवेदन पर की गई है. पहली प्राथमिकी थाना क्षेत्र भेलवा- शेखौना मार्ग में कृषि कार्य मे लगे तार की पोल से चोरी करने को लेकर है.जहां अज्ञात चोरों द्वारा 36 पोल पर लगे 11'५ का तार चोरी कर लिया गया था जिससे विधुत विभाग को लगभग एक लाख छब्बीस हजार का नुकसान हुआ है. दुसरी प्राथमिकी विजयी गांव में विद्युत चोरी मामले में कराया गया है.जिसमे संबंधित गांव निवासी बैधनाथ महतो,ऊषा देवी पर हुआ है इन लोगों द्वारा बिजली का मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विधुत उपभोग किया जा रहा था.जेई श्री झा ने बताया कि उपर्युक्त तीनो मामलों में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।

### नाश्ते की दुकान में निकला अजगर, मचा हड़कंप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के केसरिया पंचायत अंतर्गत हसनापुर चौक पर एक नाश्ते की दुकान में रविवार की सुबह अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि यह अजगर आसपास की झाड़ियो और रोहुआ नदी के रास्ते से होकर गेना साह के घर तक पहुचा है। स्थानीय लोगो द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।अजगर को देखने के लिए वहां भीड़ जमा हो गई। हालांकि पहले लोग डर गए लेकिन बाद में उसे पकड़ कर सुरक्षित रखा था। जिसे कुछ देर बाद पहुचीं वन विभाग की टीम को सौप दिया। स्थानीय ग्रामीण और आसपास के दुकानदारों ने बताया कि इधर कुछ दिनों से क्षेत्र में अजगर निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुछ दिन पहले भी एक अजगर दिखाई दिया था, जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़कर सुरक्षित अपने साथ ले गई। वही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि तारिक अनवर ने बताया कि वार्ड संख्या 12 हसनापुर चौक पर गेना साह के नाश्ता, मिठाई की दुकान में अजगर निकला हुआ था जिसे पकड़कर सुरक्षित वन विभाग की टीम को सौंप दिया गया है।
480/990

### भोजपुरी सिनेमा को नई पहचान दिलाएगी फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' : मनोज भावुक

**छपरा (सारण)केके सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो ।** वरिष्ठ साहित्यकार व अभिनेता मनोज भावुक ने कहा है कि भोजपुरी सिनेमा पर लगे कलंकों को मिटाने और सकारात्मक पहचान दिलाने की क्षमता हाल ही में प्रदर्शित फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' में है, जिसका वह स्वयं हिस्सा हैं। जिसके लिए




सभी गीतों को उन्होंने खुद लिखा है। मनोज भावुक ने बताया कि यह फि ल्म पूरी तरह पारिवारिक और सार्थक है, जिसे पूरा परिवार निःसंकोच साथ बैठकर देख सकता है। इसमें न तो अनावश्यक दृश्य हैं और न ही फालतू संवाद। फि ल्म गीत-संगीत, कथा-पटकथा, अभिनय व निर्देशन के दम पर दर्शकों को बांधने में सफल है। उन्होंने निर्देशक रजनीश मिश्रा और कलाकारों की तारीफ करते हुए कहा कि बिना किसी तथाकथित स्टार के भी फि ल्म सफल हो सकती है, अगर उसकी प्रस्तुति सशक्त हो। इस फि ल्म के जरिये भोजपुरी समाज को एक नई राह दिखाने और जोड़ने-संवारने का प्रयास किया गया है। श्री भावुक ने कहा कि वे केवल अभिनेता होने के नाते नहीं बल्कि दर्शक के तौर पर भी फि ल्म देखकर संतुष्ट हैं। उन्होंने भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों से अपील की है कि वे फि ल्म अवश्य देखें और अपनी बेबाक प्रतिक्रिया दें।

### आठ पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से बनेंगे कन्या विवाह मंडप योजना के भवन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 1 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य के 663 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन तथा 1000 विवाह मंडपों का पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर प्रखण्ड के संबंधित पंचायतों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि प्रखंड अन्तर्गत सात पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास करेंगे। इनमें रुपहारा, माधोपुर, रामपुर उत्तरी, सिरौना, मधुबनी, मीरपुर एवं मिश्रोलिया पंचायत शामिल हैं।

# निःशुल्क बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवरात्र, दीपावली और छठ महापर्व पर आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विशेष पहल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षित सफर योजना के तहत निशुल्क बस सेवा की शुरूआत की गई है। यह सेवा प्रतिदिन रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक संचालित होगी। इसके तहत बेतिया रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड, आईटीआई चौक, चेक पोस्ट, सोवा बाबू चौक, राज देवड़ी, तीन लालटेन चौक और समाहरणालय चौक तक यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। पुलिसकर्मी न केवल बस सेवा की देखरेख करेंगे बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और मदद भी करेंगे। इस पहल का उद्देश्य त्योहारों की भीड़भाड़ और देर रात यात्रा के दौरान लोगों को सुविधा और भरोसेमंद सुरक्षा उपलब्ध कराना है। पुलिस के इस पहला से रात को रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। बता दे कि पर्व त्यौहार के दिनों में बड़ी संख्या में बाहर से कमा कर लोग घर लौटते हैं। इनमें से अधिकतर लोग बेतिया रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। रात में रेलवे स्टेशन से घर जानेवाले यात्रियों को कई बार चोर उचक्के शिकार बना उनसे लूटपाट करते हैं। पुलिस के इस पहल से इस पर अंकुश लग जाएगा।



## मैनाटांड़ में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# उपर मोदी नीचे नीतीश से हो रहा है बिहार का विकास : सतीश

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड स्थित स्टेडियम के प्रांगण में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मंत्री सतीश चंद्र दुबे और सांसद सुनील कुशवाहा पूर्व विधायक दिलीप वर्मा शामिल हुए। जहां कार्यक्रम में वरीय नेता ई रमेश प्रसाद समृद्ध वर्मा शिवेंद्र कुमार शिबू भागवत ठाकुर रूपक श्रीवास्तव आदि ने मंत्री और सांसद को फूल माला पहनकर अंग वस्त्र भेंट किया। मंच का संचालन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष संजय पटेल ने की। इस दौरान खनन मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा ऊपर मोदी नीचे नीतीश तब हो रहा है विहार का विकास। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए जनता से कहा कि विपक्ष जुमलेबाजी वाले वादे कर रहा है। उन्होंने बिहार के मुखिया नीतीश कुमार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा आज महिला सशक्तिकरण जीविका दीदियों को रोजगार के लिए 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता आदि का उल्लेख किया। सांसद सुनील कुशवाहा ने सभा में वृद्धा पेंशन में वृद्धि और 125 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी कई सरकारी योजनाओं का उल्लेख किया।



### वेल नेवतन में भक्त गण बढ़ चढ़ कर निमंत्रण स्थल पहुंचे

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय श्यामपुर बाजार के राम-जानकी मन्दिर में नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने वेल निमंत्रण में भव्य झांकी निकाली इसके साथ ही सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं भाग लिए, भक्तगण मंदिर प्रांगण से निकल कर मस्जिद रोड़ होते हुए विभिन्न चौंक चौराहों से गुजरते हुए अंचल कार्यालय के समिप वेल नेवतन दिया ,इस कार्यक्रम को सुरक्षित व्यवस्था देने के लिए स्थानीय थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने अपने जवानों के साथ तैनात दिखे ,आयोजक मंडल में बीरबहादुर प्रसाद, मोनू कुमार,शनि कुमार, दिनेश पडित,छोटू कुमार, सहित पूजा समिति के लोग शामिल थे।

# असहनी स्थित आराध्या विद्या निकेतन में डांडिया नृत्य का आयोजन





**एकमा/रसूलपुर (सारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के असहनी गांव स्थित आराध्या विद्या निकेतन में रविवार को नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नृत्य का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र तिवारी के निर्देशन में हुआ। प्रधानाध्यापक देवेंद्र तिवारी ने बताया कि डांडिया नृत्य नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच हुए युद्ध में देवी की विजय का प्रतीक है। डांडिया की रंगीन छड़ें मां दुर्गा की तलवार का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती हैं। इस नृत्य के माध्यम से भक्तजन देवी दुर्गा को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि डांडिया नृत्य के दौरान छड़ियों से उत्पन्न ध्वनि को सकारात्मक ऊर्जा का संचारक माना जाता है, जो वातावरण से नकारात्मकता को दूर करती है। गरबा और डांडिया गुजरात के पारंपरिक लोक नृत्य हैं, जिनकी उत्पत्ति वहीं से हुई है और शारदीय नवरात्रि में इनका विशेष महत्व है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं अंजलि, सानिया, अर्चना, कंचन, जरीना, राधा व पिंकी आदि ने कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। वहीं छात्राओं आराध्या, साक्षी, रागिनी, सोनाक्षी, प्रिया, अंशिका, काव्या, कृषिका व अंशु के आकर्षक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। प्रधानाध्यापक देवेंद्र तिवारी ने सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आगामी 2 अक्टूबर को 51 फीट ऊंची रावण की प्रतिमा का होगा दहन

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के गांधी मैदान स्थित आयोजन स्थल पर विजयादशमी आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रख्यात चिकित्सक डॉ० आशुतोष शरण ने किया। बैठक में विजयादशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम पर चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, मुख्य अतिथि गन्ना उद्योग मंत्री, बिहार सरकार कृष्णनदंन पासवान एवं विशिष्ट अतिथि मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार होंगे। गाँधी मैदान में 51 फीट ऊँची रावण की प्रतिमा को दिल्ली के कलाकारों द्वारा तैयार किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर से राम जी की सवारी निकलेगी जो



गौरीशंकर स्कूल, चित्रगुप्त मंदिर, मधुबन छावनी चौक, गाँधी चौक और हॉस्पिटल चौक होते हुए गाँधी मैदान पहुंचेगी। उसके बाद गाँधी मैदान में रावण दहन सम्पन्न होगा। गौरतलब है कि 02 अक्टूबर से 04 अक्टूबर तक बापूधाम महोत्सव का आयोजन होना है जिसके अंतर्गत ही रावण दहन का कार्यक्रम होगा।

### संवेदनशील इलाकों में तैनात रहेंगे अतिरिक्त बल

**पूजा पंडालों में डीजे पर रोक**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में एसएसपी डा शौर्य सुमन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पूजा पंडालों में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखे। आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ तुरंत विधिसम्मत कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन केवल कृत्रिम तालाबों में ही कराया जाएगा। ताकि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की हिदायतों का पालन सुनिश्चित हो सके। एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल की तैनाती कर चौकसी बढ़ाई जाए।

# संदेहास्पद स्थिति में रक्सौल के रनिंग रूम में लोको पायलट की मौत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल के रेलवे रनिंग रूम में लोको पायलट प्रमोद कुमार चौधरी (41) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रमोद चौधरी नरकटियागंज मुख्यालय से कार्यरत थे और ट्रेन संख्या 55585 के चालक थे। वह पूर्वी चंपारण जिले के परसौनी गांव निवासी सत्यदेव राम रजक के पुत्र थे। घटना के संदर्भ मे बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात करीब ढाई बजे प्रमोद चौधरी बेड से उठते समय अचानक गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। पास में सोए उनके सहकर्मी लोको पायलट ने आवाज सुनकर तुरंत सहयोगियों की मदद से उन्हें डंकन अस्पताल पहुंचाया। वहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



**परिजनों ने लगाया रेलवे पर लापरवाही का आरोप**

मृतक के परिजनों ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रनिंग रूम के कमरे में लगी एसी खराब थी, जिससे लगातार पानी टपक रहा था। इसी कारण फर्श भीग गई थी और फिसलन के कारण प्रमोद चौधरी गिर पड़े। परिजनों ने यह भी बताया कि प्रमोद शौच के लिए उठे थे तभी यह हादसा हुआ। मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने रक्सौल थाने में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही समस्तीपुर मंडल के एडीआरएम आलोक कुमार झा, आरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट आरके सिन्हा व स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई एंगल से जांच की। रनिंग रूम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

**पुलिस ने यूडी केस किया दर्ज**

पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव को मोतिहारी पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई विकास पासवान की अगुवाई में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। एडीआरएम आलोक कुमार झा और आरपीएफ कमांडेंट ने बताया कि मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। जांच जारी है।

### तीन पंचायतों में एक अक्टूबर को पंचायत भवन का होगा शिलान्यास

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के तीन पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास एक अक्टूबर को होगा। यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्या ने दी है। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुरैनिया हरसरी, शिकारपूर,और केहुनिया रोआरी पंचायत में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास होगा। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। तीनों पंचायतों में इसका निर्माण पंचायत मद से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन निर्माण को लेकर अंचल की ओर से भूमि का एनओसी भी दे दिया गया है। बीपीआरओ ने बताया कि हर पंचायत भवन के लिए औसतन करीब तीन करोड़ रुपए खर्च होना है।

# ईस्ट चंपारण लायंस क्लब के सहयोग से 82 लोगों की मुफ्त जांच

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब और लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक के लायन सदस्य पंकज कुमार के द्वारा आज मोतिहारी नवयुवक पुस्तकालय में चौथे रविवार को शिविर लगाकर 38 लोगो का ब्लड प्रेशर तथा मधुमेह की निशुल्क जांच कराई गई जिसमें मधुमेह के कुछ नए मरीज पाए गए जिन्हे मौके पर मौजूद क्लब सचिव लायन डॉ सच्चिदानंद पटेल ने नियमित योग के साथ-साथ सुबह में तेज गति से पैदल चलने की सलाह दी। दूसरी ओर क्लब ने अपने सदस्य लायन डॉ अभिनव दीपंकर के सहयोग से मुफ्त आँख जाँच शिविर का आयोजन द मोतिहारी आई हॉस्पिटल, टाउन थाना के सामने किया,जहाँ कुल 44 मरीजों की जाँच हुई जांच के क्रम में कुछ मरीज मोतियाबिंद के भी पाए गए` क्लब अध्यक्ष अशोक जायसवाल तथा विजन के चेयरपर्सन सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोतियाबिंद मरीजों को आगे कैंप लगाकर क्लब के द्वारा मुफ्त में ऑपरेशन भी कराया जाएगो दोनों शिविर में सहयोग करने वाले प्रमुख सदस्यों में कोषाध्यक्ष सुधांशु रंजन, , क्लबयू एडमिनिस्ट्रेटर मनोज जायसवाल, सुजीत कुमार सिंह, डॉ सुरेश चंद्रा, राजकिशोर प्रसाद,अनिल कुमार वर्मा, सुरेश चौधरी, सोनल सरस्वती चंदन कुमार सहित अन्य थे` इसकी जानकारी क्लब पी आर ओ सुजीत कुमार सिंह ने दिया।



# विश्व रेबीज दिवस : रेबीज रोधी टीकाकरण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रेबीज रोग पर नियंत्रण व उन्मूलन करना है तो रेबीज रोग से बचाव के लिए विशेष रूप से बच्चों को जागरूक करने की जरूरत**

**मोतिहारी/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर के एसएनएस कॉलेज भवन, ज्ञान बाबू चौक के समीप प्रान्तीयकृत पशु चिकित्सालय परिसर में विश्व रेबीज दिवस रेबीज रोधी टीकाकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि विश्व रेबीज दिवस हर साल 28 सितम्बर को मनाया जाता है। रेबीज दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य रेबीज रोग पर नियंत्रण व उन्मूलन करना है और रेबीज रोग से होने वाले मानव एवं पशुधन के प्राण की रक्षा,आमजनों के बीच रेबीज से बचाव के लिए जागरूकता फैलाना है। विश्व रेबीज दिवस लुई पाश्चर के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने पहला एंटी रेबीज टीका बनाया था। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए पशु शल्य चिकित्सक डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रेबीज रोग से बचाव के लिए विशेष रूप से बच्चों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं से अनाश्वयक संपर्क में आने से बचना चाहिए और पालतू कुत्तों के साथ-साथ बेसहारा कुत्तों का भी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि रेबीज रोग का उन्मूलन हो सके। डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जानवर के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीन के लिए तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें। चिकित्सीय परामर्श के अनुसार एंटी रेबीज की सूई लेना आवश्यक है। इस मौके पर डॉ. भनिता कुमारी,जिला नोडल पदाधिकारी (रेबीज वैक्सीन टीकाकरण) ने विस्तार से रैबीज रोधी टीकाकरण के बारे में लोगों को जानकारी दी। प्रान्तीयकृत पशु चिकित्सालय मोतिहारी सदर के पशु शल्य चिकित्सक डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव कुत्तों का रेबीज रोधी टीकाकरण कर रहे थे।डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि शाम 4.00 बजे तक लगभग 60 श्वान(कुत्ता) का टीकाकरण किया जा चूका है। उन्होंने इस मौके पर बीमार कुत्तों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया। कार्यक्रम में डॉ. शशि भूषण प्रसाद, डॉ. ओम प्रकाश प्रसाद, डॉ. शंभू शरण, डॉ. अमन कुमार सिन्हा, डॉ. संजीव कुमार,डॉ. रूपेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र कुमार पासवान, राज कुमार गुप्ता, श्री ज्ञान प्रकाश, शिवशंकर प्रसाद, जियाउल हक, मो. नईम , रमेश कुमार, श्री नरेन्द्र कुमार समेत अनेक चिकित्सक व कर्मी पशुपालक तथा श्वानप्रेमी मौजूद थे।



# ईश्वर शांति महाविद्यालय में अब विधि स्नातक की भी पढ़ाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन प्रखंड के झखरा स्थित अम्मा ट्रस्ट द्वारा संचालित ईश्वर शांति महाविद्यालय में अब विधि स्नातक की भी पढ़ाई चालू सत्र से आरंभ कर दी जायेगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाईन आवेदन स्वीकार कर लिये गये है। जिसकी सूची में यह कालेज भी शामिल हो गया है। कालेज के निदेशक ज्ञानेन्द्र शरण ने ईश्वर शांति महाविद्यालय के स्थापना काल से लेकर अबतक के सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले के लिए यह सौभाग्य की बात है कि विधि की पढ़ाई करनेवाले अभ्यर्थियों को अब दूसरे जिले में नही जाना पड़ेगा। बाल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता मिलने के बाद इस सत्र से यहां विधि की पढ़ाई आरंभ कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में ईश्वर शांति कालेज में स्नातक के सभी संकायों में पढ़ाई आरंभ की गयी थी। डिग्री कॉलेज द्वारा स्नातक के विभिन्न विषयों जिनमे साइंस, आट्र्स और कॉमर्स की पढ़ाई पूर्व से बेहतर सुविधाओं के साथ दी जाती रही है। अब इस संस्थान ने पुनः एक बार उच्च शिक्षा को अत्यधिक विकास के दृष्टिकोण से सुदरवर्ती क्षेत्र के छात्रों के विकास के लिए अपने अथक प्रयास से विधि की भी पढ़ाई अपने संस्थान में कराने के लिए बार कॉन्सिल ऑफ इंडिया में अपना आवेदन सौंपा। जिसके बाद विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरते हुए काउंसिल द्वारा इस संस्थान को मान्यता देते हुए वर्ष 2025- 26 से पढ़ाई के लिए निर्देश दे दिया है। श्री शरण ने बताया कि ईश्वर शांति महाविद्यालय में विधि स्नातक की पढ़ाई के लिए दो फैकल्टी दिए गए हैं जिसमें 3 वर्षीय एलएलबी की पढ़ाई, तो वही 5 वर्ष के लिए स्नातक सहित एलएलबी की पढ़ाई कराई जाएगी, जिसमें संस्थान को दोनों फैकल्टी में अलग-अलग 120 सीट की जगह दी गई है। इस संस्थान में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया नामांकन के लिए इच्छुक छात्र/छात्राएं अपना नामांकन प्रक्रिया दर्ज करा सकते हैं। जो इस वर्ष से प्रारंभ कर दी गई है, वहीं चयनित छात्रों को बेहतर सुविधा के साथ इस संस्थान के द्वारा स्नातक के साथ-साथ विधि की भी पढ़ाई की भी बात बताई गई है। मौके पर ईश्वर शांति कालेज के सचिव सत्येंद्र शरण, विधि स्नातक कालेज के सचिव शैलेंद्र शरण, सीडब्ल्यूसी धीरेंद्र शरण, प्रोफेसर डॉ बी एन दुबे, एवं प्राचार्य शब्बा खानम आदि मौजूद रहे।




### किराना दुकान के गोदाम में घुसा 6 फीट का काला कोबरा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सरिसवा बाजार में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक किराना दुकान के गोदाम में करीब छह फीट लंबा काला कोबरा घुस आया। अचानक सांप दिखने से दुकानदार सहित आसपास मौजूद लोग दहशत में आकर दुकान से बाहर निकल गए। कुछ ही देर में बाजार में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार, यह जहरीला सांप मनोज जायसवाल की किराना दुकान के गोदाम में छिपा हुआ था। जैसे ही इसकी भनक लोगों को लगी, उन्होंने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित पकड़ लिया।

# डीएम-एसपी का फ्लैग मार्च, दुर्गा पूजा पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** दुर्गा पूजा के अवसर पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च की शुरुआत हॉस्पिटल मोड़ से हुई, जो ठाकुरबाड़ी, मलहचक और ऊंटा मोड़ होते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात रहे। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मार्च के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जगह-जगह रुककर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं डीएम अलंकृता पांडेय ने लोगों से अपील की कि वे दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व को पूरी श्रद्धा और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता और भक्ति का प्रतीक है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की अफवाहों या गलत सूचनाओं पर ध्यान न दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो तत्काल नजदीकी थाना या प्रशासनिक अधिकारी को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि जिले में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी ताकि लोग निश्चिंत होकर पर्व का आनंद ले सकें। जिलाधिकारी ने वीडियो संदेश जारी कर यह भी कहा कि दुर्गा पूजा ऐसा पर्व है जिसमें लोग पूरे परिवार के साथ बाहर घूमने और पूजा-पंडालों में दर्शन करने निकलते हैं। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने सभी जिलेवासियों को दुर्गा पूजा और नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं। फ्लैग मार्च के दौरान माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा। शहरवासियों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और भरोसा जताया कि इस बार दुर्गा पूजा उत्सव निश्चित होकर, उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

## आपसी विवाद में मारपीट, चार घायल, दो रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चंदौल गांव में दुर्गा पूजा पंडाल के पास आपसी विवाद को लेकर बुधवार को दो पक्षों में मारपीट हुई। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर स्थिति में रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष से स्वर्गीय मनु यादव के 62 वर्षीय पुत्र उपेंद्र यादव जबकि दूसरे पक्ष से रोशन कुमार, रघुवर यादव और रवि कुमार घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर जमील अख्तर ने उपेंद्र यादव और रोशन कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। घायल रघुवर यादव ने बताया कि पूजा पंडाल में कुछ लोग ताश खेल रहे थे। मना करने पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।

# स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत जहानाबाद जिले में होगी स्वच्छ एवं हरित पूजा पंडाल प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कराया जा रहा था इस अवधि को बढ़ाकर 31अक्टूबर 2025 किया गया है। इस अभियान के तहत विभागीय निर्देश के आलोक में नवरात्र के लिए बेहतर बने पूजा पंडाल एवं छठ घाटों तथा पंडाल समितियों के लिए प्रतियोगिता कराई जा रही हैं जिसका मुख्य थीम इस प्रकार है : -

पूजा पंडाल, मेला परिसरों एवं आयोजन स्थलों को कचरा विहीन बनाया जाना है, पूजा पंडाल को एकल प्लास्टिक मुक्त एवं इको फ्रेंडली बनाया जाना, पूजा पंडालो में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रेषित स्वच्छता संदेशों का बैनर एवं होर्डिंग लगाए जाना, पूजा पंडाल के लाउडस्पीकर से लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के स्वच्छता गीतों एवं स्वच्छता संदेशों का समय-समय पर प्रसार किया जाना, यदि पूजा पंडाल में पूजा समिति द्वारा बड़ा स्क्रीन लगाया गया है तो लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का स्वच्छता ही सेवा वीडियो संदेशों का वीडियो गीतों का वीडियो प्रसारित किया जाना, पूजा पंडाल के आसपास कचरा का ढेर या जल जमाव नहीं होना, जगह-जगह पर सामुदायिक नीला एवं हर कूड़ेदान का अधिष्ठापन किया जाना, पूजा पंडाल एवं मेला परिसर में इको फ्रेंडली उत्पाद का प्रयोग यथा जगह-जगह सूखा कचरा फेंकने हेतु एस अथवा जुट का डस्टबिन लगाया जाना , स्वच्छ एवं हरित छठ घाट का निर्माण कराया जाना। शारदीय नवरात्र के लिए बने तीन सर्वश्रेष्ठ पंडाल का चयन किया जाएगा, साथ ही छठ घाटों/ पंडालों के लिए भी तीन सर्वश्रेष्ठ छठ घाटों/ पंडाल समितियों का चयन किया जाएगा। दोनों प्रतियोगिता के विजेता को प्रथम पुरस्कार- 7000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार - 5000 रुपये, तृतीय पुरस्कार- 4000 रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जायेगा। प्रविष्टि भेजने के लिए संपर्क नंबर - 9334375196 या ईमेल आईडी- dc.jehanabad@lsba.in जिला प्रशासन की ओर से जारी किया गया है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष, विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर रफीगंज नगर में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। नगर के शिव मंदिर महादेव घाट परिसर में शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर संघ के प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख उपेंद्र माई त्यागी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1925 में परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विपरीत परिस्थितियों में संघ की स्थापना की थी। आज यह संगठन निरंतर संघर्ष और समर्पण के बल पर विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि संघ के विविध अनुशांगिक संगठन समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा कार्य कर रहे हैं। संघ समाज से अनेक अपेक्षाएं रखता है और स्वयंसेवकों को उन्हें पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत महादेव घाट के धावा नदी तट पर संघ प्रार्थना, गीत एवं पुष्पांजलि से हुई। पथ संचलन महादेव घाट से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, थाना गली, मेन बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड होते हुए पुनः महादेव घाट पर संपन्न हुआ। यहां बौद्धिक सत्र एवं मातृ वंदना का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के कार्य, सिद्धांतों एवं नियमों पर चर्चा की गई और उनके पालन पर बल दिया गया। इस मौके पर नगर मुख्य मार्ग प्रमुख राहुल कुमार, सामाजिक समरसता प्रमुख अशोक प्रसाद, नगर कार्यवाह अभिषेक कुमार, खंड कार्यवाह शंभु खत्री, डॉक्टर संत प्रसाद, दीनानाथ विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रमोद मिश्रा, मुखिया संजय कुमार, संजय योगी, सुबोध सिंह, शुभम सिंह, राजू गुप्ता, पप्पू यादव, हार्दिक सिंह राजपूत, विजय शर्मा, विमलेश पासवान, अविनाश मिश्रा सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शराब बरामद, मोटरसाइकिल मालिक पर प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने बदोपुर गांव में छापेमारी कर 5 लीटर महुआ देशी शराब बरामद की है। शराब एक मोटरसाइकिल (संख्या BR-02AS-3223, हीरो होंडा स्प्लेंडर) की डिक्की से मिली। पुलिस ने मौके से मोटरसाइकिल जब्त कर थाना लाया और मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पीएसआई उमेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि उक्त मोटरसाइकिल से अवैध शराब की ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर की गई जांच में वाहन की डिक्की से देशी चुलाई शराब बरामद की गई। मोटरसाइकिल की रजिस्ट्रेशन जांच में यह अजय चौधरी के नाम पर पाया गया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने कहा कि जब्त मोटरसाइकिल व शराब थाना लाया गया है और अजय चौधरी को नामजद आरोपी बनाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

# गैस एजेंसी में चोरी, 31 हजार नकद और मोबाइल फोन समेत सामान ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर बाजार स्थित प्रसाद ईडन गैस एजेंसी में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने एजेंसी का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सभी काउंटरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद काउंटर में रखे 31 हजार रुपये नगद, सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क और दराज में रखे दो मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह हुई। सूचना मिलते ही मखदुमपुर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में जिले से एफएसएल की टीम भी बुलाई गई, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए। एजेंसी के कर्मी दिनेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि इससे पहले दो बार लूट की घटना हो चुकी है, लेकिन चोरी की यह पहली वारदात है। उन्होंने बताया कि चोरों ने देर रात करीब 12 बजे से 3 बजे के बीच घटना को अंजाम दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि एजेंसी के ऊपर ही मालिक गगन भूषण प्रसाद का परिवार रहता है। मखदुमपुर थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और वरीय अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। बता दें कि प्रसाद ईडन गैस सर्विस जदयू के वरीय नेता गगन भूषण प्रसाद की एजेंसी है, जहां अज्ञात चोरों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना से बाजार में दहशत का माहौल है।



## स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत संचालित स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में जीविका आधारित ग्राम संगठनों की दीदियों के साथ स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद के दौरान संपूर्ण स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख बिंदु इस प्रकार रहे –शौचालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित करना। घरों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में संग्रहित करना। घरेलू स्तर पर गीले कचरे एवं धूसर जल के सुरक्षित निष्पादन की व्यवस्था। कार्यक्रम के उपरांत सभी जीविका दीदियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही, स्वच्छता उपयोगिता शुल्क में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक स्तर पर स्वच्छता को व्यवहार का हिस्सा बनाना एवं स्थायी स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

# गायत्री परिवार ने किया साप्ताहिक पौधारोपण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 226वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन काको प्रखंड के रामदानी स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य संजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है।इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वह कम से कम प्रत्येक वर्ष 10 पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। पौधरोपण का कार्यक्रम गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चलाया जाता है। अभी तक जिले में लगभग 45000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के रंगेश कुमार,शिशुपाल सिंह, भारती जी एवं मंदिर के महंत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीएम को आवेदन सौंपे पांच माह बीत गए परंतु अबतक नहीं बनी पक्की सड़क



**औरंगाबाद।** बीते 12 मई 2025 को मदनपुर प्रखंड के बनिया क्षेत्र सं-11 के पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी ने डीएम एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर लगभग 500 घर महादलित परिवार को आवागमन हेतु मोती बिगहा पथ से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्कता योजना के अंतर्गत संपर्क सड़क से जोड़ने की मांग की गई थी। संजीव कुमार सिंह ने बताया कि डीएम को आवेदन पत्र सौंपे हुए पांच माह बीतते को है परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताया कि सरकार के द्वारा प्रत्येक टोला को चारो तरफ से पक्की सड़क से जोड़ने की बड़ी-बड़ी वादें एवं घोषणाएं की जाती है परंतु बनिया रविदास टोला आज भी सरकार के उदासीन रवैया के कारण उपेक्षित है। उन्होंनें राज्य सरकार से मांग किया है कि अविलंब मोती बिगहा पथ से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्कता योजना के अंतर्गत संपर्क सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### ट्रैक्टर ने बाइक चालक को मारी ठोकर, दो घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर मखदुमपुर प्रखंड के पलेया बाईपास मोड़ के समीप एक ट्रैक्टर ने बाइक चालक को सामने से जबरदस्त ठोकर मार दिया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों में उदय कुमार एवं पंचम कुमार शामिल है। वहीं बाइक चालक ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया जिसे पुलिस के हवाले किया गया। इस बाबत घायलों ने बताया कि वे बाइक लेकर जहानाबाद के तरफ से आ रहे थे, तभी एक ट्रैक्टर चालक सामने से आकर ठोकर मार दिया, जिससे वे बाल बाल बच गए। वही घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा गया है। साथ ही ट्रैक्टर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### सड़क को तरस रहे बनिया महादलित टोला के लोग

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत अंतर्गत बनिया गांव में 500 से अधिक की आबादी महादलित रविदास बस्ती है। गांव में जाने के लिए एक भी सड़क नहीं है जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। इस संबध में पंचायत समिति सदस्य बविता देवी व प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने डीएम, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल औरंगाबाद को पत्र लिख कर मोती बिगहा रोड से नयका आहर के पिंड से बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्कता योजना के तहत सम्पर्क सड़क से जोड़ने की मांग की गई थी। आवेदन पत्र दिए पांच माह गुजर गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि सरकार के द्वारा प्रत्येक टोला को चारों तरफ से पक्की सड़क से जोड़ने की योजना है। सरकार बड़ी-बड़ी वादें व घोषणाएं की है पर रविदास टोला आज भी सरकार के उदासीन रवैया के कारण उपेक्षित है। मोती बिगहा रोड से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्कता योजना के अंतर्गत सम्पर्क सड़क बनवाने की मांग की है।

### रोजगार योजना में फ्रॉड से बचने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में 10,000 राशि सरकार द्वारा स्थानांतरित की गई है। यह राशि केवल रोजगार संबंधी कार्यों में उपयोग के लिए है। इस संबध में जिला प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि सभी लाभार्थियों से अपील है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा आपके खाते में राशि आने के लिए ओटीपी मांगी जाए, तो किसी भी परिस्थिति में ओटीपी साझा न करें। ओटीपी देने से साइबर फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे किसी भी प्रयास या संदिग्ध कॉल एवं मैसेज की सूचना तुरंत नजदीकी थाना में देकर एफ.आई.आर दर्ज कराएं। साथ ही, साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में टोल-फ्री नंबर 1930 डायल करें या नजदीकी साइबर थाना एवं थाना में संपर्क करें। इसके अतिरिक्त, यह स्पष्ट किया जाता है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पूर्णतः निःशुल्क योजना है। किसी भी व्यक्ति द्वारा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की जाए तो किसी भी हालत में पैसे न दें और इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को अविलंब दें।

# विधायक ने भ्रमण कर सुनी जनसमस्याएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसूआ (नवादा)।** बिहार विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आते हीं सभी राजनीतिक दल के नेता सक्रिय हो गए हैं। सभी संभावित प्रत्याशी जनसंपर्क तेज कर दिया है। ऐसे में हिसुआ की वर्तमान कांग्रेस विधायिका नीतू देवी ने भी चुनाव की तैयारी में जुटी है। इसी कड़ी में वे जनता मालिक के बीच जाकर उनके विचार जानने और मांग को समझकर काम को पुरा करने का प्रयास में जनसंपर्क कर रही है। हिसुआ विधायिका नीतू कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ हिसुआ राजगीर रोड एवं गया रोड में दुकान -दुकान जाकर लोगों से मिलकर उन्होंने लोगों का हाल जानने और जनसमस्याओं को सुनने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा मुझे पांच साल आप जनता मालिक ने मौका दिया, उसमें हमने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा। दो बार सरकार गिरी बनी और कोरोना काल ने दो साल विकास की गति को रोका, बावजूद हमने विपक्ष में रहकर हर क्षेत्र में काम किया, चाहे शिक्षा और स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या फिर सड़क, बिजली, कृषि या पानी की समस्या हो। आप जनता से पुनः अपना समर्थन देने की बात कहीं, ताकि हिसुआ को और विकसित किया जा सकें। इस मौके पर धनंजय सिंह, जयशंकर कुमार, अरविंद चंद्रवंशी, प्रखंड उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, प्रफुल्ल कुमार, विक्की मल्होत्रा , निपेन्द्र सिंह निपु, आदि साथ दिखे।

# विपरीत दिशा में चल रही वाहनों से दुर्घटना का खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के जसोइयां गांव के समीप फ्लाइओवर के सर्विस रोड पर इन दिनों दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जिसका मुख्य कारण दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन हो रहा है। कभी-कभी तो वाहनों के आमने सामने की टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। फ्लाइओवर के सर्विस रोड पर लगभग 150 मीटर तक वाहन विपरीत दिशा में चलते हैं जबकि पटना से आने वाले वाहन भी इसी सर्विस रोड से शहर में प्रवेश करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सर्विस रोड पर मालवाहन ट्रक, कार, स्कू ल वाहन और बाइक सहित अन्य वाहन प्रतिदिन विपरित दिशा में चलते हैं जिससे इन दिनों दुर्घटनाओं की संभावना इन दिनों बढ़ जाती है। एनएचएआई ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फ्लाइओवर का निर्माण किया परंतु सर्विस रोड पर उचित योजना के तहत वाहन अंडरपास नहीं बनने के कारण खतरा बना हुआ है। इस फ्लाइओवर में दो अंडरपास बनाए गए हैं। एक जसोइया मोड़ पर और दूसरा जसोइयां गांव के समीप निर्माण किया गया है। लोगों का सुझाव है कि दूसरा अंडरपास जसोइया महाराणा प्रताप चौक के पास होना चाहिए था ताकि वाहनों को विपरित दिशा में चलने की आवश्यकता न पड़े। एनएचआई के एक अधिकारी ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक के पास वीयूपी नहीं बन सकता है। इसलिए इसे जसोइया गांव के सामने बनाया गया है। यहां तक उत्तरी लेन के सर्विस रोड पर लगभग 150 मीटर में वाहनों को विपरित दिशा से चलना पड़ रहा है। जिला प्रशासन को समस्या के समाधान के लिए कोई कदम उठाने की जरूरत है।




# चोरी की बाइक के साथ गिरोह के दो सदस्य धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बाइक चोर गिरोह का उपहारा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की एक अपाची बाइक बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के हुंडरही गांव निवासी संतोष राम के पुत्र दीपू कुमार एवं अरवल जिले के कुर्था थाना क्षेत्र के चंदोखर गांव निवासी गोविंद राम के पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। दरअसल, मामले में गया जिले के रहने वाले पप्पू कुमार ने नालंदा जिले के राजगीर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें उन्होंने बताया उपहार स्वरूप अपाची बाइक अपने बहनोई को दी थी। बहनोई बैंक कर्मी है। वे अपने बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर काम करने चले गए। वापस आए तो देखा बाइक उस जगह से गायब था। उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन कहीं पता नहीं चला। बाइक पप्पू के नाम से था। शनिवार की देर रात उपहारा थाना क्षेत्र में वाहन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में इन दोनों को पुलिस ने रूकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर ये दोनों भागने की कोशिश करने लगे, तभी पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। पूछताछ में बाइक से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार किया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# रफीगंज के नव दुर्गा देवी स्थान में महाआरती, सैकड़ों श्रद्धालु शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर के लोहार गली स्थित नव दुर्गा देवी स्थान में बुधवार को महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता नवदुर्गा की आराधना में डूबकर भक्ति भाव से शामिल हुए। महाआरती में लोजपा प्रदेश महासचिव एवं विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह, समाजसेवी अरविंद कुमार सोनी तथा पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने सम्मिलित होकर देवी की आरती की। आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण देवी के जयकारों से गूंज उठा। समाजसेवी अरविंद कुमार सोनी ने बताया कि हर वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर लोहार गली स्थित इस मंदिर में नव दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाती है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी महाआरती का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह पर्व सनातन धर्म की आस्था और शक्ति की साधना का प्रतीक है। आयोजन में कमिटी के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं सभी वालंटियर सक्रिय रूप से शामिल रहे। साथ ही चंदन कुमार, राजू गुप्ता, रवि कुमार, शशि सोनी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# स्वराज पार्टी ने नवीनगर से नामित किया प्रत्याशी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वराज पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए नवीनगर विधान सभा से भी चुनाव लड़ने की तैयारी की है। आज स्वराज पार्टी ने नवीनगर विधान सभा के ग्राम तेलडीहा में मिलन समारोह का आयोजन किया था। सभा की अध्यक्षता स्वराज पार्टी के बारूण प्रखंड अध्यक्ष सियाराम पासवान एवं संचालन स्वराज पार्टी के बारूण प्रखंड के प्रवक्ता सुभाष चंद्र ठाकुर ने किया। जनसभा को संबोधित करते हुए स्वराज पार्टी अध्यक्ष पूर्व विधायक सोम प्रकाश ने अजय भुइयां को नवीनगर विधान सभा से पार्टी का प्रत्यासी बनाये जाने की घोषणा की है। पार्टी की मिलन समारोह में कई लोगों ने स्वराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है। साथ ही अगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी के प्रत्यासी अजय भुइयां को जिताने का संकल्प लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए स्वराज पार्टी के नेता सोम प्रकाश ने कहा कि स्वराज पार्टी एक परिवार है जिसमें सभी समुदाय के लोग समाज कल्याण के लिये निःस्वार्थ भाव से जुड़े हुए हैं। यदि नवीनगर विधान सभा से स्वराज पार्टी को समर्थन मिलता है और अजय भुइयां की जीत होती है तो यह जीत गरीबों एवं समाज के दबे-कुचलें लोगों की जीत होगी। इस अवसर पर सभा को स्वराज पार्टी के संगठन महामंत्री अरविंद जयसवाल, औरंगाबाद जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, चुनाव अभियान प्रभारी अशोक सिंह, विजय मांझी, विजेन्द्र राम, रंजीत कुमार, लक्ष्मण पासवान, मनोज यादव, चंदन यादव, योगेन्द्र प्रजापति, जय नंदन पासवान समेत अनेक लोगों ने संबोधित करते हुए अगामी विधान सभा चुनाव में अजय भुइयां को बिहार विधान सभा भेजने का आह्वान किया ताकि गरीब मजदूर एवं समाज के दबे-कुचले वर्ग का कल्याण हो सके।

# जम्होर के कन्या मध्य विद्यालय में स्वाध्याय करने हेतु लोगों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर के कन्या मध्य विद्यालय में गायत्री महामंत्र के सिद्ध संत युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के साहित्य का लोगों में स्वाध्याय करने हेतु जागरूक किया गया। बता दें कि इस तरह का अभियान लगातार चल रहा है। अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना नाम के दो मासिक पत्रिका गायत्री महामंत्र के सिद्ध संत पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के लेखक के द्वारा निकलता है। वहीं जम्होर निवासी राजेश सौंडिक अपने घर पर 150 की संख्या में यह साहित्य मंगाकर स्वयं स्वाध्याय करते हैं। परिवार में पढ़ाते हैं उसके बाद घर और दुकान वाले को देते हैं। बता दें कि अच्छे साहित्य का स्वाध्याय करने से कई लोगों का जीवन में परिवर्तन आया है। इससे राजेश जी का भी जीवन बदला हैं और उनकी इच्छा होती है कि औरों को लाभ दें। यह अपना जीवन भारतीय संस्कृति सभ्यता सनातन धर्म जीवन जीने की कला एवं परिष्कृत अध्यात्म को लोगों में अपनाने के प्रति पालन करते हुए प्रचार प्रसार करते रहते हैं। इनका सोच है भारत की खोई हुई परम वैभवशाली गौरवशाली जगतगुरु एवं सोने की चिड़िया वाली प्रतिष्ठा को पुनः हम सभी प्राप्त करें। साथ ही पूर्वजों के सपनों को साकार कर इस अनमोल एवं देव दुर्लभ मानव जीवन को सफल एवं सार्थक करें।

## लूटपाट का तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुई लूट कांड का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पथरा मोड़ के समीप सागरपुर गांव निवासी कुणाल कुमार के साथ अपराधियों ने पिस्तौल का भय देखा कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुणाल कुमार दिए आवेदन में बताया के वह गुलाबगंज बाजार में अपनी दुकान चलाता है और दुकान बंद कर साइकिल से अपने घर सागरपुर जा रहा था, इसी बीच पथरा मोड़ के समीप कुछ अज्ञात लोग पिस्तौल का भाई दिखाकर उसके पास से 3 हजार नगद सहित कुछ सामान छीन लिए थे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शहीद-ए-आजम वीर भगत सिंह की जयंती बुधवार को प्रगतिशील लेखक संघ, औरंगाबाद के तत्वावधान में बस स्टैंड के समीप कन्हैया रामशरण यादव पुस्तकालय में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश सिंह ने की, जबकि संचालन नीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और "वीर भगत सिंह अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंज उठा। जयंती पर रामनरेश सिंह ने भगत सिंह के जीवन पर आधारित क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किया। प्रगतिशील लेखक संघ की राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य सत्येंद्र कुमार, सीपीआई जिला कार्यसमिति सदस्य नागेश्वर यादव और राम एकबाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से सीख लेकर ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें शोषण और अन्याय की कोई गुंजाइश न हो। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भगत सिंह का मानना था कि क्रांति का अर्थ केवल खूनी संघर्ष नहीं, बल्कि विचारों और चेतना के स्तर पर बदलाव है। इस मौके पर सीपीआई अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, दिलीप कुमार, सुजीत कुमार, नरेश कौशिक, राहुल कुमार, भोला कुरैशी, नंदगोपाल सिंह, योगेंद्र राजवंशी, लोरिक यादव, मनोज यादव, श्याम सुंदर सिंह, राजकुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। वहीं पचरुखिया बाजार में भाकपा (माले) की ओर से भी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व माले नेता दिनेश राम ने किया। इस अवसर पर रामप्रवेश सिंह, बसंत कुमार, रामपुकार घामन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने मारपीट के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए टेहटा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पूर्व में कलवाचक गांव में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमे टेहटा थाना कांड संख्या 356/25 दर्ज कर अनुसंधान किया गया। जिसमें वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा भारतीय न्याय सहिता की धारा 109 के तहद सत्य पाया गया, जिसके बाद अनुसंधान करता मोहम्मद यूनुस को आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। अनुसंधानकर्ता मोहम्मद यूनुस ने बताया कि आदेश प्राप्त होने के बाद भोला यादव को उसके गांव कालवाचक से गिरफ्तार के जेल भेजा गया है।

# पीएम स्वनिधि के तहत कल्याण मेला का आयोजन

## पहली किस्त में दस हजार रुपए की दी जाती है राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत मसौढ़ी शहर के व्यवसाय करने वाले फुटकर विक्रेता या छोटे व्यवसायियों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में पीएम स्वनिधि के अंतर्गत लोक कल्याण मेला लगाया गया, जिसमे नगर परिषद मसौढ़ी के सारे फुटपाथ विक्रेता शामिल हुए, जिसमे मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद शंभू सिंह ने बताया की जो फुटपाथ विक्रेता हैं उन्हें पीएम स्वनिधि के अंतर्गत पहले जो लोन दिया गया था जिसमें,पहले लोन की राशी 10,000 दूसरा 20,000 एवं तीसरा 50000 दिया जाता था, जिसे अब बढ़ा के 15000 दूसरा 25000 एवम तीसरा 50000 मिलना हैं। इस प्रोग्राम में निकिता सिंह रामाधार रामावतार शास्त्री एवम सभी सीआरपी भी सामिल रहे। नगर परिषद के कुल 50 आवेदन जमा




हुए है अभी तक 200 लोगों को इस ऋण से लाभान्वित किया जा चुका है. शेष मिलने वाली किस्त के तहत राशि को शीघ्र और अधिक कैसे उपलब्ध कराया जाये इस पर विचार विमर्श किया गया। शंभू सिंह ने बताया कि शेष लोगों के आवेदनों को पुनः अवलोकन कर जल्द ही ऋण उपलब्ध करा दिया जायेगा. इसी को लेकर सभी बैंक कमियों व बैंक शाखा प्रमुख के साथ सकारात्मक बैठक हुई। मालूम हो कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत दस हजार की राशि ऋण के रूप में पहली बार उपलब्ध करायी जाती है। लेनदेन सही रहने और ऋण की अदायगी ससमय होने पर दूसरी बार यही ऋण बीस हजार रूपये कर दी जाती है. मुख्य पार्षद ने बताया कि इस तरह के मदद से छोटे पटरी व्यवसायी स्वालम्बी व आत्मनिर्भर बनेंगे

## सेवा पखवारा के तहत विभिन्न योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिजली विभाग की ओर से इन दिनों सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जहां उपभोक्ता शिकायत निवारण हेतु शहर से लेकर गांव तक शिविर का आयोजन कर घरेलू उपभोक्ताओं के प्रति माह 125 यूनिट निशुल्क बिजली एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं। यह कार्यक्रम आगामी 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। दरअसल बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना का विस्तार करते हुए सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली बिल पूर्णता निशुल्क कर दिया गया है।वहीं सोलर ऊर्ज़ा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यान्वित है। जिसमें सोलर योजना अधिष्ठापन हेतु सब्सिडी का भी प्रावधान है, कार्यपालक अभियंता मसौढ़ी प्रमंडल के पवन कुमार ने बताया कि बीते 17 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन करना है, जहां 25 सितंबर को सभी प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, वही 26 से 29 सितंबर तक सभी गांव टोला मोहल्ले में चलंत वाहन के माध्यम से माईकिंग करते हुए मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को जागरूक करना है, इसके अलावा 26 सितंबर को सभी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय स्तर पर कार्यक्रम करना है। वहीं आगामी 2 अक्टूबर को अंतिम दिन सभी पूजा पंडालों, मेला में सेल्फी प्वाइंट एवं कैनोपी लगाकर 125 यूनिट निशुल्क बिजली से संबंधित फ्लैग पोस्टर पंपलेट की प्रक्रिया का वितरण करते हुए विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं को जागरूक करना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी एवं साइबर ठगी से बचाव हेतु उपभोक्ताओं को जागरूक करना है, ऐसे में मसौढी में विभिन्न गांव टोला मोहल्ला में इसके प्रति माइकिंग के जरिए जागरूक किया जा रहा है। इस पूरे अभियान में सभी विद्युत अभियंता, कनीय अभियंता, परियोजना पदाधिकारी, मानव बल आदि लगे हुए हैं।

## समाज को एकजुट होने का किया गया आह्वान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** समसपुर में पासवान कल्याण समिति की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुधीर पासवान ने की। जिसका संचालन राणा पासवान ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पासवान कल्याण समिति को एक होना और भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा फतुहा में स्थापना करना है। बैठक के आयोजन में शामिल गुजरात के राज्य सभा सांसद विधायक शम्भु नाथ टुंडिया का पासवान समाज की ओर से भव्य फुल माला से सम्मानित किया गया। वहीं साथ में कुमर विजय पासवान बीजेपी नेता का फुल माला से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक संजय डीडी और अरविंद तुफानी झारखंड के पूर्व विधायक को पासवान कल्याण समिति द्वारा फूल माला से सम्मानित किया गया। शम्भु नाथ टुंडीया ने संगठन को एक जुट रहने को कहा। भीमराव अम्बेडकर की पद चिंहों उनके उच्च विचारों पर चल कर उनके द्वारा दी गई उच्च विचारों को अपने जीवन में उतारें और बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं। जिससे इस समाज में बाल बच्चों का मान सम्मान और उन बच्चों की जीवन सरल और अच्छी तरह से गुजरे। उन्होंने बताया कि भीमराव अम्बेडकर जी जैसे महान व्यक्ति की जितनी भी गुणों का गान और तारिफ हो वह कम ही होगा है। उन्होंने ने संविधान लिख डाली उस समय के विद्वान व्यक्ति थे। उन्होंने एक लाख रुपए की राशि पासवान कल्याण समिति में देने का वादा किया और कहा कि आप लोग स्थापना की तैयारी किजिए हम कुमार विजय पासवान जी के साथ शामिल रहेगें। वहीं दिलीप पासवान ने पासवान कल्याण समिति को आगे बढ़ाने और एक जुट होने और साथ में प्रति माह एक बैठक कर समाज कि बिकास को लेकर विचार-विमर्श करने की बात बताई। इस अवसर पर शक्ति पासवान, सुधीर पासवान, अनील चंद्रवंशी, दीलीप पासवान, अनील राज, राणा पासवान, लालवावु पासवान अमरदीप पासवान, इस प्रकार सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## मसौढ़ी में युवा मशरूम उत्पादन कर बनेंगे आत्मनिर्भर, दी जा रही ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई जीविका मसौढ़ी के सौजन्य से पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पटना द्वारा 35 प्रशिक्षण लोगों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी लोगों को मशरूम के विभिन्न प्रकारों के कंपोस्ट निर्माण, उत्पादन मार्केटिंग आदि के विषय में उन्हें विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया उन्हें प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार करने हेतु बिहार सरकार द्वारा मशरूम उत्पादन करने हेतु विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी



प्राप्ति हेतु रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया ताकि सरकारी योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित कर सके। इस अवसर पर प्रखंड जीविकोपार्जन विशेषज्ञ युसूफ सिद्दीकी ने कहा कि सभी मशरूम का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने-अपने गांव में मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू करेंगे, जिससे इन लोगों की आमदनी बढ़ेगी और इन्हें अपने गांव में भी रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्थान के संकाय राजकुमार ने कहा कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जिला अग्रणी बैंक में एक प्रशिक्षण संस्थान चला रहे जिसमें साठ विषयों में उस जिला के बेरोजगार युवा को उनके रूचि के अनुसार विषय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो लोग प्रशिक्षण करना चाहते हैं वे अपने अपने जिले में संस्थान में संपर्क कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। इसमें जीविका के लेखपाल प्रियंका रानी, सामुदायिक समन्वयक डेजी कुमारी सभी ग्राम संसाधन सेवी, पशु सखी इत्यादि उपस्थित हुएं।

## मुर्तजापुर से बेलछी जाने वाली सड़क बदहाल

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेलछी प्रखंड के बेलछी पंचायत अंतर्गत पंचायत सरकार भवन से प्रखंड कार्यालय को जाने वाली सहायक मुर्तजापुर सड़क का हाल के दिनों में ढलाई का काम किया गया था। जिसमें लाखों की लागत से यह काम किया गया लेकिन भरी ट्रैक्टर और भारी वाहन के परिचालन के बाद यह सड़क चंद दिनों में दम तोड़ दिया वहीं दूसरी तरफ मजे की बात यह है कि ढलाई के दौरान संवेदक के द्वारा बिजली के खंभे को बीच ढलाई में डालकर खाना पूर्ति की गई थी जो ढलाई टूटने के बाद अब नजर आने लगा है।

## बेलछी के वाघा टिल्हा में जनता से संवाद, समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बेलछी प्रखंड के वाघा टिल्हा में रविवार को जनता से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं खुलकर रखीं। बाढ़ विधानसभा क्षेत्र-179 के नेता कर्णवीर सिंह यादव उर्फ़ लल्लू मुखिया ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जनता की



भागीदारी से ही विकास कार्यों को गति दी जा सकती है। इस पहल को क्षेत्र में नेतृत्व और जनता के बीच सीधे संवाद को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## हादसे में युवक की मौत, विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया स्टेट हाईवे वन पर धनरूआ थाना क्षेत्र के पुराने पीएनबी बैंक के पास में रविवार को सड़क हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। मृतक की पहचान वीर गांव के अनूप पासवान का पुत्र शिव शंकर कुमार है, वही जख्मी बिंजू यादव का पुत्र आयुष कुमार है दोनों बाइक पर सवार होकर मसौढ़ी की ओर जा रहे थे, उसी दौरान डिवाइडर से असंतुलित होकर टकरा गए जिससे मौके पर ही बाइक के पीछे बैठे हुए शिव शंकर कुमार की मौत हो गई है, ग्रामीणों ने बताया कि शिव शंकर की 1 साल पहले शादी हुई थी, वहीं बाइक चला रहा आयुष कुमार गंभीर रूप में जख्मी हो गया है घटना से गुस्साए परिजनों ने वीर के इमली तर के पास में टायर जला कर आगजनी करते हुए घंटो विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया है। स्थानीय लोगों की माने की डिवाइडर इस कदर बनाया है कि न जाने कितने सड़क हादसे हुए हैं, स्थानीय लोगों में गणेश पासवान, अजय यादव, सुजीत कुमार, मुकेश कुमार आदि लोगों ने कहा की डिवाइडर कई जगहों पर जानलेवा बना हुआ है, इस पर स्थानीय प्रशासन को विचार करनी होगी, थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की शाम 4:00 बजे बाईक दुर्घटना घटी है। लोगों ने हो हंगामा किया है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पूरे मामले की पुलिस तहकीकात करने में जुटी है।

## धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** महाराजा श्री अग्रसेन ने एक शहर अग्रोहा की स्थापना कि जहां उन्होंने एक समाजवादी अर्थव्यवस्था कायम की, जिसके अंतर्गत हर नए निवासी को एक ईट एक रुपया दिया जाता था। उन्होंने अहिंसा और जीवो पर दया का प्रचार किया साथ ही अग्रोहा अग्रवाल समाज का केंद्र बन गया। उक्त बातें मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार राज्य उद्यमी व्यावसायिक आयोग के अध्यक्ष सुरेश रुंगटा, आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन ने कहा कि




सामाजिक समानता, आर्थिक समानता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर समाज के पांच विभूतियों को समाज सेवा रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी अमर कुमार अग्रवाल, राधेश्याम परिवार की संस्थापिका शोभा गुप्ता, युवा समाजसेवी अजय गोयनका, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अमित बंका और डॉक्टर अभिषेक गोलवारा को राजस्थानी साफा प्रतीक चिन्ह और दुशाला देखकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने किया। इस अवसर पर स्वर्गीय कलावती देवी गोयनका के स्मरण में पुत्र अजय गोयनका द्वारा श्री अग्रसेन जी की रसोई में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आगत अतिथियों का स्वागत सचिव राजकुमार गोयनका संयोजक एवं राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, शिवप्रसाद मोदी, गोविंद कानोडिया, सुभाष पोद्दार, रमेश टेकरीवाल, मनोज खेतान, राजेश देवड़ा, संजय छापड़िया, अशोक बंका, राजू सुल्तानिया, विजय गुप्ता उपस्थित थे।

## दक्षिणा मां काली मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बना आस्था का केंद्र

**शशि तुलस्यान / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नवरात्रि के मौके पर मसौढ़ी स्टेशन रोड स्थित मां काली का मंदिर जो त्रिपुरा सुंदरी और नगर रक्षिका के नाम से जानी जाती हैं। श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का केंद्र है. जो भी भक्त यहां श्रद्धा के साथ पूजा करने के लिए आते हैं, वे कभी यहां से खाली हाथ नहीं लौटते हैं। यहां के लोगों में मां काली के प्रति अटूट विश्वास है। मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि गया के टेकारी महाराज की पत्नी मां काली की बहुत बड़ी भक्त थी। रानी जब



तालाब में स्नान करने के लिए जाती थी, उससे पहले वे मिट्टी का पिंडी बनाया करती थी। स्नान करने के लिए रानी इस पिंडी की पूजा-अर्चना करती थी। यहीं से मां काली की पूजा आरंभ हुई। जिस तालाब में महारानी स्नान करती थी उसका नाम राजारानी तालाब कहते थे, लेकिन अब कालीघाट के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि हजारों साल पहले यहां मां काली को पिंडी के रूप में पूजा जाता था। 1908 से धीरे धीरे लोगों में मां काली के प्रति आस्था बढ़ती गई। ई. रविशंकर ने बताया की 1953 में राजस्थान के काला संगमरमर से मां काली की प्रतिमा बनाया गया, तब से इस मंदिर की और चर्चा होने लगी। यहां के लोगों की आस्था इस मंदिर से जुड़ता चला गया। नवरात्र के मौके पर यहां रोज काफी संख्या में भक्त पूजा अचना करने के लिए पहुंचते हैं। कहते है कि मां काली को मिट्टी का पिंडी के रूप में पूजा जाता था, उस समय बनारस की एक साध्वी भैरवी यहां पर रहती थी। वही मां काली की पूजा अर्चना करती थी। इसके बाद बनारस के बाबा के नाम से विख्यात था महंत यहां पूजा अर्चना करते थे।वर्तमान में राजकुमार पांडे उर्फ हरी बाबा मां काली की पूजा करते हैं। कहा जाता है कि जब से प्रतिमा स्थापित हुई है, तब से इस इलाके में किसी को कोई समस्या नहीं हुई है। इसलिए इसे त्रिपुरा सुंदरी और

## ऑनर किलिंग मामले में प्रयुक्त किए गए कार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऑनर किलिंग मामले में हुई लवली और लोहा की हत्या में प्रयुक्त लाई गई आर्टिका कार के साथ उसके मालिक राजेश कुमार पिता दुखन बिंद पभेडा निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल बीते 12.09.25 को केवड़ा ओ0पी0 अंतर्गत चंदननगर रेलवे ट्रैक पर युवक एवं युवती का शव पाया गया था, उसी को दौरान लवली और लोहा को आर्टिका कार में बैठकर चंदननगर लाया गया था ।गौरतलब है कि इस संबंध में धनरुआ थाना कांड संख्या 541/25 दर्ज किया गया था, उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में 01 टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें राहुल कुमार पिता गजेंद्र उर्फ गजी यादव, लक्षुबिगहा, दीनबंधु पिता स्व जानकी सिंह देवकली और राखी देवी पति धर्मराज कुमार, भगत सिंह चौक रामकृष्णा नगर को गिरफ्तार कर लिया गया था, इस पूरे मामले में मृतक सुबोध उर्फ लोहा की मां सुशीला देवी पति राजकुमार यादव ने 12 नामजद और अज्ञात पर प्राथमिक दर्ज की गई थी।

## एक नजर

### मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

**पटना सिटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज पटना सिटी के राजदरबार बैंकेट हॉल पानी टंकी खाजेकलां मे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक श्री नंदकिशोर यादव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के 'मन की बात' को सुना। इस मौके पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि मन कि बात कार्यक्रम के हर एपिसोड का हम सभी कार्यकर्ताओं को बेसब्री से इंतज़ार रहता है। बिहार में पुनः एनडीए कि सरकार बनेगी।

### राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक

**पटना सिटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज पटना महानगर राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पटना सिटी के नून का चौराहा सामुदायिक भवन में राजद के वरिष्ठ नेताओं के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल,नवाज आलम उर्फ अनवर आलम, तनवीर हसन कि अगुवाई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजद नेताओं ने राज्य और केंद्र सरकार के नीतियों कि आलोचना कि साथ ही यह दावा किया कि आगामी सरकार महागठबंधन कि बनने जा रही है।कार्यक्रम में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना महानगर राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमाल अशरफ ने की।

### हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**पटना सिटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अवैध देशी पिस्तौल और दो कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार यूवक का नाम मो0 अरमान उम्र उन्नीस वर्ष है जो प्रोफ़ेसर कॉलोनी सुल्तानगंज का रहने वाला है। पुलिस के द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस हथियार का उपयोग अधिवक्ता जितेन्द्र प्रसाद हत्याकांड में हुआ था। पुलिस पुरे मामले कि छानबीन कर रही है।

### महिलाओं को किया गया प्रशिक्षित

**बिहटा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को बिहटा नगर स्थित द ओशो कोचिंग सेंटर के परिसर में द प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा उधमी क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहटा नगर परिषद मुख्य पार्षद प्रियंका कुमारी, वार्ड सदस्य व समाजसेवी लोगों ने दीप प्रवजलित कर शुभारंभ किया। प्रियंका कुमारी ने कहा कि विशेष रूप से महिलाओं को अपने व्यवसायों के प्रबंधन, विकास और विस्तार के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने के लिए किया गया है। इस अवसर पर श्रेत्र के अलग-अलग जगहों से 14 महिलाओं का चयन किया गया। जिसमें द प्योर इंडिया ट्रस्ट विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार करने के लिए मदद करेगी। चयनित महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए टीम का भी गठन किया गया है।यह एक ऐसा कार्यक्रम है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों में उद्यमशीलता की क्षमताएँ विकसित करना है। द प्योर इंडिया ट्रस्ट जिसका उद्देश्य भारत भर के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोज़गार के अवसर पैदा करना है। महिलाओं को अपना व्यवसाय स्थापित करने और सफलतापूर्वक चलाने के लिए आवश्यक तकनीकी, व्यावसायिक और प्रबंधकीय कौशल सिखाना है।मौके पर अविनाश कुमार सिंह, लवकुश कुमार, बबलु कुमार, निखिल कुमार बबन कुंवर, अमित कुमार सिंह, सर्वेश कुमार समेत आदि लोग मौजूद थे।

### दुर्गापूजा को लेकर पालीगंज में फ्लैग मार्च

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गापूजा में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल हुआ। फ्लैग मार्च पालीगंज थाने से शुरू होकर चंढोस मोड़, डीहपाली पुरानी बाजार, मदरसा रोड होते हुए नगर बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरा। इस दौरान लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि पूजा के दौरान प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। वहीं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया और शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### माले विधायक ने जारी की रिपोर्ट कार्ड

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा (माले) महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने रविवार को पालीगंज अनुमंडल कार्यालय के पास आयोजित जनसभा में विधायक डॉ. संदीप सौरभ के पाँच वर्षों के कार्यकाल पर आधारित रिपोर्ट कार्ड का लोकार्पण किया। सभा को संबोधित करते हुए दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि रोजगार और शिक्षा पर सरकार हमले कर रही है, जिसका मुकाबला आंदोलन से करना होगा। उन्होंने महिलाओं के माइक्रो फाइनेंस कर्ज माफी, रोजगार सृजन और अतिपिछड़ों के लिए आरक्षण बढ़ाने का संकल्प दोहराया। वहीं, विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि सदन में आवाज दबाए जाने पर उन्होंने सड़क पर आंदोलन खड़ा कर क्षेत्र में विकास योजनाओं को लागू कराया।

## पेज 1 का शेष

### सभी तबकों के उत्थान...

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मुख्यमंत्री भैया के आशीर्वाद से सभी जीविका दीदियां आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करने, महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन की राशि में 3 गुनी बढ़ोतरी किए जाने से परिवार में हमारा मान बढ़ा है तथा इससे हमारी इच्छा शक्ति भी मजबूत हुई है। बिहार में पूर्ण मद्य निषेध लागू होने से समाज में शांति का वातावरण कायम है। पंचायतों में सामुदायिक विवाह मंडप बनाए जाने का फैसला काफी सराहनीय है। इससे गरीब परिवारों को काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि हम आप सभी जीविका दीदियों को बधाई देते हैं। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया और इसका नाम जीविका दिया। इससे जुड़ी महिलाएं जीविका दीदियां कहलाती हैं। सरकार सभी तबकों के उत्थान के लिए हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। किसान सलाहकारों का काम भी प्रशंसनीय है। आप सभी के सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आप सभी मिलजुल कर रहें। आप के सहयोग और सरकार के प्रयास से बिहार नए उच्चाई को हासिल करेगा।

### भाजपा ने की 45 सदस्यीय...

को भी शामिल किया गया है। साथ ही सांसद विवेक ठाकुर, शंभू शरण पटेल, धर्मशीला गुप्ता, कृष्ण कुमार मंटू, अनिल शर्मा (बख्तियारपुर), कृष्ण कुमार मंटू, राम नारायण मंडल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वीरेन्द्र चौधरी, हरि मांझी और अशोक अग्रवाल को भी शामिल किया गया है। इन सबके अलावा लालमोहन गुप्ता, बेबी कुमारी, शीला प्रजापति, यू.पी. शर्मा, राजेन्द्र चौपाल, उपेन्द्र प्रसाद, राम कुमार राय, विश्वमोहन कुमार और लल्लु वासकी को भी बिहार चुनाव अभियान समिति में शामिल किया गया है।

## पूर्णिया सदर में सियासी समीकरणों का मंथन, कांग्रेस खेमे में दिवाकर के बढ़ते कद पर निगाहें

# जनता के रुझान का केंद्र बनते जा रहे हैं इंजीनियर दिवाकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव की तिथि भले अभी तय न हुई हो, मगर पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति अब चुनावी तापमान के चरम पर है। चौक-चौराहों से लेकर गांव की चौपालों तक, चचाओं में अब संभावित प्रत्याशियों के नाम गूंज रहे हैं।

महागठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी में भी कई चेहरे मैदान में सक्रिय दिख रहे हैं, और सभी जनता से सीधा संवाद बनाकर खुद को संभावित प्रत्याशी के रूप में स्थापित करने में जुटे हैं।इसी पृष्ठभूमि में जिस नाम ने लगातार अपनी पहचान मजबूत की है, वह है कांग्रेस नेता इंजीनियर कुमार दिवाकर सिंह उर्फ दिवाकर यादव का। बीते महीनों में उनकी निरंतर उपस्थिति और सहज जनसंवाद ने उन्हें जनता के बीच एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में स्थापित कर दिया है। वे भीड़ जुटाने के बजाय संवाद रचने में विश्वास करते हैं— और यही उनकी राजनीति की सबसे बड़ी पूंजी है।वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उनकी उल्लेखनीय भागीदारी ने उन्हें स्थानीय मुद्दों और मतदाताओं की आकांक्षाओं से सीधा जोड़ा। यह यात्रा केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि जनता के हक और अधिकारों के प्रति एक आंदोलन के रूप में देखी गई, जहाँ दिवाकर सिंह की भूमिका नेतृत्वकारी रही। इसी दौरान जनता से उनका जुड़ाव और सहभागिता ने उन्हें उस वर्ग के बीच लोकप्रिय बनाया, जो घोषणाओं की नहीं, जमीनी प्रतिबद्धता की कद्र करता है। राहुल गांधी के साथ दिखती नजदीकियां, स्थानीय सांसद पप्पू यादव का उनके प्रति समर्थन, और संगठन के भीतर उनका बढ़ता संवाद—ये सभी घटनाक्रम कांग्रेस खेमे के भावी समीकरणों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। हाल ही में पटना में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस सांसद सह एआईसीसी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से हुई उनकी आत्मीय मुलाकात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रियंका गांधी के पटना आगमन पर एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के दौरान दिवाकर सिंह की सादगीपूर्ण उपस्थिति और पूर्णिया की जनता की ओर से आभार प्रकट करने का भाव—इन सबने संगठन में उन्हें एक गंभीर और जनसंवेदनशील नेता के रूप में रेखांकित किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि पूर्णिया सदर में कांग्रेस की अगली रणनीति अब उस दिशा में आकार ले रही है, जहाँ जमीनी जुड़ाव और जनस्वीकृति को निर्णायक मानदंड बनाया जाएगा। और इस कसौटी पर इंजीनियर कुमार दिवाकर सिंह का नाम अग्रणी पंक्ति में आता है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पूर्णिया सदर की सियासत में यह अब केवल दावेदारी की लड़ाई नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा है— और इस परीक्षा में जो संवाद, संवेदना और सक्रियता से आगे बढ़ रहा है, जनता का झुकाव भी फिलहाल उसी दिशा में दिख रहा है।

## मन की बात से गूंज उठा गुलाबबाग

# विधायक खेमका बोले, हर भारतीय को नई प्रेरणा देते हैं प्रधानमंत्री मोदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ जनता से फिर से कमल खिलाने और एनडीए सरकार बनाने का आह्वान

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रविवार को गुलाबबाग जीरोमाइल स्थित दमका राजभर टोला में उत्साहपूर्ण माहौल में सुना गया। सदर विधायक विजय खेमका की मौजूदगी में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी वीर भगत सिंह एवं भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। प्रधानमंत्री ने एक भारतीय महिला समुद्र यात्री से संवाद कर उनके साहसिक कार्यों की सराहना की और देशवासियों से स्वदेशी अपनाने तथा 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने देशभर के नागरिकों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के उपरांत विधायक विजय खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' हर भारतीय को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि पूर्णिया की धरती पर पुनः कमल खिलाना है और बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनानी है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास पर भरोसा जताते हुए जोरदार नारे लगाए और संकल्प लिया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।

# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को शून्य-अपशिष्ट-से-लैंडफिल संगठन का मिला दर्जा

पुष्पांकर गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के सभी परिचालन स्थलों और कॉर्पोरेट मुख्यालयों को एक अग्रणी वैश्विक संपूर्ण गुणवत्ता आश्वासन प्रदाता, इंटरटेक द्वारा 'शून्य-अपशिष्ट-से-लैंडफिल' प्रमाणित किया गया है। कंपनी ने 100% डायवर्जन दर और 0% लैंडफिल अपशिष्ट प्राप्त किया है।

'शून्य अपशिष्ट से लैंडफिल' का अर्थ है लैंडफिल से कम से कम 90% अपशिष्ट को मुख्य रूप से न्यूनीकरण, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और पुनर्प्राप्ति के माध्यम से डायवर्ट करना। यह एक अपशिष्ट प्रबंधन नीति है जो संसाधनों को यथासंभव लंबे समय तक उपयोग में रखकर उनके संरक्षण पर केंद्रित है, जिससे अंततः नई कुंवारी सामग्रियों की आवश्यकता कम होती है और पर्यावरणीय प्रभाव न्यूनतम होता है।

यह उपलब्धि AESL की ESG यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसकी शुरूआत वित्त वर्ष 21 में "ESG बेंचमार्किंग में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 विद्युत उपयोगिता कंपनियों" में स्थान पाने के दृष्टिकोण के साथ हुई थी। पिछले तीन वर्षों में, कंपनी ने क्रमशः 99.87%, 99.88% और 99.99% की प्रभावशाली डायवर्जन दरें हासिल कीं, जिससे यह लगातार तीन वर्षों तक 99% से अधिक डायवर्जन बनाए रखने वाली भारत की पहली ट्रांसमिशन कंपनी बन गई। इस वर्ष भी, अएरछ 100% के स्वर्णिम आंकड़े तक पहुँचने वाली एकमात्र ट्रांसमिशन यूटिलिटी है। AESL के परिचालन स्थल 16 राज्यों में 54 स्थानों पर फैले हुए हैं। इनमें से कई स्थान दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में हैं, जिससे हछ का दर्जा चुनौतीपूर्ण हो जाता है। यह उपलब्धि कंपनी की मजबूत ESG प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो परिचालन उत्कृष्टता को स्थिरता के साथ जोड़ती है।

**अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (AESL) के बारे में:** AESL, अदाणी पोर्टफोलियो का एक हिस्सा, एक बहुआयामी संगठन है जिसकी ऊर्जा क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं, जैसे बिजली पारेषण, वितरण, स्मार्ट मीटरिंग और शीतलन समाधान, में उपस्थिति है। एईएसएल देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी है, जिसकी भारत के 16 राज्यों में उपस्थिति है और इसका संचयी ट्रांसमिशन नेटवर्क 26,696 सीकेएम और 93,236 एमवीए परिवर्तन क्षमता का है। अपने वितरण व्यवसाय में, एईएसएल महानगर मुंबई और मुंद्रा एसईजेड के औद्योगिक केंद्र में 12 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करती है। एईएसएल अपने स्मार्ट मीटरिंग व्यवसाय को बढ़ा रही है और 22.8 मिलियन मीटर से अधिक की ऑर्डर बुक के साथ भारत की अग्रणी स्मार्ट मीटरिंग इंटीग्रेटर बनने की राह पर है। एईएसएल, समानांतर लाइसेंस और प्रतिस्पर्धी और अनुरूप खुदरा समाधानों के माध्यम से अपने वितरण नेटवर्क के विस्तार के माध्यम से अपनी एकीकृत पेशकश के साथ, जिसमें हरित ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शामिल है, अंतिम उपभोक्ता तक ऊर्जा पहुंचाने के तरीके में क्रांति ला रही है।

## केसीआईएएम का कर्टेन रेजर और विजन लॉन्च

# भारत को वैश्विक मध्यस्थता का केंद्र बनाएगा केसीआइएएम : जज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता एवं मध्यस्थता केंद्र (केसीआईएएम) का कर्टेन रेजर और विजन लॉन्च शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित न्यायाधीश, न्यायविद और कानूनी विशेषज्ञ शामिल हुए। अतिथियों ने इस पहल को भारत को वैश्विक मध्यस्थता मानचित्र पर स्थापित करने को दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने केसीआईएएम की स्थापना को एक

'समयानुकूल और दूरदर्शी' पहल बताया और कहा कि इसमें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करके, सहयोग को बढ़ावा देकर, भावी मध्यस्थों को प्रशिक्षित करके और सर्वोत्तम प्रथाओं में अनुसंधान को बढ़ावा देकर बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की क्षमता है। उन्होंने रेखांकित किया, केसीआईएएम न केवल इस क्षेत्र की सेवा करेगा, बल्कि मध्यस्थता के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के व्यापक दृष्टिकोण में सार्थक योगदान देगा। कीट और केआईएसएस के संस्थापक डा अच्युत सामंत इस अवसर पर उपस्थित थे, जहां केसीआईएएम की वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायमूर्ति अब्दुलकावी ए यूसुफ ने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता भारत के इतिहास में गहराई से निहित है और यह नया केंद्र देश में संस्थागत मध्यस्थता के एक नए युग का सूत्रपात करेगा।

# किसान सलाहकारों की आग : न्याय और हक की लड़ाई का ऐतिहासिक मोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ अब केवल सम्मान और मानदेय नहीं, बल्कि मेहनत और अधिकारों की अनदेखी पर होगी सरकार से सीधी टक्कर

**पूर्णिया।** वर्षों से खेतों में किसानों के लिए सेवा करते हुए, अपनी मेहनत और मेहनत के महत्व की अनदेखी झेल रहे किसान सलाहकार अब चुप नहीं रहेंगे। 4 अक्टूबर को बापू सभागार, पटना में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और कृषि मंत्री विजय कुमार सिंह के समक्ष बिहार के सभी किसान सलाहकार अपनी लंबित मांगों को मजबूती से रखेंगे। यह कदम केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि हक की लड़ाई का निर्णायक मोड़ होगा।

पूर्णिया जिला किसान सलाहकार संघ की बैठक में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष संजीव कुमार ने की। उन्होंने कहा, 'हमारा संघर्ष अब केवल मानदेय वृद्धि तक सीमित नहीं रह सकता। अस्थायी दर्जा को स्थायी किया जाए, डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए प्रति प्लॉट मानदेय 5 रुपया से बढ़ाकर 15 रुपया किया जाए। मोबाइल खरीद के लिए 8 हजार से बढ़ाकर 20 हजार, पावर बैंक के लिए 3 हजार और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए कम से कम 1 हजार प्रति माह हर किसान सलाहकार को मिले। हमारी मेहनत का सही मूल्य हमें मिलने चाहिए।' संजीव कुमार ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की कठिनाइयों को उजागर करते हुए कहा, 'हम केवल डेटा इकट्ठा करने के लिए नहीं जाते। हमें किसानों के खेतों में जाकर कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है—जंगल, पानी और कभी-कभी जान का जोखिम भी। ऐसे परिश्रम का उचित पारिश्रमिक सरकार की जिम्मेदारी है। अब हमारी आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।' जिला सचिव मनोज कुमार सिंह और उपाध्यक्ष पोरस सिंह ने भी बैठक में जोर देकर कहा कि पटना की ओर यह कदम केवल औपचारिक सम्मान के लिए नहीं, बल्कि किसान सलाहकारों के अधिकारों और मेहनत की सराहना के लिए निर्णायक मोड़ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को अब यह संदेश देना अनिवार्य है कि किसान सलाहकारों की मेहनत और हक की अनदेखी स्वीकार्य नहीं। बैठक में अरविंद जयंत कुमार सिंह, संतोष कुमार, धनंजय सिंह, गणेश केडिया, अंशुमन जी, पंकज ठाकुर, विकास कुमार, राहुल कुमार, अब्दुल बहाव, भुवन भास्कर, सुजीत कुमार सुमन, संतोष कुमार श्रीनगर, आशीष कुमार बंटी, एकबार हुसैन, मिथुन कुमार, हेमंत कुमार, सुमीत कुमार, राजेश कुमार सिंह, अजीत कुमार आजाद, शैलेश कुमार, अवधेश कुमार विश्वास, रवीन्द्र कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, अरुण कुमार मंडल, चंदन कुमार, अवधेश कुमार यादव, पवन कुमार मेहता और मनीष कुमार सहित दर्जनों किसान सलाहकार मौजूद थे। संजीव कुमार ने अपने बयान में दृढ़ता से कहा, 'अब किसान सलाहकार चुप नहीं रहेंगे। यह रुख सरकार को स्पष्ट संदेश देगा कि उनके अधिकारों और मेहनत की अनदेखी अब स्वीकार्य नहीं। यह सिर्फ पटना की यात्रा नहीं, बल्कि न्याय और हक की मांग का प्रतीक है। हम अपने हक के लिए खड़े हैं और खड़े रहेंगे।' यह किसान सलाहकार के द्वारा किए जाने वाला आंदोलन स्पष्ट करेगा कि बिहार के किसान सलाहकार अब केवल पारिश्रमिक और सम्मान तक संतुष्ट नहीं हैं। उनका संघर्ष एक संदेश है कि मेहनत का उचित मूल्य और अधिकारों का सम्मान हर सरकारी नीति का आधार होना चाहिए। 4 अक्टूबर को पटना में उनके कदम यह तय करेंगे कि किसान सलाहकार की मेहनत और आवाज कितनी मायने रखती है।

# आज मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## चारों ओर भक्ति की गूंज

**पूर्णिया।** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर रविवार को श्रद्धालु माता के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना में लीन रहे, वहीं सोमवार को अर्थात आज मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना के लिए श्रद्धा और आस्था का माहौल चरम पर है। गांव से लेकर नगर तक के हर गली-मोहल्ले, मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तिभाव की ऐसी छटा बिखरी है कि चारों दिशा मां की महिमा से गुंजायमान हो उठी है।

भक्ति गीतों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण साकार हो उठा है। लाउडस्पीकरों से गूंजते जयकारों के साथ मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम जारी है। धूप, दीप और पुष्प से सजी आरती के दौरान वातावरण में फैली सुगंध चारों ओर अलौकिक अनुभूति करा रही है। शंखध्वनि और घंटियों की मधुर टंकार से पूरा क्षेत्र मां की आराधना में डूबा हुआ प्रतीत हो रहा है।

मां कालरात्रि का स्वरूप अपने नाम के अनुरूप अत्यंत प्रभावशाली और भयानक प्रतीत होता है, परंतु भक्तों के लिए यह स्वरूप अत्यंत कल्याणकारी माना गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, मां कालरात्रि अपने भक्तों के सभी भय और संकटों का नाश करती हैं। मां का यह स्वरूप तमो गुण का प्रतीक है, जो अंधकार का नाश कर प्रकाश और ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता है। सोमवार को भक्तगण मां कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना कर जीवन से नकारात्मक शक्तियों के अंत और सद्गुणों की स्थापना का संकल्प लेंगे।नवरात्र के सातवें दिन मां की उपासना करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है। यह दिन शक्ति साधना का चरमोत्कर्ष माना जाता है। मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है और भक्तों द्वारा पूरे भक्ति भाव से मां की आराधना हेतु तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालुओं की उमंग और उत्साह देखते ही बनता है। पूरा नगर भक्ति रस में सराबोर है। ऐसा माना जाता है कि मां कालरात्रि की आराधना से जीवन में आने वाले अंधकार, भय, रोग, शत्रुता और नकारात्मकता का अंत होता है। श्रद्धा और विश्वास के इस महासंगम में हर भक्त मां से एक ही प्रार्थना कर रहा है कि उनके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैले और धर्म, साहस व सत्य की विजय हो।

## हृदयनगर की आस्था से गूंजता शक्तिपीठ

# सती के हृदय से जुड़ा है मां हृदेश्वरी धाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



■ विदेशों तक गूंजती है मां भगवती की महिमा, नवरात्र में उमड़ता है श्रद्धालुओं का सैलाब

**बनमनखी/पूर्णिया।** पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड अंतर्गत काझी हृदयनगर स्थित हृदेश्वरी दुर्गा शक्तिपीठ की ख्याति न केवल कोसी-सीमांचल बल्कि पड़ोसी देशों तक फैली हुई है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान शिव सती के शरीर को लेकर विचरण कर रहे थे, तभी सती का हृदय इसी स्थान पर गिरा था। तभी से यह धाम "हृदयनगर" के नाम से विख्यात हुआ और 52 शक्ति पीठों में से एक के रूप में इसकी पहचान स्थापित हुई।

मां हृदेश्वरी धाम की महिमा इतनी अद्भुत मानी जाती है कि यहां भक्तजन नवरात्र के अवसर पर विशेष रूप से जुटते हैं। कोशी-सीमांचल क्षेत्र के अलावा नेपाल, बंगाल, झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु मां के दर्शन हेतु यहां पहुंचते हैं। स्थानीय बुजुर्गों का मानना है कि यह मंदिर हजारों वर्षों पूर्व से स्थापित है और अपनी शक्ति-साधना की परंपरा को निरंतर जीवित रखे हुए है। मंदिर परिसर में मां भगवती की मिट्टी से निर्मित दो उभरे पिंड हैं, जिनकी पूजा-अर्चना परंपरागत रूप से की जाती है। नवरात्र के दिनों में श्रद्धालु मां के चरणों में प्रसाद, चुनरी और खोयंचा अर्पित करते हैं। अष्टमी तिथि को निशाबली की विशेष पूजा-अर्चना होती है, जिसके बाद माता का पट खोला जाता है। माना जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मां की आराधना करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि यहां के दरबार में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर आस्था के लोग सिर झुकाने आते हैं।

## चौपारण में आरएसएस का अनुशासित पथ संचलन, शताब्दी वर्ष पर दिखी संगठन की एकजुट शक्ति

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को चौपारण में अनुशासित और भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन जीटी रोड-19 पर केंदुआ मोड़ से आरंभ होकर चैथी मोड़, ब्लॉक मोड़, चतरा मोड़ होते हुए पुनः केंदुआ मोड़ पर समाप्त हुआ। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए, जिनकी संगठित चाल और अनुशासन ने राहगीरों एवं नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। मार्ग में स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति और संगठन के आदर्शों का संदेश दिया। पूरे संचलन के दौरान अनुशासन और शांति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। उपस्थित लोगों ने इस भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल संगठन की ताकत और अनुशासन को दशार्ते हैं बल्कि समाज में एकता, सहयोग और जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं। संघ स्वयंसेवकों ने पथ संचलन के माध्यम से अपनी शताब्दी यात्रा की उपलब्धियों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को प्रदर्शित किया। आयोजन स्थल पर मौजूद नागरिकों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जिससे चौपारण क्षेत्र में राष्ट्रीय भावना और अनुशासन का नया संचार हुआ।

## भगवान की अद्भुत लीला !

# मां की कोख से जन्मा रहस्यमयी शिशु ईश्वरीय संकेत बनकर लौटा स्वर्गलोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ बसंतपुर पोखर टोल में असामान्य रूप से जन्मे नवजात ने छोड़ी गहरी छाप, सृष्टि की अनंत लीला का हुआ साक्षात्कार

**कसबा/पूर्णिया।** कभी-कभी प्रकृति अपनी ही रचना में ऐसे संकेत देती है, जो मनुष्य की समझ से परे होते हैं। पूर्णिया जिला के कसबा प्रखंड के कुल्लाखास पंचायत अंतर्गत बसंतपुर पोखर टोल वार्ड संख्या 10 में एक ऐसी ही चमत्कारी घटना घटी, जिसने पूरे क्षेत्र को विस्मय और श्रद्धा से भर दिया।

यहां के निवासी तेजू ऋषि की पत्नी पूनम देवी ने एक ऐसे शिशु को जन्म दिया, जिसका स्वरूप सामान्य नहीं था— न उसके पैर थे, न ही उसका कोई निश्चित लिंग पहचाना जा सका। पैरों के स्थान पर एक छोटी पूंछ थी, मानो प्रकृति ने अपनी अनोखी लीला का कोई अद्भुत रूप धरती पर उतारा हो।जब यह बात गांव में फैली, तो लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई उस अद्भुत रचना को देखने को आतुर था। ग्रामीणों ने श्रद्धा और कौतूहल से भरे मन से उसे "जलपरी" कहकर पुकारा, जैसे सृष्टि किसी पौराणिक कथा का अंश बनकर मानव जीवन को ईश्वरीय संकेत दे रही हो। परंतु यह दिव्य जीवन शायद केवल एक संदेश लेकर आया था। जन्म के लगभग एक घंटे बाद ही यह रहस्यमयी शिशु इस संसार से विदा होकर किसी अनंत लोक में विलीन हो गया।

गांव के लोगों का कहना है कि यह घटना भगवान की अद्भुत लीला है। सृष्टि समय-समय पर ऐसे चमत्कारों के माध्यम से हमें यह याद दिलाती है कि हर जीवन किसी न किसी संदेश का वाहक होता है। चाहे वह जीवन क्षणिक ही क्यों न हो, वह मनुष्य को प्रकृति की शक्ति, ईश्वर की योजना और जीवन की गूढ़ता का बोध कराता है।

यह घटना एक बार फिर इस सत्य को रेखांकित करती है कि ईश्वर की रचना में रहस्य अनंत हैं, और हर जन्म अपने साथ एक ऐसी कहानी लाता है, जो मानवता को सोचने, समझने और श्रद्धा में झुकने को विवश कर देती है।

# वंचितों के लिए सरकार की बड़ी पहल : बनमनखी में विशेष राशन कार्ड अभियान : विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनमनखी/पूर्णिया।** सरकार ने राशन कार्ड से वंचित परिवारों को जोड़ने के लिए बनमनखी प्रखंड में विशेष अभियान की शुरूआत की है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निदेशार्नुसार पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पात्र लाभुकों का राशन कार्ड तुरंत बनाया जाएगा।

इस अवसर पर बनमनखी विधायक एवं सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर रोस्टर जारी कर दिया गया है। पंचायत भवन या सामुदायिक भवन में अधिकारी एवं प्रतिनियुक्ति कर्मी लैपटॉप के साथ उपस्थित रहेंगे और वंचित परिवारों के राशन कार्ड बनाएंगे। नियत तिथि पर सभी आवेदन बिहार सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे और आवेदकों को पावती प्रदान की जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। नए राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने या हटाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी लाभुकों को उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राशन कार्ड का निर्माण केवल नियमों के आधार पर किया जाएगा।विधायक श्री ऋषि ने बताया कि बनमनखी प्रखंड में अब तक कुल 67,738 पीएचएच कार्ड और 6,325 अंत्योदय कार्ड बनाए जा चुके हैं। इससे लगभग 2 लाख 90 हजार पात्र लाभुक सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। पूर्व में बने राशन कार्डों का वितरण भी जारी है।

विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित करने वाले कार्यपालक सहायक और उनकी तिथियां इस प्रकार हैं:

**23-9-25 :** अभय राम चकला (अनिल कुमार), बोहरा (सोनू कुमार)।

**24-9-25 :** चांदपुर भंगहा (सोनू कुमार), धरहरा (सोनू कुमार)।

**25-9-25:** धरहरा चकला भुनाई (प्रेम कुमार, पिंटू महतो)।

**26-9-25 :** हरीमुढी (मोहम्मद जफर), जीयन गंज (अनिल कुमार)।

**27-9-25 :** काझी हृदय नगर (दिलीप कुमार चौधरी), कोसी शरण देवोतर (दिलीप कुमार चौधरी)।

**3-10-25 :** कचहरी बलुवा (संजय कुमार, प्रेमचंद कुमार)।

**4-10-25 :** महादेवपुर (अनिल कुमार), महाराजगंज वन (पिंटू महतो)।

**5-10-25 :** महाराजगंज टू (पिंटू महतो), मझुआ प्रेमराज (संजय कुमार)।

**6-10-25 :** मोहनिया चकला (प्रेम कुमार), नौलखी (मोहम्मद जफर)।

**7-10-25 :** पिपरा (प्रेमचंद कुमार)।

**8-10-25 :** रामनगर फरसही मिलिक (दिलीप कुमार चौधरी)।

**9-10-25 :** रामपुर तिलक (मोहम्मद जफर), रुपौली दक्षिण (प्रेम कुमार)।

**10-10-25 :** रुपौली दक्षिण (प्रेम कुमार), रुपौली उत्तर (संजय कुमार), सहुरिया सुवहाय मिलीक (प्रेमचंद कुमार)।

# 12 को आरंभ होने वाले पोलियो उन्मूलन अभियान कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** जिले में आगामी 12 अक्टूबर से आरंभ होने वाले पोलियो उन्मूलन अभियान से संबंधित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज यहां किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार , एसएमओ डॉ अमर राज एवं यूनिसेफ के एसएमसी अमित कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद ने कहा कि इस अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष के तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी, जो आगामी 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चलेगा। जबकि इसके बी टीम का कार्य 18 अक्टूबर को होगा। इसके लिए सभी प्रशिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने डा धनंजय कुमार ने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बीएलटीएफ और पर्यवेक्षक टीम का प्रशिक्षण आवश्यक करा लें। इसके साथ ही सभी प्रखंडों में पोलियो कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए प्रचार- प्रसार सामग्रियों का पहुंचना जरुरी है।ताकि प्रचार प्रसार ठीक से हो सके। डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ अमर राज, यूनिसेफ के एसएमसी अमित कुमार, पीसीआई के आनंद कुमार एवं यूएनडीपी के संदीप सिंह ने स्लाइड प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड मूल्यांकगण एवं अनुश्रवण पदाधिकारी एवं यूनिसेफ के बीएमसी आशुतोष कुमार मौजूद थे।

# बिहार में तीन नई अमृत भारत व चार पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन होगा प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार को एक और महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 03 अमृत भारत एक्सप्रेस - मुजफ्फरपुर से हैदाराबाद के समीप चर्लपल्ली के मध्य, दरभंगा से अजमेर के समीप मदार जं. के मध्य तथा छपरा से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य अमृत भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। मुजफ्फरपुर से चर्लपल्ली के चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से दक्षिण भारत के लिए पहली अमृत भारत ट्रेन होगी जबकि छपरा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार से दिल्ली के लिए छठी अमृत भारत ट्रेन होगी। यह अत्याधुनिक स्वदेशी ट्रेन यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव देगी। ये ट्रेनें बिहार को देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत और दक्षिण भारत से तेज़ और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। इनके संचालन से राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा और पर्यटन, व्यापार तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। भारतीय रेलवे द्वारा विकसित अमृत भारत एक्सप्रेस आज देश की रेलवे प्रणाली के आधुनिकीकरण की मिसाल बन चुकी है। यह ट्रेन सिर्फ एक तेज़ और किफायती यात्रा का विकल्प नहीं है, बल्कि इसमें सेमी-ऑटोमेटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे, और टॉकबैक यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। पहली बार नॉन-एसी कोच में भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक अपनाई गई है। इससे पहले बिहार को 10 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा मिल रही है और अब इन 03 नई अमृत भारत ट्रेनों के शुरू होने से राज्य की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। यह विकसित बिहार से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गाड़ी सं. 15293/15294 मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली-मुजफ्फरपुर अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक) हाजीपुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्ससर, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, काजीपेट के रास्तेह चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 19623/19624 मदार-दरभंगा-मदार अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक) कमतौल, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, गोमतीनगर, कानपुर, टुंडला, जयपुर के रास्ते् चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 15133/15134 छपरा-आनंद विहार-छपरा अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) सिवान, थावे, कप्ताजनगंज, गोरखपुर, बस्तीु, गोंडा, ऐशबाग (लखनऊ), कानपुर के रास्ते चलायी जाएगी। वहीं पैसेंजर ट्रेनों में गाड़ी सं. 75271/75272 नवादा-पटना-नवादा डेमू पैसेंजर शेखपुरा, बरबीघा, अस्थाववां, बिहार शरीफ, नुरसराय, दनियावां, तोप सरथुआ, फाजिलचक, जटडुमारी, पुनपुन के रास्तें रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 75273/75274 इसलामपुर-पटना-इसलामपुर डेमू पैसेंजर पुनपुर, जटडुमरी, फाजिलचक, तोप सरथुआ, दनियावां, हिलसा के रास्तेच रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 53201/53202 पटना-बक्सर-पटना फास्ट पैसेंजर दानापुर, आरा के रास्ते/ रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 53203/53204 झाझा-दानापुर-झाझा फास्ट पैसेंजर पैसेंजर जमुई, किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, फतुहा के रास्तै रविवार को छोड़कर सप्ताुह में छह दिन चलायी जाएगी।

## बिहार को इन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की मिली सौगात

1. दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
2. सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस
3. राजेन्द्रनगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
4. बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
5. दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6. मालदा टाउन-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
7. सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8. गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
9. जोगबनी-ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
10. सहरसा-छैहरटा (अमृतसर)-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
11. मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस
12. ब्रह्मपुर-उधना (सूरत) अमृत भारत एक्सप्रेस
13. मुज़फ़्फ़रपुर-चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस (29 सितंबर से प्रारंभ)
14. छपरा- दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस (29 सितंबर से प्रारंभ)
15. दरभंगा-मदार (अजमेर) अमृत भारत एक्सप्रेस (29 सितंबर से प्रारंभ)



# बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा थाना अंतर्गत जकरिया निवासी स्व सरयू यादव के 40 वर्षीय पुत्र शीतल यादव की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गयी। मृत्यु की सूचना पर पैक्स अध्यक्ष महेश सिंह ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि मृतक खेतिहर किसान था तथा खेती के कार्य हेतु बधार तरफ गए थे हां तेज हवा की वजह से 11000 का तार टूटकर गिर गया था। उसी तार के संपर्क में आने से उनकी मृत्यु हो गई है। उनलोगों ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया तथा मुआवजा हेतु जिला प्रशासन से बात कर अविलंब राशि भुगतान करने का आग्रह किया। यह अत्यंत दुखद घटना है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और पीड़ित परिजनों को संबल प्रदान करें। इस संबंध में थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि शनिवार को शाम बिजली करंट के चपेट में आने से 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार कागजी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को मिलने वाली आपदा राशि प्रदान की जाएगी। मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सर्पदंश से मौत

**हसपुरा (नबिटा संवाददाता)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के पथरौल गांव में सर्पदंश से 52 वर्षीय किसान रविशंकर शर्मा की मौत हो गयी। बताया जाता है कि रविशंकर शर्मा रविवार को दोपहर में धान देखने गए थे जहां किसी विषैले सांप ने काट दिया। सर्पदंश के बाद रविशंकर शर्मा को परिजन इलाज के लिए गया ले जा रहे थे लेकिन मगध मेडिकल कॉलेज पंहुचते ही उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही हसपुरा पुलिस पथरौल पहुंच शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है।

# औरंगाबाद प्रमंडल में 163587 उपभोक्ताओं का बिजली बिल हुआ शून्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली पूर्ण अनुदान पर दिए जाने की योजना का लाभ अब दिखने लगा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत माह में औरंगाबाद विद्युत प्रमंडल के अंतर्गत कुल 195530 घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई गई है। इन उपभोक्ताओं में कुल 163587 उपभोक्ताओं का बिजली खपत 125 यूनिट से कम होने के कारण उनका बिजली बिल शून्य रुपए का निर्गत किया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभिन्न प्रखंडों एवं विद्युत कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित कर उनकी शिकायत के आलोक में त्वरित कार्रवाई कर उसका निवारण किया जा रहा है। इस अभियान में उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल गड़बड़ी, मीटर खराब होने, स्मार्ट मीटर से संबंधित तथा नए बिजली कनेक्शन संबंधित कुल 82 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 56 आवेदन का निराकरण तत्काल कर दिया गया, शेष के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर में एवं विशेष मोबाइल माइकिंग के जरिए उपभोक्ताओं के लिए सजगता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें मुफ्त बिजली से संबंधित किसी भी धोखाधड़ी से बचने, सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से प्रत्येक घरेलू कनेक्शन को बिना किसी निबंधन अथवा आवेदन के स्वतः 125 यूनिट बिजली मुफ्त दिए जाने के लाभ और स्मार्ट मीटर एवं पोस्टपेड मीटर को उपभोक्ता को समान सुविधा दिए जाने के सरकार की योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की कि राज्य सरकार की योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

# हृदय रोग से बचाव जीवनशैली में बदलाव से ही संभव : डॉ बी के सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**विश्व हृदय दिवस आज**



**औरंगाबाद।** विश्व हृदय दिवस के मौके पर बिहार के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ बी. के. सिंह ने कहा कि आज हृदय रोग केवल उम्रदराज लोगों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि युवा वर्ग भी इसकी चपेट में तेजी से आ रहा है। उन्होंने कहा कि अनियमित दिनचर्या, फास्ट फूड की आदत, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी हृदय को समय से पहले ही कमजोर बना रही है। डॉ सिंह ने कहा, ्लहमारे देश में हर चार में से एक मौत हृदय रोग की वजह से होती है। यह आंकड़ा चिंताजनक है, लेकिन अच्छी बात यह है कि हृदय रोग का 80 प्रतिशत खतरा केवल जीवनशैली में सुधार कर टाला जा सकता है। लोगों को यह समझना होगा कि रोकथाम इलाज से कहीं बेहतर और आसान है। उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए पांच बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिसमें संतुलित आहार प्रमुख है। भोजन में हरी सब्जियाँ, मौसमी फल, साबुत अनाज और कम तेल-नमक का उपयोग करें। तले-भुने और जंक फूड से परहेज करें। नियमित व्यायाम जरूरी है। प्रतिदिन कम से कम आधे घंटे की वॉकिंग, योग या हल्का व्यायाम करें। व्यायाम न केवल हृदय बल्कि पूरे शरीर की कार्यक्षमता बढ़ाता है।तनाव प्रबंधन भी महत्वपूर्ण कारक है। भाग-दौड़ भरी जिंदगी में तनाव से बचना मुश्किल है, लेकिन ध्यान, संगीत, किताब पढ़ने या परिवार के साथ समय बिताने से तनाव कम किया जा सकता है। 30 वर्ष की उम्र के बाद हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और शुगर की जांच करानी चाहिए। हानिकारक आदतों से दूरी भी जरूरी है। धूम्रपान और शराब हृदय की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। इनसे पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी है। डॉ सिंह ने कहा कि हृदय रोग का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इसके शुरुआती लक्षणों को लोग गंभीरता से नहीं लेते। अक्सर सीने में दर्द, थकान, सांस फूलना या बेचैनी को नजरअंदाज कर दिया जाता है। जबकि ये संकेत तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेने की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ग्रामीण इलाकों में हृदय रोग की पहचान और इलाज को लेकर अभी भी जागरूकता की भारी कमी है। गांव के लोग अक्सर तब तक इलाज के लिए नहीं आते जब तक हालत गंभीर न हो जाए। हमें प्राथमिक स्तर पर ही जागरूकता फैलानी होगी और लोगों को यह समझाना होगा कि समय पर जांच और इलाज से हृदय रोग की जटिलता से बचा जा सकता है। अंत में डॉ बी. के. सिंह ने कहा कि हृदय रोग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का नहीं बल्कि सामाजिक चुनौती भी है। अगर हम आज से अपनी आदतें बदल लें, तो आने वाली पीढ़ियों को भी एक स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं। जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव ही लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन का सबसे बड़ा आधार हैं।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सौ से अधिक मरीजों का उपचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भगवान सूर्य नारायण की नगरी देव में रविवार को देव सूर्य मंदिर के समीप स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन लाइफ लाइन हॉस्पिटल द्वारा किया गया था। इसमें 100 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच करा दवा आदि प्राप्त कीं। शिविर में पूर्व वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डा. सरताज खान और सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डा. देवेंश भट्ट की देखरेख में मरीजों की जांच की गई। इस दौरान लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन सहित अन्य रोगों की जांच बिल्कुल मुफ्त की गई। जांच के बाद मरीजों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण भी निशुल्क किया गया। डा. सरताज खान और डा. देवेंश भट्ट ने कहा कि सूर्य नगरी देव की धार्मिक और सामाजिक महत्ता को देखते हुए यहां लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। बताया कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर अब हर रविवार को आयोजित किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम में लाइफ लाइन अस्पताल के प्रबंधक अमलेश कुमार, रंजीत कुमार, सत्येंद्र यादव, राम इकबाल सिह, राहुल कुमार समेत अस्पताल कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मुख्यमंत्री ने हर गांव व मुहल्ले का किया विकास : वीरेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास को हर गांव और मुहल्ले तक पहुंचाने का काम किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में जो सुधार हुआ है, वह जदयू सरकार की उपलब्धि है। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम करता है। पहले भी उनलोगों ने कोई विकास का काम नहीं किया जबकि जदयू जनता के विश्वास पर खरा उतर रही है। अब हर तरफ 2025 फिर से नीतीश का नारा लगाया जा रहा है। वे रविवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के जनकोप ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' कर रहे थे। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों से कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने शांति, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया है। ऐसे में आने वाला समय भी जदयू का ही है। राजद की राजनीति सिर्फ जात-पात और परिवारवाद तक सीमित है। जनता अब इनसे ऊब चुकी है। आने वाले चुनाव में इसका असर साफ दिखेगा। जनता इस बार मन बना ली है। नीतीश कुमार का विकास मॉडल ही बिहार की असली पहचान बनेगा। बारून प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद ने हबसपुर, पोखराही, नदीयाई, कुशा, बसडीहा, उर्दीना, दल करमा, उर्दीना, नवादा, प्रितमपुर, कोसडीहरा, जनकोप, चंदौली एवं सनथुआ गांव में जन संवाद यात्रा किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत भी किया। यात्रा में सुरेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव, अशोक कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, नागेंद्र सिंह, लालमोहन शर्मा, सुरेंद्र पंडित, गुड्डू दुबे, अशोक पटेल आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की जन संवाद यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# पूजा पंडालों में अगलगी से बचाव को लेकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने रविवार को दुर्गा पूजा कमेटी के लोगों को पंडालों का निरीक्षण करने के साथ-साथ आग से सुरक्षा के सरकारी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने की नसीहत दी। इसके अलावा संभावित अगलगी के दौरान पंडाल के समीप आपातकालीन निकास मार्गों को सुनिश्चित करने को लेकर पूजा कमेटी समेत ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान सहायक जिला अगनिशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद ने आग से बचाव की जानकारी के साथ-साथ अग्निशमन यंत्र सहित आग बुझाने की सामग्री रखने को लेकर निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने सभी मंदिर कमेटी एवं पूजा पंडाल कमेटी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर एवं पंडालों में स्थापित प्रतिमा के समीप दीप, धूप अगरबत्ती जलाने का सुरक्षित एक स्थान चिन्हित करेंगे। ताकि श्रद्धालुओं उस स्थल पर दीप धूप अगरबत्ती जलायें। मंदिर परिसर, पूजा पंडाल मे नंगे तार का उपयोग नहीं करेंगे। पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र के साथ साथ बालू एवं पानी की भी व्यवस्था उपलब्ध रखेंगे। ताकि अग्निकांड की घटना घटने पर उस पर तुरंत काबू पाया जा सके। इस अवसर पर अग्निक हरेराम सिंह एवं अन्य कर्मियों द्वारा आग से बचाव हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

# डीएम-एसपी ने लिया सुरक्षा बलों के आवासन स्थल का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सुरक्षित एवं सुचारू आवासन हेतु निर्धारित स्थलों का संयुक्त निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाराणा प्रताप कॉलेज, देव एवं सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज का दौरा किया गया, जहां पर बलों के ठहराव हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बलों के ठहराव स्थलों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, जैसे शौचालय, स्नानागार, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, जनरेटर की व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल निर्वाचन प्रक्रिया में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके ठहराव एवं सुविधा से संबंधित समुचित व्यवस्था समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आवासन स्थलों पर किसी प्रकार की कमी न रह जाए और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए। साथ ही अधिकारियों को यह भी कहा गया कि समय-समय पर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

# पुलिस को तत्काल दें संदिग्ध गतिविधियों की सूचना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा का शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु नवीनगर थाना परिसर में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दुर्गा पूजा पर्व एवं आगामी पर्व-त्योहारों के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा को प्रभावी बनाने तथा जनसामान्य में भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को प्रोत्साहित करने पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्ती एवं पैदल गश्ती दल की व्यवस्था, सुरक्षा चेकिंग और वीडियो निगरानी के साथ-साथ संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल थे। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह, आपत्तिजनक गतिविधि, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों या सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने वाले कृत्यों पर शीघ्र और कड़ी कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अपील की कि वे सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें, सांप्रदायिक सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह या ग़लत सूचना से बचें। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान अपने आसपास की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं भी लें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उपस्थित सभी शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न पूजा समितियों सदस्य के एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने इस निर्णय को सराहा और सामाजिक सौहार्द, भाईचारा तथा शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर, अंचल अधिकारी नबीनगर, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न पूजा समिति के सदस्य एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डांडिया सह गरबा उत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के बंधन पैलेस में तत्पर युवा मंच द्वारा लगातार छठी बार डांडिया सह गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन स्थल अपने साज सज्जा और आकर्षक लाइटिंग, महिलाओं और बच्चों द्वारा गरबा पोशाक और भी कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा रही थी। रंगीली मारो ढोलना, घूंघट में चांद होगा, आंचल में चांदनी, जुगनी जुगनी, नगाड़े संग ढोल बाजे सहित गानों में आगंतुक देर रात झूमते रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत संस्था के संरक्षक, रेडक्रॉस चेयरमैन सह भाजपा के जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, मार्गदर्शक शिव गुप्ता, अजीत चंद्रा, पंकज वर्मा, रेडक्रॉस सचिव दीपक कुमार ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पण सह दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संरक्षक सतीश कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पहले बड़े-बड़े शहरों में होता था। इतनी बड़ी संख्या में अपने घर की महिलाएं ऐसा दिव्य आयोजन में शामिल हो रही है उससे पता चलता है कि अपना जिला औरंगाबाद मानसिक रूप से कितना बदल रहा है और नए और अच्छे चीजों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार रहता है। नवरात्र में गरबा सह डांडिया नृत्य का सांस्कृतिक महत्व शुरू से रहा है। हर वर्ष यह आयोजन और भी बड़ा रूप लेते जा रहा है जिससे आयोजक मंडल को ऐसा लगने लगा है कि या तो कार्यक्रम दो दिवसीय करने पड़ेगा या कुछ और निष्कर्ष निकालना होगा जिससे वहां सम्मिलित सभी लोगों को और भी सहूलियत हो सके। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने कहा कि आज तत्पर युवा मंच ने जो शुरुआत की की है उसे पूरा शहर अपना रही है और अपने-अपने तरीका से ऐसा आयोजन करवा रहा है। इस मौके पर ऋतिक सिह, अक्षय कुमार, आर्यन राज, रौनक सिन्हा, सौरभ कुमार, पीयूष, अपराजिता सिह, सोनाली कुमारी, प्रिया सिह, परी कुमारी, अतुल्य कुमारी, भोला, मोनू, धीरज, गुड्डू, अविनाश, भोला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महिला चिकित्सक से अभद्र व्यवहार, कार्रवाई की मांग

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बारून प्रखंड के सिरिस स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी के दौरान एक महिला चिकित्सक से अभद्र व्यवहार किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता डॉ. कुसुम कुमारी ने बारून थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अपने आवेदन में डॉ कुसुम कुमारी ने बताया कि वे चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में सिरिस स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित हैं। 26 सितंबर की दोपहर अस्पताल में मरीजों को देख रही थीं। इसी दौरान सिरिस गांव का अमरेश पासवान अस्पताल में आया और खुद को दिखाने के बहाने से पास में बैठ गया। इसके बाद उसने अभद्र व्यवहार किया।